आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 11:19 तक उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 जून 2025
वर्ष 35, अंक 151, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल : उच्च सदन में अल्पमत में ओली सरकार 14

हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं 12

## एक नजर

### टैक्स मांगने पर टोल कर्मी पर चलाई गोली

**कपूरथला।** जालंधर-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढिलवां टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आधी रात के बाद एक कार टोल प्लाजा पर पहुंची। जब टोल कर्मचारियों ने चालक से टोल टैक्स मांगा तो उसमें से एक व्यक्ति बाहर आया और उसने गोलीबारी शुरू कर दी। टोल कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

### एनआईए ने होशियारपुर में की छापेमारी

**होशियारपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की दो टीमों ने गुरुवार तड़के उड़मड़ के गढ़ी मोहल्ला में दो घरों पर छापेमारी की। छापेमारी सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई और करीब छह घंटे तक चली। पुलिस सूत्रों अनुसार, अभियान के दौरान एनआईए की टीमों ने व्यापक तलाशी ली और वहां रहने वालों से पूछताछ की। हालांकि, एजेंसी ने तलाशी के उद्देश्य या परिणाम का खुलासा करने से इनकार कर दिया।

### रिश्वतखोरी में कंप्यूटर ऑपरेटर को दबोचा

**धनबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड ने गुरुवार को एलआरडीसी विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसपी विनोद कुमार महतो ने बताया कि जमीन के मामले में घूस की मांग कर रहा था।

# एससीओ के साझा बयान पर हस्ताक्षर से भारत का इनकार

## पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने पर रक्षामंत्री का कदम

- **संयुक्त वक्तव्य के बिना समाप्त हुआ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन**
- **राजनाथ ने कहा-आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को त्यागना होगा**

चिंगदाओ, एजेंसी



चीन के क्रिंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने को लेकर गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मामले से परिचित व्यक्तियों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा वक्तव्य का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा कि मसौदा वक्तव्य में न तो पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रुख का जिक्र किया गया। सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक साधन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

बुधवार को किंगदाओ पहुंचे रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में बदलाव की व्यापक रूपरेखा रखी और एससीओ सदस्य देशों से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने तथा दोहरे मानदंडों को त्यागने का आग्रह किया। सम्मेलन में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून भी शामिल हुए। सिंह ने कहा कि शांति व समृद्धि, आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों तथा आतंकवादी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार देने की नीति साथ नहीं चल सकते। कहा कि अपने संकीर्ण व स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

### आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ना होगा

भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की।

# तीन सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

## भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई डॉकिंग प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी



अपने सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद शुभांशु शुक्ला।

अंतरिक्ष यान 'ड्रैगन' के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था।

यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि गुरुवार को सुबह 6:31 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे) एक्सिओम मिशन-4 के तहत स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा।

नासा के अनुसार 'डॉकिंग' प्रक्रिया भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई। अंतरिक्ष यान और आईएसएस के बीच संचार और ऊर्जा संपर्क स्थापित होने के साथ ही डॉकिंग (जुड़ने) प्रक्रिया पूरी हो गई। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। इनके अलावा, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं।

लखनऊ में जन्मे 39 वर्षीय शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे।

### बच्चे की तरह चलना, खाना-पीना सीख रहा हूं: शुभांशु

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को कहा कि वह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में एक बच्चे की तरह रहना सीख रहे हैं और जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की अपनी यात्रा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था तो निर्वात में तैरना एक अद्भुत अनुभव था। अंतरिक्ष यान से एक वीडियो लिंक के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए शुक्ला ने कहा कि बुधवार को एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण से पहले 30 दिनों तक पृथक वास के दौरान बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहने के बाद मेरे दिमाग में केवल यही विचार आया था कि हमें बस जाने दिया जाए। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से 14 दिन के लिए अंतर्ष्ट्रीराय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए थे।

# यूपी और उत्तराखंड में पीसीएस अफसर के ठिकानों पर ईडी छापे

मुख्य संवाददाता, देहरादून/बरेली

- **एनएच-74 चौड़ीकरण घोटाला से जुड़ा है मामला**
- **सीतापुर और बरेली जिले में भी टीम ने की छानबीन**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-74 चौड़ीकरण घोटाले के वर्ष 2017 के एक मामले से जुड़े धन शोधन जांच के तहत गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने उत्तराखंड के एक पीसीएस अधिकारी के देहरादून, काशीपुर, बरेली और सीतापुर के ठिकानों पर छापा मारा।

पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह वर्तमान में देहरादून स्थित डोईवाला चीनी मिल के कार्यकारी निदेशक हैं। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में उनसे जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी की गई। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में ईडी की दो टीमों ने डीपी सिंह और उनके भाई एनपी सिंह के महोली इलाके के भुड़िया और बद्दापुर गांव स्थित आवासों पर साक्ष्य संकलित किए। वहीं, ईडी टीम ने बरेली में डीपी के बिथरी चैनपुर स्थित इंटरनेशनल सिटी कॉलोनी स्थित आवास पर छापा मारा। घर पर कोई मौजूद नहीं मिला लेकिन टीम ने देर शाम तक कागजात खंगाले।

# चांद दिखा, पहली मोहर्रम आज

**लखनऊ।** शिया व सुन्नी चांद कमेटियों ने मोहर्रम का चांद हो जाने का एलान कर दिया है। 27 जून दिन शुक्रवार को पहली मोहर्रम होगी।

मरकज़ी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी और मरकजी चांद कमेटी के फिरंगी महल के महासचिव मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने बताया कि 26 जून को मोहर्रम का चांद हो गया है। इसलिए 27 जून 2025 को पहली मोहर्रम और 6 जुलाई को यौमे आशूरा मनाया जाएगा। मोहर्रम के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने कल ही छोटे व बड़े इमामबाड़े का दौरा किया था।

# भागवताचार्यों की पिटाई पर बवाल, फायरिंग

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

- **भीड़ के पथराव में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त**
- **एक दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया**



इटावा में उपद्रव कर रहे युवकों को खदेड़ती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के दांदरपुर में पहले भागवताचार्यों के बाल घोंटने और फिर उन्हीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर गुरुवार को खासा बवाल हुआ। अहीर रेजीमेंट की मांग करने वाले यादव समाज के युवाओं ने थाने के सामने नारेबाजी करते हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने लाठियां पटककर खदेड़ा तो भीड़ दांदरपुर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को रोका तो पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने हवाई फायरिंग कर भीड़ को खदेड़ा।

क्षेत्र के दांदरपुर में यादव विरादरी के भागवताचार्यों के साथ हुई बदसलूकी का मामला गहराता जा रहा है। बुधवार की देर रात दो भागवताचार्यों मुकटमणि यादव और संत सिंह यादव के खिलाफ फर्जी आधार कार्ड रखने और जाति छिपाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसको लेकर गुरुवार को अहीर रेजीमेंट की मांग करने वाले 300 से अधिक युवाओं ने बकेवर थाने के सामने नारेबाजी करते हुए कानपुर -आगरा हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर बकेवर, भरथना, लवेदी, ऊसराहार थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने लाठियां पटककर जाम लगाए लोगों को खदेड़ा। इसके बाद भीड़ दांदरपुर गांव के लिए कूच कर गई।

दांदरपुर से कुछ पहले ही लुधियानी-निबाड़ीकला मार्ग पर भारी पुलिस बल मुस्तैद था। पुलिस ने गांव में जाने से रोका तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। एसपी ग्रामीण श्रीष चंद्र भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए दो राउंड फायरिंग की। इसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। पुलिस ने एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस देर शाम तक दांदरपुर गांव में डटी रही। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव भी गांव पहुंचे।

# डीटीयू के कुलपति धनंजय जोशी ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) के पहले कुलपति (वीसी) प्रोफेसर धनंजय जोशी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा बुधवार को उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को सौंप दिया गया, हालांकि इसे अभी आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया गया है। इस्तीफे या इसकी स्वीकृति के बारे में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। जोशी ने कहा मैंने बुधवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

# आवेदन पत्रों में गलती सुधार को यूपीएससी खोलेगा विंडो

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) इस साल होने वाली एनडीए और एनए तथा सीडीएस परीक्षाओं के लिए भरे गए आवेदन पत्रों में उम्मीदवारों की गलतियों को सुधारने के लिए सुधार 'विंडो' खोलेगा। यूपीएससी द्वारा गुरुवार को जारी बयान के अनुसार, यह 'विंडो' तीन दिनों के लिए खुलेगी और इसमें एक बार सुधार का मौका मिलेगा। संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा-दो, 2025 और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और नौसेना अकादमी (एनए)-दो, 2025 की अधिसूचना 28 मई को जारी की गई और ये 14 सितंबर को आयोजित की जाएंगी।

# मलिहाबाद में मिले लाखों कारतूस और असलहों का भारी जखीरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **हकीम के घर चल रही थी असलहा फैक्ट्री, परिजन हिरासत में**
- **भारी मात्रा में जानवरों की खाल सींग व अन्य सामान बरामद**

**अमृत विचार :** मलिहाबाद के मिर्जागंज इलाके में हकीम सलाउद्दीन उर्फ लाला के घर पर बड़े पैमाने पर असलहा बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। गुरुवार की रात मलिहाबाद पुलिस ने हकीम के घर पर छापेमारी की।

सर्च ऑपरेशन के दौरान घर से पुलिस ने भारी संख्या में असलहे, लाखों की संख्या में कारतूस, असलहा बनाने में प्रयुक्त उपकरण और प्रतिबंधित जानवरों की खाल व सींग बरामद किया। पुलिस सलाउद्दीन व उसके परिवार के लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि मिर्जागंज में पुराने पिक्चर हॉल के पीछे रहने वाले सलाउद्दीन (70) के घर में अवैध असलहों का भंडारण किया गया है। इस सूचना पर एसीपी मलिहाबाद विनीत सिंह ने मलिहाबाद, रहीमाबाद व माल थाने की पुलिस के साथ छापेमारी की। सर्च ऑपरेशन के दौरान करीब दो सौ मीटर के दायरे में किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया गया। छापे के दौरान घर में सलाउद्दीन, ओवैश व दो महिलाएं मौजूद थीं। सभी को हिरासत में लेकर पुलिस ने तलाशी ली तो घर से भारी मात्रा में असलहा, कारतूस, बारूद, प्रतिबंधित जानवरों की सींग और खाल समेत अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कारतूसों की संख्या इतनी है कि उन्हें करीब 20 से ज्यादा झोलों में भरा गया है। एसीपी मलिहाबाद विनीत सिंह वहां मौजूद लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। बरामद असलहों में डीबीबीएल, एसबीबीएल, पिस्टल, 312 व 315 बोर के तमंचे हैं।

# गैर मान्यता प्राप्त 345 दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये 2019 से पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। आयोग ने बताया कि इन राजनीतिक दलों के कार्यालय भी कहीं भौतिक तौर पर पता नहीं लगाया जा सका। इसने कहा कि ये 345 राजनीतिक दल देश भर के विभिन्न राज्यों से हैं। वर्तमान में आयोग के पास पंजीकृत 2,800 से अधिक राजनीतिक दल आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

# सुरक्षाबलों ने जैश आतंकी को मार गिराया

जम्मू, एजेंसी

- **उधमपुर में अभियान जारी, तीन आतंकी अब भी घिरे**
- **कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सेना सतर्क**



जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के एक वन क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि तीन अन्य आतंकी अब भी घिरे हुए हैं। अधिकारियों ने बतायाा कि चार आतंकवादियों के इस समूह की पिछले एक वर्ष से तलाश की जा रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के एक संयुक्त खोज दल ने गुरुवार को सुबह जिले में बसंतगढ़ के सुदूर बिहाली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है और खराब मौसम के बावजूद व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अभियान में अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। अभियान अभी जारी है। ऑपरेशन बिहाली कोड नाम वाला यह अभियान ऐसे वक्त में शुरू किया गया है जब एक सप्ताह बाद कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होगी।

जम्मू रेंज के आईजी भीम सेन टूटी ने बताया कि आतंकवादियों का सुबह करीब साढ़े आठ बजे पता चला। बताया कि कोहरा होने के बावजूद तलाश अभियान जारी है और मौसम में सुधार होने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि जिन आतंकवादियों को घेरा गया है, वे पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं और सेना के पैरा कमांडो की अगुवाई में संयुक्त तलाश दल ने करूर नाला के पास उन्हें छिपे हुए पाया।

# नौसेना भवन में कार्यरत बाबू जासूसी में गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- **पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को दे रहा था संवेदनशील जानकारी**
- **ऑपरेशन सिंदूर संबंधित सूचना देने को लिए थे 50 हजार रुपये**

नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में काम करने वाले एक बाबू (अपर डिवीजन क्लर्क -यूडीसी) को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने पैसों के लिए एक पाकिस्तानी जासूस को संवेदनशील रक्षा जानकारी उपलब्ध करवाई। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने आरोपी विशाल यादव को बुधवार को गिरफ्तार किया था।

पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी-सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि आरोपी यादव ने एक पाकिस्तानी जासूस को गोपनीय जानकारी साझा की जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विवरण शामिल है। इस कथित महिला जासूस ने खुद को भारतीय युवती प्रिया शर्मा बताया था। गुप्ता ने कहा कि यादव ने जानकारी देने के बदले कुल मिलाकर लगभग दो लाख रुपये प्राप्त करने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा कि इसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी लीक करने के लिए 50,000 रुपये शामिल थे।

# पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और सौरभ भारद्वाज पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी से जांच कराने की मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है।

# आम उत्पादन में यूपी अग्रणी, देश के कुल उत्पादन में 27 % हिस्सा

## इस बार राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन उत्पादन, वर्ष 2024-25 में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागवानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



> उत्तर प्रदेश से अन्य देशों में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास फलों की टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट सेंटर का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। **-दिनेश प्रताप सिंह**, कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। इस बार देश में आम के कुल उत्पादन में 27 प्रतिशत की भागेदारी उप्र. की रही है।

राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। वहीं, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी हुई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इस सत्र में प्रदेश से 40.31 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया। जबकि, इसी साल अब तक 13.5 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया है। दरअसल, राज्य में आम की लगभग 600 से अधिक प्रजातियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, आम्रपाली, रामकेला, रटौल, लखनऊ सफेदा, बाम्बेग्रीन एवं अन्य रंगीन प्रजातियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।

### इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा आम महोत्सव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ आम महोत्सव मनाने की तैयारी है। आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण आदि को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन 4 जुलाई से 06 जुलाई के बीच अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में भव्य रूप से किया जाएगा। इस दौरान यहां 600 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आम महोत्सव में उप्र. के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। महोत्सव में आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे, प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों व खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। दरअसल, पिछले साल के आम महोत्सव में 07 श्रेणियों के 58 वर्गों में लगभग 600 से अधिक आम की प्रजातियों एवं प्रसंस्कृत उत्पाद का प्रदर्शन किया गया।

## एक नजर

### निजीकरण का मसौदा निरस्त कर गठित हो जांच अथॉरिटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि राज्य विद्युत नियामक नियामक आयोग की ओर से ऊर्जा निगमों के निजीकरण का मसौदा निरस्त कर जांच अथॉरिटी गठित की जाए। परिषद की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आयोग में याचिका दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि निजीकरण के प्रस्ताव पर बड़े पैमाने पर गंभीर वित्तीय अनियमितता व संवैधानिक अनियमिता उजागर हुई है। ऐसे में नियामक आयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 128 के तहत 'इंवेस्टिगेटिंग अथॉरिटी' गठित कर पूरे मसौदे की जांच कराए, जिससे और भी गंभीर वित्तीय अनियमितता का खुलासा हो सके। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन गुपचुप तरीके से टेंडर की प्रक्रिया में आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इस पर आयोग रोक लगाए।

### मुख्य सचिव रोम के दौरे पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह रोम के दौरे पर गये हैं। मनोज कुमार सिंह का यह शासकीय दौरा है और वह 28 जून को रोम से लखनऊ लौटेंगे। विदेश दौरे पर होने के कारण एपीसी दीपक कुमार बतौर कार्यवाहक मुख्य सचिव की जिम्मेदारी निभाएंगे। मुख्य सचिव ने इस दौरे की जानकारी अपने एक्स अकाऊंट पर साझा करते हुए बताया कि उन्होंने रोम, इटली में आयोजित वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की एग्जीक्यूटिव बोर्ड मीटिंग के मौके पर उत्तर प्रदेश में टेक होम राशन (टीएचआर) का विकेंद्रीकृत उत्पादन, विषय पर तकनीकी सत्र को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि, इस सत्र में उप्र. सरकार द्वारा टीएचआर मॉडल के सफल क्रियान्वयन, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में की जा रही पहल और उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर साझा किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस आज योगी खोलेंगे योजनाओं का पिटारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में आयोजित समारोह में कई परियोजनाओं का होगा उद्घाटन

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश में एमएसएमई इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा प्रयास करने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के मौके पर शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बड़ी घोषणाएं और लोकार्पण करेंगे।

रोजगार, उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने वाली योजनाओं को गति देने वाले इस कार्यक्रम में युवाओं और कारीगरों को विशेष लाभ मिलेगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पारंपरिक उद्योगों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम कई मायनों में विशिष्ट होगा। कार्यक्रम में योगी 'सीएम युवा मोबाइल ऐप' का बटन दबाकर शुरुआत करेंगे। यह युवाओं के लिए रोजगार, परामर्श और उद्यमिता से जुड़ी सुविधाएं प्रदान करने का माध्यम बनेगा। इसी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा। लखनऊ के किसान बाजार में विकसित 'यूथ अड्डा' का भी मुख्यमंत्री योगी द्वारा लोकार्पण किया जाएगा।

# गरीबों को मिलेगी 43,850 हेक्टेयर उपजाऊ जमीन

## शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मंजूर की कार्ययोजना, कृषि निदेशक को भेजी गाइडलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीहड़, बंजर व डूब क्षेत्रों का सुधार कर भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को राजस्व विभाग करेगा आवंटित

**अमृत विचार :** योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 43 हजार 850 हेक्टेयर बीहड़, बंजर व डूब क्षेत्रों की जमीनें उपजाऊ बनाकर गरीबों व भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को देगी। इस कार्य में 113 करोड़ 6 हजार रुपये खर्च होंगे। भूमि का सुधार कृषि विभाग करेगा, जबकि आवंटन का कार्य राजस्व विभाग के जिम्मे है।

इस बाबत पूरी कार्ययोजना मंजूर करते हुए शासन ने कृषि निदेशक को गाइडलाइन भेजी है। बीहड़, बंजर और जलभराव वाली भूमि में



सुधार एवं उसे उर्वर बनाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना वर्ष 2022-23 में शुरू की गई थी। हाल ही राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इसे वर्ष 2026-27 तक विस्तार दिया गया। इस योजना में पांच वर्षों में कुल 602.68 करोड़ रुपये (501.59 करोड़ रुपये राज्य सेक्टर, 51.25 करोड़ रुपये मनरेगा और 49.84 करोड़ रुपये कृषक अंश) से खर्च करके 2 लाख 19 हजार 250 लाख हेक्टेयर समस्याग्रस्त बीहड़/बंजर भूमि सुधार तथा जलभराव क्षेत्र को उर्वर बनाने का लक्ष्य है। योजना में गौतमबुद्ध नगर जिले को छोड़कर राज्य के शेष सभी 74 जिलों में प्रस्तावित हैं।

### अभी यूपी में 24.17 लाख हेक्टेयर भूमि बेकार

यूपी में अभी 24.17 लाख हेक्टेयर भूमि बेकार पड़ी है, जिसे कृषि योग्य बनाया जा सकता है। इसमें खेती के लिए अयोग्य भूमि 4.42 लाख हेक्टेयर, कृष्य बेकार भूमि 3.88 लाख हेक्टेयर और परती भूमि 15.81 लाख हेक्टेयर शामिल है। इसमें से इस साल 35600 हेक्टेयर बीहड़, बंजर भूमि सुधारी जाएगी, जबकि 8250 जलभराव की भूमि होगी।

### भूमि सुधार में खर्च होंगे 113 करोड़ रुपये

कार्ययोजना के अनुसार इस सत्र में 43 हजार 850 हेक्टेयर भूमि को सुधारने में राज्य सेक्टर से 113 .06 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें कार्यमद से 90.35 करोड़, फसलोत्पादन से 12.46 करोड़ और मनरेगा से 10.25 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### शासन, मंडल और जिला स्तर से होगी निगरानी

पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना की शासन, मंडल और जिला स्तर से निगरानी और समीक्षा होगी। राज्यस्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त और जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है।

# तकनीक के साथ बढ़ रहा नया भारत : योगी

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने गाजियाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का किया शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीईएल की यात्रा को भारत के औद्योगिक पुनरुत्थान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। कहा कि सीईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से ही नया भारत अपनी शक्ति, तकनीक और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।



गाजियाबाद में डाटा सेंटर का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, साथ में अन्य।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में सीईएल की ओर से भारत सरकार को लगभग 21 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक भी भेंट किया गया, जबकि सीईएल और मल्टी इंफ्रा के बीच 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूलर के लिए एमओयू भी हस्तांतरित हुआ।

वहीं मुख्यमंत्री योगी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे जत्थे को शुभारंभ किट उपलब्ध कराया। यात्रियों का हृदय से अभिनंदन करते हुए सुखद-मंगलमय यात्रा की कामना की। कहा कि सभी यात्रियों को यूपी सरकार एक-एक लाख रुपये देगी।

### नोएडा में बनेगा देश का पहला क्वांटम यूनिट

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि सीईएल ने 1970 में पहले सोलर सेल को ईजाद किया था। आज 50 साल बाद अब यह ग्रीन डाटा सेंटर भी शुरू करने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए आपका नाम इतिहास में दर्ज हो गया और मुझे खुशी है कि मेरे मंत्रालय के दो संस्थाओं ने भी उसमें अपना योगदान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द हम नोएडा में आईआईटी के अंदर देश का पहला क्वांटम यूनिट स्थापित करेंगे।

# कांवड़ियों को न हो समस्या : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद में अफसरों के साथ विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मुरादनगर से टीला मोड़, कादराबाद बार्डर से गाजियाबाद-दिल्ली बार्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-24 व एनएच-9 पर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वॉच टावर, कांवड़ शिविर, सड़क मरम्मत, मार्ग प्रकाश, सीसीटीवी, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा डिवाइडर कट पर बैरिकेडिंग, खाद्य पदार्थों की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शन, मांस-मदिरा की दुकानों को बंद करने और विद्युत पोलों पर 5 फुट ऊंचाई तक इंसुलेटेड प्लास्टिक शीट लगाने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाओं पर जोर दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मानव रहित रेलवे फाटकों पर प्रबंधन, सामुदायिक शौचालयों और पेट्रोल पंपों पर सफाई, खाद्य सामग्री की नियमित जांच और महिला-पुरुष शौचालयों की पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# 541 केंद्रों पर 2,43,981 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक व सहायक स्तर-III मुख्य परीक्षा के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**अमृत विचार :** कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा 29 जून को होने वाली सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-III मुख्य परीक्षा के सफल और पारदर्शी आयोजन को लेकर जिम्मेदार तंत्र को आवश्यक हिदायत दी है। 541 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने जा रही इस परीक्षा में 2,43,981 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

उन्होंने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देकर शुचितापूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र अधीक्षकों और सहयोगी कर्मियों की समय से ब्रीफिंग सुनिश्चित कराने तथा परीक्षा केंद्रों पर सभी तैयारियां एक दिन पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए।

दीपक कुमार की अध्यक्षता में लोकभवन में की बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, 21 जिलों (आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, मथुरा, सहारनपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, वाराणसी व जौनपुर) के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

**बॉयोमेट्रिक कैप्चरिंग अनिवार्य :** उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री की निकासी के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के लिए एलआईयू व एसटीएफ को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अन्य जिलों से आयेंगे, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए परिवहन, रेलवे व ट्रैफिक आदि विभागों के समन्वय आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाएं।

# डाक टिकट घोटाले में तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई ने ढाई करोड़ रुपये के फर्जी डाक टिकट घोटाले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार देर शाम को टीम ने कार्रवाई की। इस मामले में मुख्य आरोपी उप-पोस्टमास्टर की जांच के दौरान मौत हो चुकी है। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में उप-पोस्टमास्टर के भाई पप्पू सिंह और दो अन्य राजेश कुमार और उसके पिता महेंद्र कुमार शामिल हैं। सीबीआई ने साक्ष्य मिलने के बाद गिरफ्तारी की। बुलंदशहर के लखौटी के एक पूर्व उप-डाकपाल (अब दिवंगत) ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी डाक टिकटों का इस्तेमाल कर पंजीकृत सामानों की बुकिंग की अनुमति दी।

# बैंक में 7.96 करोड़ की हेराफेरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई ने गाजियाबाद में मैनेजर व उसकी पत्नी पर दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू
- बैंक ऑफ बड़ौदा के मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय ने की शिकायत

**अमृत विचार :** सीबीआई की गाजियाबाद टीम ने बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर रोहित दहिया और उनकी पत्नी विजेता मलिक पर 7.96 करोड़ की हेराफेरी की रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई ने यह कार्रवाई मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय की शिकायत पर जांच के बाद की। रोहित के खाते में 305.08 लाख और पत्नी विजेता मलिक के खाते में 491.62 लाख रुपये जमा करने के साक्ष्य मिले। मुरादाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मसवासी टाउन और रहमतगंज शाखा के ग्राहकों के रुपये की मैनेजर ने हेराफेरी की है।

सीबीआई, एसीबी गाजियाबाद का शाखा प्रमुख डीआईजी विजेंद्र कुमार द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, रोहित दहिया बैंक ऑफ बड़ौदा मुरादाबाद की शाखा मसवासी टाउन में 4 अक्टूबर 2021 से 15 अक्टूबर 2023 तक और रहमतगंज में 16 अक्टूबर 2023 से 6 फरवरी 2024 तक शाखा में प्रबंधक तैनात रहे। रोहित दहिया ने दोनों शाखाओं में बैंक ग्राहकों की बगैर अनुमति अस्थायी ओवर ड्राफ्ट लिमिट (टीओडीएस) में हेराफेरी की। टीओडीएस की लिमिट बढ़ाई गई और ऋण स्वीकृत कर नकदी निकाली। करीब 54 बैंक खातों में हेराफेरी कर करोड़ों रुपये अपने और अपनी पत्नी विजेता मलिक के खातों में ट्रांसफर किए गए और नकदी भी निकाली। सीबीआई की जांच में सामने आया कि रोहित ने हेराफेरी कर अपने खाते में 305.59 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिये। वहीं, पत्नी विजेता मलिक के खातों में 491.62 लाख रुपये के लेनदेन के प्रमाण मिले हैं। मसवासी टाउन शाखा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजन और उनकी पत्नी सुनीता के नाम पर 50.26 लाख रुपये का गोल्ड लोन स्वीकृत कर नकद निकाल लिया गया। सीबीआई ने रोहित दहिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले की जांच की जा रही है।

# इनामी गैंगस्टर नोएडा से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ की गोरखपुर यूनिट की टीम ने गुरुवार को गैंगस्टर मोनू शेख उर्फ वाहिद रजा को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। उस पर पुलिस ने 50 हजार के इनाम घोषित किया था। आरोपी को गोरखपुर के रामगढ़ ताल थाने में दाखिल कर जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी धर्मेश कुमार शाही के मुताबिक, टीम ने नोएडा के सेक्टर-132 स्थित एटीएस बिल्डिंग के पास से मोनू शेख उर्फ वाहिद को गिरफ्तार किया। मोनू मूलतः कुशीनगर के तुर्कपट्टी स्थित लाला गुरवलिया का रहने वाला है। डिप्टी एसपी धर्मेश शाही के मुताबिक मोनू शेख व उसके साथियों ने 3 जनवरी 2022 की रात में पीआरवी द्वारा रोके जाने पर पथराव और फायरिंग की थी।

# केजीएमयू का नाम फिर से शाहूजी महाराज के नाम पर किया जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा सरकार ने बदल दिया था विश्वविद्यालय का नाम : मायावती



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय का नाम फिर से छत्रपति शाहूजी महाराज के नाम पर रखा जाए। छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर उनको नमन करने के साथ बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री से यह मांग की।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स पर पोस्ट के जरिये विरोधियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शाहूजी महाराज में कोल्हापुर महाराष्ट्र रियासत में दलितों को नौकरी में आरक्षण देने का क्रांतिकारी कदम उठाया और भारत में आरक्षण के जनक के रूप में अमर हो गए। बहुजनों व उनके आरक्षण की हमेशा विरोधी रही समाजवादी पार्टी की सरकार ने केजीएमयू का नाम बदलकर किंग जार्ज चिकित्स विश्वविद्यालय कर दिया। दुखद है कि भाजपा सरकार ने भी इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी अभी तक भी सपा के ऐसे घोर द्वेषपूर्ण व जातिवादी रवैये को व्यापक जनहित में जरूरी बदलाव-सुधार नहीं किया।

# जोशी भड्डरी समुदाय के आरक्षण पर फंसा पेच

**अमृत विचार, लखनऊ :** जोशी भड्डरी समुदाय के अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल कर आरक्षण देने की मांग पर पेच फंस गया है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सुनवाई के दौरान कुछ संगठनों ने इसका विरोध किया है, जबकि सात राज्यों में इस समुदाय को आरक्षण मिल रहा है। आयोग ने पिछले 23 जून को जोशी भड्डरी के आरक्षण को सुनवाई तय की थी। इस दौरान जोशी भड्डरी समाज के लोगों ने आरक्षण की मांग के समर्थन में तथ्य पेश किये। समुदाय के प्रतिनिधियों ने आयोग को जानकारी दी कि उनके समुदाय को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान व हिमाचल प्रदेश में आरक्षण मिला हुआ है। विरोध करने वाले संगठनों ने 'जोशी' शब्द पर आपत्ति जताई है।

# ट्रांसजेंडर जुड़ेंगे सीएम युवा अभियान से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर जिले में दो ट्रांसजेंडर्स को मिलेगा रोजगार
- राशन, आवास और स्वास्थ्य योजनाओं का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** ट्रांसजेंडर्स को सीएम युवा अभियान से जोड़ा जाएगा, जिसके तहत उन्हें कौशल के आधार पर प्रशिक्षण और ऋण सहायता दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार दिया जाए।

योगी सरकार की मंशा है कि समाज में लंबे समय से उपेक्षित रहे ट्रांसजेंडर समुदाय को न केवल गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर मिले, बल्कि वे सम्मान और अधिकार के साथ आत्मनिर्भर बनें। इसी उद्देश्य से समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विभाग को प्रदेश के प्रत्येक जिले में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे यह प्रयास एक जनांदोलन का रूप में आगे बढ़ सके।

### किन्नरों के लिए 100 कल्याण केंद्र बनाने की तैयारी

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बीते दिनों संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश भर में किन्नरों के लिए 100 कल्याण केंद्र स्थापित किए जाएं। इन केंद्रों के माध्यम से इस समुदाय को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ा जाए। योगी सरकार इन केंद्रों के माध्यम से ट्रांसजेंडर्स को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, कुकिंग, सिलाई, कंप्यूटर, सौंदर्यकला आदि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने पर विचार कर रही है।

### सुविधाओं का लाभ देने को होगी जनगणना

योगी सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ सीधे मिले। इसके लिए अलग से जनगणना कराए जाने की भी तैयारी है, जिससे योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कोई बाधा न आए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### शुभांशु के परिजन से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष


अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के परिजन से मिलकर सम्मानित करते अजय राय।

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को अंतरिक्ष यात्रा पर निकले वायुसेना के ग्रुप कैप्टन व भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने उनके माता-पिता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश को उनके बेटे पर गर्व है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ मौजूदा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देंगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिंद्दीकी, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, आर्यन मिश्रा, अब्दुल्ला शेर खान, राजेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में अच्छी बारिश की संभावना

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिमी उप्र., तराई और बुंदेलखंड के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज चमक के संकेत हैं। 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी और तराई इलाकों के 14 जिलों में शुक्रवार के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही 55 जिलों में गरज चमक और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में बीते दो दिनों से मानसून की सक्रियता बढ़ी है।

### जेल भरो आंदोलन में शामिल बिजली कर्मियों की मांगी सूची

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने निजीकरण के विरोध में जेल भरो आंदोलन में शामिल होने वाले बिजली कर्मियों की सूची मांगी है। इस सिलसिले में प्रारूप जारी किया गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने इस पर सख्त आपत्ति करते हुए कहा कि प्रबंधन ने ऊर्जा निगमों में आपातकाल लागू कर दिया है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि ऊर्जा निगमों में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष की ओर से कथित तौर पर लागू की जा रही आपातकाल परिस्थितियों में तत्काल हस्तक्षेप किया जाए, ताकि ऊर्जा निगमों की औद्योगिक शांति न भंग हो और इस भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली व्यवस्था में कोई व्यवधान न आए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते 7 माह से आंदोलनरत बिजली कर्मी आंदोलन के साथ-साथ बिजली व्यवस्था सामान्य बनाए हुए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रबंधन समय-समय पर बिजली कर्मचारियों को उकसा कर बिजली व्यवस्था बेपटरी करने पर आमादा है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा निगमों में आपातकाल लगाने के विरोध में 27 जून को बिजली कर्मी 'चेतावनी दिवस' मनाएंगे।

**संदेश** — 1-7 जुलाई तक जन्म लेने वाले बच्चों के लिए हरित अभियान के तहत अनूठा कदम

# शिशुओं को मिलेगा ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी अस्पताल में जन्मे बच्चों को दिए जाएंगे पौधे
- स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर इस कार्य को अंजाम देगा वन विभाग

**अमृत विचार :** राज्य सरकार 1 से 7 जुलाई तक जन्म लेने वाले शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधों का उपहार देगी। यह अनूठा कदम सरकार ने हरित उत्तर प्रदेश अभियान के तहत उठाया है। इस दौरान जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पताल में जन्मे बच्चों को पौधे दिए जाएंगे। इस कवायद का उद्देश्य नवजात के जीवन को खुशमय बनाने, हरियाली बढ़ाने, परिवार को पौध लगाने व संरक्षित करने का अनोखा संदेश देने का है। वन विभाग स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर इस कार्य को अंजाम देगा।

दरअसल, योगी सरकार के निर्देश पर प्रदेशभर में वर्षाकाल-2025 में पौधरोपण महाभियान चलेगा। इस दौरान 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। सर्वाधिक पौधरोपण का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। इस बार त्रिवेणी वन की स्थापना और संरक्षण पर सरकार का जोर है। इसके साथ ही महापुरुषों के नाम पर भी वन वाटिका लगाई जाएगी। सर्वाधिक पौधे शीशम व सागौन प्रजाति के लगाए जाएंगे।

### क्या है ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट

1-7 जुलाई तक जन्मे बच्चों को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पतालों में जाकर जो सर्टिफिकेट दिया जाएगा, उसे ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों के साथ ही रोपित पौधे की समुचित देखभाल व संरक्षण के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित करना भी है।

> नवजात को उपहार स्वरूप पौधा देना बच्चे के जीवन में समृद्धि व विकास का परिचायक है। वन महोत्सव की अवधि में जन्मे नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में दिया जाएगा। सागौन, शीशम समेत इमारती प्रजाति के पौधों को देना प्राथमिकता है। अभिभावकों को भी खाली स्थानों पर पेड़ लगाने पर जागरूक करेंगे। – **सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक**

# ट्रांसफर के बाद ज्वाइन न करने वालों पर होगी सख्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में ट्रांसफर हो जाने के बावजूद ज्वाइन न करने वाले कर्मियों पर गाज गिरेगी। शिक्षा, सिंचायी, बिजली, लेखा समेत अन्य विभागों से आ रहीं हैं, ऐसी शिकायतों पर शासन ने चेतावनी दी है। रिलीव न हुए अथवा नये प्रभार का चार्ज न लिया तो सख्त एक्शन होगा। दरअसल, सरकारी विभागों में जिनका स्थानांतरण हो गया, उनके लिए सख्त गाइडलाइंस जारी की गई है।

इस कड़ी में खासकर शिक्षा, बिजली, सिंचायी, लेखा विभागों से शिकायतें मिली हैं। कहा गया है कि स्थानांतरण आदेश के क्रम में जिन कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा नवीन तैनाती स्थान पर निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, उन्हें अन्तिम अवसर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि वह मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें। ऊर्जा निगम के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने यह भी चेतावनी दी कि जो स्थानान्तरित कार्मिक तत्काल रिलीव नहीं होंगे, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह तमाम सिंचाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों का मन जिला छोड़ने को नहीं कर रहा है।




# एकल टेंडर पर ही दे दिया फर्म को मैन पावर सप्लाई का काम

## ऊपर से दबाव में काम दिये जाने का लग रहा आरोप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



- नगर निगम के आरआर और मार्ग प्रकाश विभाग में फर्म लगाएगी 800 कर्मचारी
- इनमें लाइटिंग विभाग के ड्राइवर और लाइनमैन व वर्कशॉप कर्मचारी होंगे
- पहली जुलाई से फर्म को मिल जाएगी जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** नगर निगम में अब जुगाड़ी फर्मों को ही काम दिये जाने का प्रचलन शुरू हो गया है। इसके लिए टेंडर की शर्तों में ठेकेदार के मनमाफिक बदलाव किया जा रहा है। अन्य ठेकेदारों के टेंडर खामियां निकालकर निरस्त किए जा रहे हैं। नगर निगम के आरआर और मार्ग प्रकाश विभाग में इस तरह का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें एकल टेंडर पर ही फर्म को मैन पावर सप्लाई का काम दे दिया गया है।

आरोप है कि ऊपर से दबाव में संस्था लक्ष्मी सिक्योरिटी को मनमाने तरीके से काम दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि फर्म को काम देने के लिए अन्य फर्मों के टेंडर तीन बार कमियां निकालकर निरस्त कर दिये गए। चौथी बार में पात्र पायी गयी अकेली फर्म को ही काम दे दिया। कार्यदायी संस्था लक्ष्मी सिक्योरिटी के माध्यम से लगभग 800 कर्मचारी लगाये जाएंगे। इनमें लाइटिंग विभाग के लगभग 350 ड्राइवर और लाइनमैन वहीं केंद्रीय कार्यशाला में 450 ड्राइवर मैकेनिक, फिटर आदि शामिल हैं। संस्था पहली जुलाई से काम संभाल लेगी।

### फर्म जोन 5 और 8 में फर्म को कम कर्मचारी लगाने पर मिल चुकी हैं नोटिस

नगर निगम के जोन 5 और 8 में फर्म लक्ष्मी सिक्योरिटी के आउटसोर्सिंग पर लगभग 1500 सफाईकर्मी लगे थे। फर्म को कम कर्मचारी लगाने और सफाई में लापरवाही करने पर नगर निगम की ओर से कई बार नोटिस भी जारी की गयी थी। लॉयन इनवायरो जो लखनऊ में पहले से लॉयन सिक्योरिटी के नाम से काम कर रही थी, उसे मार्च 2025 से टेंडर के माध्यम से जोन दो, पांच और आठ में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से लेकर सफाई की जिम्मेदारी दे दी गयी। जिसके बाद फर्म को सभी सफाईकर्मी हटाने पड़े। लॉयन इनवायरो को नियम विरुद्ध काम दिये जाने के विरोध में फर्म ने नगर निगम अधिकारियों से लिखित शिकायत की थी। निर्णय के खिलाफ फर्म ने उच्च न्यायालय में अपील की थी। जिसके बाद फर्म को नगर निगम के अधिकारियों ने किसी तरह मना लिया था।

### जेम पोर्टल पर निकाला गया था टेंडर, चौथी बार में हुआ

मुख्य अभियंता आरआर मनोज प्रभात ने बताया कि नगर निगम के यह टेंडर जेम पोर्टल पर मुख्य अभियंता आरआर कार्यालय से एक वर्ष से निकाला जा रहा था। किन्हीं कारणवश हर बार टेंडर निरस्त करना पड़ा। चौथी बार हुए टेंडर में एक हफ्ते पहले फर्म लक्ष्मी सिक्योरिटी पात्र पायी गयी।



मौसम

राजधानी में बादलों की आवाजाही के बीच गुरुवार को चटख धूप निकली। तेज धूप निकलने से गर्मी में अचानक बढ़ोत्तरी हो गई और लोग पसीने से लथपथ हो गये। तेज धूप से परेशान सिर ढंकने को मजबूर युवतियां। अमृत विचार

# कल हो सकती है राजधानी में तेज बारिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दिन पर उमस ने लोगों का परेशान किया

**अमृत विचार:** लखनऊ में गुरुवार को सुबह से बादलों की आवाजाही के बीच धूप-छांव की स्थिति रही। मौसम विभाग ने देर रात में बादलों की गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है। वहीं दिन पर उमस ने लोगों का परेशान किया।

मौसम विभाग के मुताबिक, लखनऊ में अगले दो दिन बादलों की आंख-मिचौली जारी रहेगी। यहां अच्छी बारिश के लिए अभी शुक्रवार तक इंतजार करना होगा, लेकिन शनिवार से पूरब से पश्चिम तक अच्छी बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान में और गिरावट होगी। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री दर्ज किया गया। जो कि सामान्य से 1.0 डिग्री अधिक रहा।

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती हलचल कम दबाव में बदलकर यूपी की ओर बढ़ेगी, जिससे मानसून जोर पकड़ेगा। इससे बारिश के इलाके बढ़ेंगे और कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

तापमान में गिरावट आएगी, बारिश होने की संभावना है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 37.4⁰ | 27.4⁰ |

### शहर में आज

- दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की लखनऊ शाखा की ओर से केंद्र का आयोजन आइसीएआई भवन निकट मनोज पाण्डेय चौराहा गोमती नगर में सुबह 10 : 00 बजे से।
- कैसरबाग स्थित छतर मंजिल परिसर में उप्र राज्य पुरातत्व निदेशालय द्वारा मौन सिक्के मुखर इतिहास पर दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्याशाला, 11 :00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक दोपहर 12 :00 बजे।
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में तकनीक के प्रयोग और समाज विषय पर कार्यशाला का आयोजन 3 :00 बजे से

# लंदन को भाया अचार वाला 'राम केला आम'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुरुवार रात पैक हाउस ने भेजा 600 किलो आम
- दशहरी, लंगड़ा-चौसा भी किया गया निर्यात

**अमृत विचार :** लंदन को दशहरी की मिठास के साथ 'राम केला' आम का अचार भी खूब भाया है। वहां से राम केला की तीसरी बार मांग आने पर रहमान खेड़ा में संचालित मैंगो पैक हाउस से गुरुवार रात 600 किलो आम भेजा गया है। साथ ही 400 किलो दशहरी, लंगड़ा व चौसा भी निर्यात किया गया है।

जिले के मलिहाबाद, काकोरी, माल के साथ जुड़े आसपास जिलों में राम केला की अच्छी खासी पैदावार हुई है। रामकेला आम का स्वाद खट्टा होता है और इसका अचार बनाया जाता है। यह आम पकता नहीं है बल्कि हरा रहता है। इसका गूदा सख्त और रेशे रहित होता है। इसलिए इसे अचार के लिए खास माना जाता है। 10 जून के बाद दशहरी के साथ रामकेला की खेप लंदन भेजी गई थी। इस तरह से करीब एक टन रामकेला आम लंदन अचार के लिए पैक हाउस से भेजा गया। इधर, फिर से 600 किलो राम केला की लंदन से मांग आई और पैक हाउस में वेपर हीट ट्रीटमेंट व आकर्षित बॉक्स में पैक करके गुरुवार रात खेप निर्यात की गई। साथ में बैगिंग से तैयार दशहरी, चौसा व लंगड़ा आम भी लंदन भेजा गया है। पैक हाउस के संचालक अमित अग्रवाल ने इस सीजन सिंगापुर 5 टन दशहरी, जापान 1.2 टन, दुबई, कतर, जेद्दा डेढ़-डेढ़ टन आम का निर्यात कर चुके हैं।

# डेढ़ माह से नहीं दिया सफाई कर्मियों का वेतन

संवाददाता पीजीआई

**अमृत विचार :** नगर निगम के एक ठेकेदार ने सफाई कर्मियों का लगभग डेढ़ माह का वेतन नहीं दिया है। जिसके चलते नाराज सफाईकर्मियों ने गुरुवार को विरोध-प्रदर्शन किया।

रायबरेली रोड के रहने वाले लगभ 30 से अधिक सफाई कर्मियों गीता, शीला, साजन, हरिमोहन, वीरेंद्र ने नगर निगम के ठेकेदार सरोज मिश्रा पर आरोप लगाते हुए कहा कि डेढ़ महीने से जोन 8 और 5 में ठेकेदार सरोज मिश्रा द्वारा उन लोगों से सफाई का काम कराया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र कार्यक्रम के दौरान भी सफाई कार्य कराया गया था लेकिन डेढ़ महीने से उनका वेतन नहीं दिया गया। जब भी सफाईकर्मी वेतन मांगते हैं तो वह मना कर देता है, मजबूर होकर सभी कर्मी कई बार नगर निगम के उच्चाधिकारियों और मुख्य कंपनी के ठेकेदार से शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस से शिकायत करने पहुंचे तो उन्होंने भी संबंधित विभाग से ही शिकायत करने की सलाह दी है।



रायबरेली रोड पर प्रदर्शन करते सफाईकर्मी। अमृत विचार

**30** से अधिक सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

# 67 लाख को मिलेगी वृद्धा पेंशन, 1.80 लाख बाहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में कराया गया लाभार्थियों का सत्यापन पूर्ण
- माह के अंत में 67 लाख के खातों में आएगी पेंशन

**अमृत विचार :** प्रदेश में वृद्धा पेंशन का सत्यापन पूर्ण हो गया है। सत्यापन में 1.80 लाख मृतक व अपात्र मिलने पर सूची से नाम काटे गए हैं। जबकि पात्र मिले 67 लाख लाभार्थियों के खातों में माह के अंत में पेंशन आएगी।

नियमित प्रक्रिया के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी जिलों में वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन कराया गया, क्योंकि इस वर्ष की पहली किस्त लाभार्थियों को मिलनी है। जिलों पर कराए गए सत्यापन में 67 लाख लाभार्थी मिले हैं। जबकि 1.80 लाख अपात्र निकले हैं। इनमें मृतकों की संख्या अधिक है। जबकि पिछले वर्ष करीब 85 हजार मृतक व अपात्र मिले थे। इस वर्ष अपात्र व मृतक निकले लाभार्थियों के नाम सूची से काट दिए गए हैं। साथ ही जिलेस्तर पर बैंकों से खातों में धनराशि होने की जानकारी मांगी गई है। जो नियमानुसार बैंकों द्वारा वापस लेकर सम्बंधित विभाग को लौटाई जाएगी। निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत ने बताया कि सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई। इसी माह पेंशन खातों में आएगी।

### एक नजर

#### नगर निगम ने वृंदावन कालोनी में ग्रीन बेल्ट से हटाया कबाड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य मार्गों व फुटपाथ पर अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने गुरुवार को सभी जोन में अभियान चलाया। जोन एक में जोनल अधिकारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में बांसमंडी चौराहे से हुसैनगंज चौराहे तक अतिक्रमण हटाकर ठेले व गुमटियां जब्त कीं। जोन 8 के वृंदावन कॉलोनी में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में ग्रीन बेल्ट से दो जेसीबी और चार डंपर की सहायता से 10 हाइवा कबाड़ हटाया गया। इसके अलावा दर्जनों झोपड़ियां भी हटाई गईं। इस मौके पर 296 टीम, कर अधीक्षक देवी शंकर दुबे समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जोन 5 के गिन्दनखेड़ा में अमौसी एयरपोर्ट के सामने स्थित हनुमान मंदिर से नादरगंज मोड़ तक अतिक्रमण हटाए।

#### यूपीएमआरसी ने मांगा विशेष सुख-सुविधा शुल्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल निगम (यूपीएमआरसी) ने विकास प्राधिकरणों से विशेष सुख-सुविधा शुल्क उपलब्ध की मांग की है। राजधानी लखनऊ सहित कानपुर और आगरा में संचालित मेट्रो परियोजनाओं को लेकर मेट्रो के प्रबंध निदेशक ने इस संबंध में प्रमुख सचिव आवास को पत्र भेजा है साथ ही इस संबंध में एलडीए, केडीए व एडीए को भी सूचित किया है। इनके उपाध्यक्षों से भी इसके लिए बजट देने को कहा है। यूपीएमआरसी ने लिखा है कि मेट्रो परियोजनाएं अत्यधिक लागत व आमजन की सुविधा बढ़ाने वाली इन योजनाओं को राज्य सरकार पहले ही विशेष सुविधा परियोजना के रूप में अधिसूचित कर चुकी है।

# निर्माणाधीन सड़क बनी मुसीबत

संवाददाता पीजीआई

- गिरकर लोग हो रहे चोटिल, बजबजा रहीं नालियां
- रजनीखंड के आस-पास नाले के निर्माण से नहीं हो रही जलनिकासी

**अमृत विचार :** रायबरेली रोड से रजनी खंड सैनिक नगर तक बन रही सीएम ग्रिड योजना की सड़क का निर्माण इतनी धीमी गति से चल रहा है कि लोगों के लिए यह मुसीबत बन गई है। सड़क निर्माण कर रही संस्था ने सड़क के साथ-साथ नाले का भी निर्माण शुरू कर दिया है। इससे लोगों का आना-जाना बहुत मुश्किल हो रहा है।

सैनिक नगर में कल्याण ट्रेडर्स दुकान चलाने वाले केहर सिंह, सवर्णजीत सिंह, राजेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, लल्ली ने बताया कि विभाग ने नाले का निर्माण कराना तो शुरू कर दिया लेकिन पानी निकासी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की, जिससे लोगों के घरों का पानी सुचारू रूप से नहीं निकल पा रहा है। नालियों का पानी उफनाकर सड़कों पर बह रहा है। पिछले दो माह से सड़क के बाहर फुटपाथ पर नाली का पानी बजबजा रहा है, जिससे मच्छरों के साथ-साथ तमाम बीमारियां भी फैल रही है। छोटे-छोटे बच्चे अक्सर नालियों में गिर जाते हैं।

महिलाएं दुर्घटना का शिकार हो रही हैं। इस संबंध में जब केहर सिंह ने सीएम ग्रिड योजना का निर्माण करने वाले अवर अभियंता से बात की तो उन्होंने कहा कि हम जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था करेंगे लेकिन पिछले 15 दिनों से वह फोन नहीं उठा रहे हैं।



सड़क निर्माण के साथ कर दी नाले की खुदाई, सड़कों पर भरा नाली का पानी।

# ठेकेदार की लापरवाही से युवक को लगा करंट काटने पड़े हाथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी में ठेकेदार की लापरवाही से 23 साल का युवक 33 केवीए लाइन की चपेट में आ गया। आरोप है कि ठेकेदार पीड़ित परिवार से घटना छिपाकर निजी अस्पताल कराकर गलत इलाज कराते रहा। होश में आने पर उसने पूरी बात बताई। केजीएमयू में इलाज के दौरान उसका एक हाथ काटना पड़ा, जबकि दूसरा हाथ भी काट दिया जाएगा। होश में आने पर उसने पूरी बात बताई। पीड़ित पिता ने काकोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर ने बताया कि आरोपी ठेकेदार की तलाश की जा रही है। ठाकुरगंज के नई कालोनी फरीदीपुर ठाकुरगंज निवासी प्रवेश कुमार ने बताया कि बेटा दीपांशु करीब एक साल से ठेकेदार पिम्मा और रामबाबू के पास बिजली लाइन की अर्थिंग का काम कर रहा है। 3 जून को ठेकेदार दीपांशु को रहमानखेड़ा फार्म के अंदर बने बिजली उपकेन्द्र में 33 केवीए लाइन के नीचे अर्थिंग का काम कराने ले गया था। ठेकेदार बिना पर्याप्त लेबर के दीपांशु से अकेले काम कराने लगे। काम के दौरान ऊपर की लाइन भी नहीं बंद कराई। जिसकी वजह से अर्थिंग वाला लोहे का पाइप ऊपर की 33 केवीए लाइन में टच हो गया और दीपांशु के दोनों हाथ जल गए। ठेकेदारों ने परिजन को बिना सूचना दिए दीपांशु को दुबग्गा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। होश में आने पर घायल ने परिजन को सारी बात बताई। इसके बाद परिजन उसे केजीएमयू ले गए। वहां ऑपरेशन के बाद उसका एक हाथ काटकर हटा दिया गया। परिजन ने बताया कि कुछ दिन बाद दूसरा हाथ भी काट दिया जाएगा। पिता ने ठेकेदार को कॉल की तो वे मोबाइल बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो जोड़ी ट्रेनों में स्थायी रूप से लगेंगे जनरल कोच

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन 2 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों सामान्य द्वितीय श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से बढ़ाया गया है। गाडी संख्या-15203/15204 बरौनी-लखनऊ जं-बरौनी एक्सप्रेस में बरौनी से 27 जून, से तथा लखनऊ जं. से 30 जून, से तथा गाड़ी संख्या-15205/15206 लखनऊ जं.-जबलपुर-लखनऊ जं. एक्सप्रेस में लखनऊ जं. से 28 जून, से तथा जबलपुर से 29 जून से सामान्य द्वितीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाया जायेगा।

# आशियाना निर्माण करने जा रहे हैं तो रुकिये, बालू की कीमत दोगुनी हो गई

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** आशियाना बनाने जा रहे हैं तो थोड़ा रुक जाइए, बारिश के चलते खनन बंद हो चुका है। ऐसे में भवन सामग्री की कीमतें सिर चढ़कर बोल रही हैं। मात्र 20 दिन में बालू की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं।

वहीं मौरंग के भाव में प्रति घन फीट 12 रुपये का बड़ा अंतर दर्ज किया गया है। गिट्टी के भाव में भी इजाफा हुआ है। खदान बंद होने से भवन निर्माण से जुड़ी ज्यादातर चीजों में तेजी आई है। एक हजार घन फीट बालू की कीमत 20 हजार से बढ़कर 40 हजार और मौरंग का रेट 53 हजार से 65 हजार रुपये हो गया है।



- खनन बंद होने से भवन निर्माण सामग्री की कीमतों में हुआ इजाफा
- बालू 40 रुपये, मौरंग 11 रुपये और गिट्टी की कीमतों में 12 रुपये प्रति घनफीट की तेजी
- ईंट और सरिया की कीमतों में अंतर नहीं

**भवन सामग्री रुपये प्रति ट्रक ( हजार घनफीट )**

| सामग्री | जून के प्रथम सप्ताह | | आज के रेट |
|---|---|---|---|
| बालू | 20,000 | | 40,000 |
| मौरंग | 53,000 | | 65,000 |
| गिट्टी | 54,000 | | 65,000 |
| ईंट (प्रति हजार) | 8,000 | | 8,000 |
| सरिया | 60,000 | | 60,000 |
| सीमेंट (प्रति बोरी 10 रुपये का इजाफा) | 370 | से | 410 |

खनन बंद होने की वजह से भवन सामग्री की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ। करीब 20 दिनों में कीमतों में भारी अंतर आया है। दरअसल खदान बारिश की वजह से बंद हो गई हैं। इससे माल की कमी है। इसका फायदा कुछ स्टाकिस्ट माल रोककर उठा रहे हैं। नतीजा सामने है। बालू, मौरंग, गिट्टी के दाम में जबरदस्त उछाल है।

–श्याममूर्ति गुप्ता, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ






# 22 हजार सुधार कार्यों पर 415 करोड़ खर्च करेगा मध्याचंल निगम

## 1500 नये ट्रांसफार्मर के साथ 15 नये बिजली उपकेन्द्रों को किया जायेगा स्थापित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी को चौबीसों घंटे सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए मध्यांचल निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पावर कॉरपोरेशन की बोर्ड बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए बिजनेस प्लान 2025-26 के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए बिजली सुधार से जुड़े करीब 22 हजार कार्यों को करने के लिए करीब 415 करोड़ रुपए को मंजूरी दी गई है।

आंवटित की गई इस रकम से शहर से गांवों तक की बिजली व्यवस्था को अपग्रेड किया जायेगा। इनमें सबसे अधिक कार्य लेसा के अमौसी जोन में कराए जायेंगे। वहीं दूसरे नंबर गोमतीनगर और तीसरे नंबर पर सेंट्रल लखनऊ के साथ चौथे नंबर पर जानकीपुरम जोन मे कार्य कराए जाएंगे। मध्यांचल डिस्कॉम की ओर से आने वाले वर्षों में शहर में बिजली समस्या खड़ी न हो, इसके लिए अभी से निगम की ओर से तैयारियां शुरू की दी गई हैं। मध्यांचल की ओर से लेसा के सभी चार जोन में कराये जाने वाले करीब 22 हजार सुधार कार्यों की सूची को तैयार किया गया है। इसमें 415 करोड़ से अधिक की राशि के खर्च होने की संभावना है। प्रस्ताव में शामिल सुधार कार्यों को लेसा को हर हाल में मार्च-26 तक पूरे करने होंगे। मंजूर किए बजट से पूरे शहर और ग्रामीण इलाकों के क्षेत्रों में बिजली सुधार के कामों को तेजी से किया जायेगा।

### बजट से बनेंगे नये बिजली उपकेंद्र, और लगेंगे नये ट्रांसफार्मर

बिजली व्यवस्था को मजबूत और सुचारू बनाने के लिए स्वीकृत किए गए बजट से राजधानी के शहरी और ग्रामीण इलाकों में करीब 1500 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इससे ओवरलोड होकर जलने वाले ट्रांसफार्मरों की संख्या में कमी आयेगी। इसके अलावा शहर के कई क्षेत्रों में 15 नये बिजली उपकेंद्रों का निर्माण भी कराया जायेगा। इससे ओवरलोड चल रहे उपकेंद्रों मे ट्रिपिंग सहित कई अन्य समस्याओं से उपभोक्ताओं को छुटकारा मिलने के साथ लो वोल्टज की समस्या से भी छुटकारा मिल सकेगा। पुराने बिजली उपकेंद्रों पर 33 केवी एकल स्रोत को दोहरा किए जाने के साथ 5 और 10 एमवीए के नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने के साथ ओवरलोड चल रहे 11 केवी और 33 केवी फीडर को दो भागों में बांटे जाने के साथ जर्जर तारों को हटाकर एलटी लाइनों को बिछाए जाना मुख्य कार्य होगा।

### किस जोन मे कितना होना है कार्य

सुधार कार्यों में सबसे अधिक काम अमौसी जोन के है। यहां छोटे बड़े मिलाकर लगभग 10 हजार से अधिक बिजली व्यवस्था का मजबूत बनाने के लिए काम किए जायेंगे। इसमें मोहनहलालगंज, मलिहाबाद, दुबग्गा, नादरगंज, कानपुर रोड सहित आलमबाग डिवीजन के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य होंगे। इनमें 136 करोड़ खर्च होंगे। वहीं दूसरे नंबर गोमतीनगर 6045 करोड़ रुपए होंगे, जिसमें गोमतीनगर, इंदिराननगर, मुंशीपुलिया, चिनहट डिवीजनों में कार्य किए जाएंगे। जानकीपुरम जोन में करीब 3500 कार्य पर करीब 86 करोड़ के साथ सेंट्रल जोन में 2255 कामों के लिए 414 से अधिक रुपए खर्च किए जायेंगे।

> स्वीकृत बजट के मिलते ही राजधानी के सभी जोन मे काम शुरू हो जायेगा। इसमें नये बिजली उपकेंद्रो के निर्माण से लेकर नए ट्रांसफार्मर सहित मेंटीनेंस के तमाम कार्य किए जायेंगे। इससे उपभोक्ताओं को अगले वर्ष निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा सकेगी।
>
> **–रजत जुनेजा**, मुख्य अभियंता सिस गोमती

## एक नजर

### डीआरएम ने किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुनील कुमार वर्मा ने लखनऊ से जंघई तक रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डीआरएम ने मोहनलालगंज तथा बछरावां रेलवे स्टेशनों पर निर्माणाधीन कार्यों यात्री सुविधाओं की समीक्षा की। रायबरेली स्टेशन पर वाशिंग लाइन, द्वितीय प्रवेश द्वार स्टेशन भवन ट्रेन मैनेजर व लोको पायलट लॉबी तथा अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण करते किया। गौरीगंज स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों से बात भी की। निरीक्षण के अंतिम चरण में जंघई, मड़ियाहूं, एवं जफराबाद स्टेशनों का दौरा किया गया, जहां स्टेशन परिसरों की स्वच्छता, यात्री सुविधाओं की उपलब्धता, प्लेटफॉर्म संरचना एवं ट्रेनों के सुचारू संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर मण्डल रेल प्रबंधक शूरवीर सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ललित कला अकादमी में मोहर्रम पर प्रदर्शनी कल से

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी और फख़रुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के सहयोग से वन वाइस ट्रस्ट 28 जून से राज्य ललित कला अकादमी में मोहर्रम से सम्बंधित फोटोग्राफी और पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। ललित कला अकादमी में लगने वाली 17वीं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के बारे में आयोजक एसएन लाल ने बताया कि यह प्रदर्शनी विरासत और कैलीग्राफी पर आधारित होगी। यह प्रदर्शनी 6 दिन तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में 28 फोटो आर्टिस्ट, 45 कैलीग्राफर एवं 38 पेन्टिंग आर्टिस्ट अपने काम के साथ शामिल होंगे। इसमें लखनऊ के अलावा देहरादून, शाहजहांपुर, अलीगढ़, गुड़गांव, मुम्बई, देहली, कानपुर, शिमला, हैदराबाद व कारगिल के कलाकारों का काम देखने को मिलेगा।

### छत्रपति शाहूजी महाराज का शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. अम्बेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वाधान में छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती समारोह का आयोजन बुद्ध मंदिर हजरतगंज में किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेन्द्र कुमार ने छत्रपति शाहू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। चौधरी वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज आरक्षण के जनक है और बहुजन समाज की भागीदारी के लिए आरक्षण कानून बनाया। इस क्रांतिकारी कानून के अन्तर्गत बहुजन समाज के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की। यह देश में आरक्षण की पहली व्यवस्था थी। शाहू जी ने वंचित वर्गों के लिए शिक्षा की व्यवस्था की और शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर शिक्षा फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम किया। शाहूजी महाराज ने बहुजन समाज को ज्ञानी, संपन्न और उन्नत बनाने के लिए अपने जीवन का एक-एक क्षण समर्पित कर दिया।



नव निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### जमुनादास बने सभापति, अशोक उपसभापति

**अमृत विचार, लखनऊ:** बालाकदर रोड स्थित उपभोक्ता भवन में उप्र. उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड उप्र. की 15 सदस्यीय प्रबन्ध समिति के चुनाव में भाजपा झांसी के पूर्व जिलाध्यक्ष जमुनादास कुशवाहा सभापति और अशोक कुमार द्विवेदी उपसभापति निर्वाचित हुए हैं। उपभोक्ता सहकारी संघ लि. लखनऊ के प्रबन्ध समिति के चुनाव में चुनाव अधिकारी महेश चंद्र चौहान ने बताया कि प्रबन्ध निदेशकों में प्रयागराज की विमलेश पटेल, काशी की श्रीमती नर्मदा कन्नौजिया और बरेली की सरोज कुमारी सहित 11 डेलीगेट चुनें गये। इस मौके पर सरकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह और प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित डेलिगेट्स और सभापति को बधाई दी है।

# रेजीडेंसी के पास चौड़ी होगी सड़क, बनेगा वेंडिंग जोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कैसरबाग स्थित रेजीडेंसी के पास सड़क डेढ़ मीटर तक चौड़ी की जाएगी और प्लाजा विकसित किया जाएगा। इसमें फूड वेन्डिंग जोन व पार्किंग स्पेस बनेगा। साथ ही हेरिटेज लुक में प्लेसमेकिंग का कार्य कराया जाएगा, जोकि हेरिटेज कॉरिडोर की खूबसूरती को बढ़ाएगा। गुरुवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण में अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब ने विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का प्रेजेन्टेशन देखकर मंजूरी दी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि रेजीडेंसी के पास डालीगंज तिराहे की ओर जाने वाली सड़क के किनारे लगभग 300 मीटर लंबाई में काफी खाली जगह है। वर्तमान में इस जगह पर कुछ लोग अवैध रूप से ठेले लगाते हैं। इस जगह सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा। इससे यातायात सुगम होगा। साथ ही सड़क किनारे प्लाजा विकसित होने से यहां नियोजित रूप से वेन्डिंग व पार्किंग स्पेस सृजित होगा। इस दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर कराये जा रहे वॉल व फ्लोर पेन्टिंग के कार्यों का भी प्रेजेन्टेशन दिया गया। वॉल पेन्टिंग के कार्य को प्रभावी तरीके से कराने के लिए बिड कराकर दक्ष संस्थाओं का चयन किया गया है, जिसमें दिशा फाउन्डेशन, अद्वैता, श्रीराम इंटरप्राइजेज व एमएस ग्रुप को प्राधिकरण में सूचीबद्ध किया गया है। अध्यक्ष ने हजरतगंज में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों की भी समीक्षा की। निर्देश दिए कि हजरतगंज में सड़क के बीच डिवाइडर पर लाइटें न लगाई जाएं।

बल्कि सड़क किनारे पोल लाइट व बोलार्ड पर लाइटें लगाएं। बैठक में मुख्य नगर नियोजक केके गौतम व प्रभारी मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी, अभियंता, आर्किटेक्ट व संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यों का प्रजेंटेशन देखतीं अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब।

▶▶ डालीगंज तिराहा, ग्वारी चौराहा, जनेश्वर व फ्रैगरेंस पार्क में लगेंगे थीम आधारित स्कल्पचर्स

### थीमेटिक वॉल पेन्टिंग से आएगी सुंदरता

नामित संस्थाओं द्वारा जनेश्वर मिश्र पार्क, रिवर फ्रंट, मधुरिमा फ्लाईओवर, ग्वारी फ्लाईओवर व लोहिया पार्क में गेट नंबर-3 के पास वॉल पेन्टिंग कराई जा रही है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि ग्रीन कॉरिडोर, हारमोनी पार्क, किसान बाजार, अर्जुनगंज, कमता फ्लाईओवर व लोहिया पथ के आसपास भी थीमेटिक वॉल पेन्टिंग कराई जाए। इसके अलावा जोन वार सर्वे कराकर वॉल पेन्टिंग के लिए अन्य उपयुक्त स्थान चयनित किए जाएं। इससे शहर के अलग-अलग स्थानों की खूबसूरती बढ़े। बैठक में डालीगंज तिराहा, ग्वारी चौराहा, जनेश्वर मिश्र पार्क, फ्रैगरेंस पार्क व कुकरैल रोटरी समेत सात स्थानों पर लगाये जाने वाले स्कल्पचर्स की डिजाइनों का प्रेजेन्टेशन दिया गया। उपाध्यक्ष ने बताया कि स्कल्पचर वर्क के लिए दक्ष संस्थाओं को सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें प्रसिद्धी इंजीनियर्स, कलरोथॉन, कराबी, आकृति ज्वैलक्राफ्ट आदि शामिल हैं।

### कुकरैल रोटरी पर रिवर लाइफ स्कल्पचर लगेगा

सभी स्थानों पर थीम आधारित स्कल्पचर्स लगाए जाएंगे। डालीगंज तिराहे के पास नक्षत्रशाला है, लिहाजा वहां साइंस एंड स्पेस थीम पर स्कल्पचर लगाया जाएगा। इसी तरह ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तहत विकसित किये जाने वाले कुकरैल रोटरी पर रिवर लाइफ आधारित स्कल्पचर लगाया जाएगा। इसके अलावा पार्कों में बच्चों को आकर्षित करने वाले स्कल्पचर स्थापित किये जाएंगे।

# लोकतंत्र के काले अध्याय के रूप में इमरजेंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इमरजेंसी के 50 वर्ष और आज का अधिनायकवाद विषय पर कामरेड अर्जुन प्रसाद स्मृति व्याख्यान के तहत सीपीएम लखनऊ के तत्वावधान में प्रेस क्लब में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता जनवादी लेखक संघ के राज्य सचिव नलिन रंजन सिंह ने की व संचालन प्रवीन सिंह ने किया। आलोचक वीरेन्द्र यादव ने अर्जुन प्रसाद के संघर्षों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कामरेड अर्जुन प्रसाद को श्रद्धांजलि देते हुए संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो. रमेश दीक्षित ने कहा कि इमरजेंसी को भारत के इतिहास में लोकतंत्र के काले अध्याय के रूप में हम याद करते हैं। यह वह समय था जब छात्रों का आंदोलन जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सड़कों पर था जिसने बाद में बहुत व्यापक रूप ले लिया। यही वह समय था जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही फैसलों को लेकर बहुत असंतोष था। 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के लोकसभा चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था।

25 जून की मध्यरात्रि में घोषित इमरजेंसी के बाद विपक्षी दलों के नेताओं को मीसा, डीआईआर जैसे दमनकारी कानूनों के तहत जेलों में ठूंस दिया गया और नागरिकों के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था। प्रेस की स्वतंत्रता समाप्त कर दी गई थी। 25 जून 1975 को लगी इमरजेंसी वह हादसा थी जिसने एक तरह से भारतीय समाज के रूपांतरण को रोक दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीपीएम जिला सचिव मधु गर्ग, सीपीआई राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप, प्रो रूपरेखा वर्मा, प्रो नदीम हसनैन, एडवा नेता सुमन सिंह और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक, किसान, छात्र और युवा संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।




कामरेड अर्जुन प्रसाद की स्मृति में परिसंवाद में बोलते साहित्यकार वीरेन्द्र यादव।

▶▶ इमरजेंसी के 50 वर्ष पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

### रंगकर्मियों को कम किराये पर मिले राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आर्टिस्ट फोरम ने कलाकारों के रंगतीर्थ के रूप में विख्यात राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह खोले जाने के फैसले पर खुशी जाहिर की है। फोरम के प्रतिनिधियों ने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलसचिव से प्रेक्षागृह का किराया कम करने, पहले की तरह से जयशंकर प्रसाद सभागार भी कम किराये पर उपलब्ध कराने और अतिथि कक्ष, गुलाबबाई कक्ष इत्यादि की पूर्वाभ्यास व्यवस्था बहाल करने के लिये पत्र सौंपा। फोरम के प्रतिनिधि इस संबंध में संस्कृति मंत्री को कलाकारों के हित में ज्ञापन सौंपेंगे। फोरम के संयोजक प्रभात मिश्र के साथ प्रतिनिधियों वरिष्ठ अभिनेता नरेन्द्र पंजवानी और संगीतकार सोनी त्रिपाठी ने डॉ. सृष्टि धवन से मुलाकात कर कलाकारों की समस्याओं से अवगत कराते हुए पहले की तरह किराया तीन हजार रुपये से बढ़ाकर कलाकारों और पंजीकृत संस्थाओं के लिए अधिकतम ड्योढ़ा ही रखे जाने का अनुरोध किया। संयोजक प्रभात मिश्र से बताया कि राय उमानाथ बली हाल मार्च 2020 से अब तक कलाकारों के लिये अनुपलब्ध था। तब इसका किराया वातानुकूल के साथ तीन हजार रुपये ही था। बली प्रेक्षागृह को विशेष रूप से रंगकर्मियों के लिए समर्पित करते हुए विश्व रंगमंच दिवस पर 27 मार्च 1987 को तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरबहादुर सिंह ने उद्घाटित किया था। रंगकर्म को प्रोत्साहित करने के नाते तब पंजीकृत रंग संस्थाओं के लिये बली प्रेक्षागृह का किराया मात्र डेढ़ सौ और वातानुकूलन किराए पर मात्र तीन सौ रुपये रखा गया था। उन्होंने बताया कि कला संस्थाओं को पूर्वाभ्यास के लिए नौटंकी कलाकार गुलाबबाई के नाम पर गुलाब बाई कक्ष भी चार चार घंटे की तीन शिफ्टों में मात्र एक सौ रुपये प्रति शिफ्ट प्रति दिन के किराए पर उपलब्ध होता था। यह सुविधा भी रंगकर्म प्रोत्साहन के नाते अधिकतम डेढ़ सौ रुपये सस्ती दरों पर बहाल की जानी चाहिए।

## सार-संक्षेप

### श्रवण हत्याकांड में बाबू खान को हाईकोर्ट ने दी जमानत

**अमृत विचार, लखनऊ:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शहर के चर्चित श्रवण साहू हत्याकांड में दोषी करार दिए गए अभियुक्त बाबू खान को जमानत दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया व न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की अवकाशकालीन खंडपीठ ने बाबू खान की ओर से दाखिल अपील के साथ पेश जमानत प्रार्थना पत्र को मंजूर करते हुए पारित किया है। बाबू खान की ओर से सह अभियुक्त अजय पटेल को मिली जमानत के आधार पर उसे भी जमानत दिए जाने की दलील दी गई। अजय पटेल को यह कहते हुए जमानत दी गई थी कि श्रवण साहू की हत्या करने के लिए साजिश रचने के मामले में अभियोजन उसके खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई साक्ष्य नहीं पेश कर सका था। उल्लेखनीय है कि श्रवण हत्याकाड में सीबीआई की विशेष अदालत ने 22 अगस्त 2024 को बाबू खान को हत्या की साजिश रचने के आरोप में उम्र कैद और एक लाख दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी थी। विचारण कोर्ट ने इस मामले में कुल आठ अभियुक्तों को दोषी करार दिया था। इस फैसले को पिछले साल ही अपील दाखिल कर बाबू खान ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### जगन्नाथ रथयात्रा में करेंगे गौ माता को राज्यमाता के दर्जे की मांग



श्री जगन्नाथ शोभा यात्रा निकलने से पूर्व दिवस पर प्रतिमाओं को सजाती भक्त।

**अमृत विचार, लखनऊ:** जगन्नाथ रथ यात्रा सेवा समिति की ओर से 27 जून को दोपहर 1.30 बजे निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा में श्रद्धालु गौ माता को राज्य माता का दर्जा मिलने की प्रार्थना करेंगे। इस संबंध में कार्यक्रम के संयोजक मनीष कुमार साहू एडवोकेट और उप संयोजक उत्तम कुमार ने बताया कि गुरुवार की शाम को महिलाओं ने राधा नाम कीर्तन कर श्रद्धालुओं को जगन्नाथ रथ यात्रा में आने का निमंत्रण दिया और उनसे अनुरोध किया कि वे रथयात्रा में आकर 11 बार राधा नाम का जपकर सबके भले की प्रार्थना के साथ साथ यह भी प्रार्थना करें कि उत्तर प्रदेश में गौ माता को राज्य माता का दर्जा मिले। रथयात्रा निकलने के पहले जगन्नाथ जी का अभिषेक किया जाएगा और उन्हें 56 भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही साथ सामूहिक हरिनाम कीर्तन भी होगा। इस अवसर पर विशेष रूप से डॉ. दिलीप अग्निहोत्री राज्य सूचना आयुक्त के अलावा रहीस सिंह मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री, जितेंद्र शर्मा एडवोकेट, राकेश शर्मा एडवोकेट, ज्वाला शर्मा गणेश शंकर पवार, विहिप मनोज मिश्र, विहिप अमूल्य रत्न शुक्ला, पंकज रस्तोगी आदि मौजूद रहेंगे।

### चांद नजर आते ही गम में डूब गया पुराना लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोहर्रम का चांद नजर आते ही पुराना लखनऊ कर्बला के शहीदों के गम में डूब गया है। घरों पर काले झंडे लग गए हैं। विक्टोरिया स्ट्रीट पर सबीलें लगाने का काम तेज हो गया है। महिलाओं ने सुहाग के प्रतीक उतार दिये हैं। लोगों ने काले लिबास पहन लिए हैं। अब सवा दो महीने तक सिर्फ कर्बला का गम ही सबसे अजीज रहेगा। इस दौरान कोई खुशी का काम नहीं। सुबह से रात तक सिर्फ मजलिसों का सिलसिला जारी रहेगा। पुराने शहर में काजमैन, कश्मीरी मोहल्ला, दरगाह हजरत अब्बास, घंटाघर और विक्टोरिया स्ट्रीट पर ताजियों की दुकानें सजा दी गई हैं। छोटे इमामबाड़े के पास जरीह की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गई है। एतिहासिक आसिफी इमामबाड़े से पहली मोहर्रम को शाही जरीह का जुलूस निकाला जाएगा।

# शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने मोहर्रम को लेकर लिखा पीएम मोदी को पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर देश भर में मोहर्रम के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था और जरूरी प्रशासनिक तैयारियों को सुनिश्चित करने की अपील की है। बोर्ड ने आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री सभी राज्यों को आवश्यक निर्देश जारी करें, जिससे मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूसों और मजलिसों का आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सके।

यह पत्र बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेंहदी नक़वी और राष्ट्रीय महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने संयुक्त रूप से लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि मोहर्रम खासतौर पर हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने कर्बला में मानवता और इंसानियत के लिए अपना बलिदान दिया। जिसमें 6 माह के बच्चे की शहादत भी शामिल है। मौलाना ने कहा कि मोहर्रम केवल शिया नहीं बल्कि हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी मज़हबों के लोग मानते हैं। मोहर्रम अत्याचार के ख़िलाफ़ संघर्ष और अमन, इंसाफ़ और इंसानियत का पैग़ाम है।

# महानगर अध्यक्ष ने मंडल अध्यक्षों को दिए मुखर्जी के चित्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि से आरंभ होकर आगामी छह जुलाई तक चलाए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई। कैसरबाग स्थित कार्यालय पर बुलाई गई बैठक में महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों और अभियान संयोजक शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि से शुरू हुए कार्यक्रम पार्टी द्वारा बूथ स्तर तक किए जाएंगे।

27 जून को सभी शक्ति केंद्रों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा जिस पर शक्ति केंद्र प्रवासी बूथ समिति कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। 29 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर वृक्षारोपण कर डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी। यही नहीं 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण का भी आयोजन होगा। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहेगी। प्रत्येक बूथ पर 10 पौधों का रोपण किया जाएगा। उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी अध्यक्ष द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को सौंपी। प्रत्येक बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम के आयोजन के लिए महानगर अध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों को शक्ति केंद्र स्तर पर वितरण के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र प्रदान किए ताकि प्रत्येक बूथ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हो सके। बैठक में मौजूद भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश फायर वर्क्स वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सतीश मिश्र और मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद लोग।

▶▶ कैसरबाग कार्यालय में आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

कार्यक्रम | कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर की

# भातखंडे विवि की कार्यशाला के प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में चल रही ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला अभिरुचि कार्यशाला मंच प्रस्तुति एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह में विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन, प्रो. कुमकुम धर, पंडित धर्मनाथ मिश्र, किरीट राठौड़ (आईपीएस) एवं शिक्षक, अधिकारी और शिक्षार्थी मौजूद रहे।

इस वर्ष ग्रीष्मकालीन मासिक कार्यशाला में प्रतिभागियों का विशेष उत्साह देखने को मिला। इस वर्ष की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में लगभग 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनकी उम्र 5 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक है। इन विद्यार्थियों ने शास्त्रीय गायन, बांसुरी, कथक, भरतनाट्यम, सितार, पखावज, तबला, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, ढोलक, लोकनृत्य और लाइट म्यूज़िक जैसे विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने संगीत, नृत्य एवं कला की विभिन्न विधाओं में अपनी अभिरुचि के अनुसार कुशल प्रशिक्षक के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा प्रशिक्षकों के दिशा निर्देशन में ही समापन दिवस के अवसर पर कार्यशाला में प्राप्त प्रशिक्षण का प्रदर्शन सभी आगंतुकों के समक्ष किया। कार्यशाला के समापन प्रथम दिवस के मंच प्रस्तुति कार्यक्रम में सर्वप्रथम कथक नृत्य में एकता मिश्रा के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों ने गुरु वंदना, तीन ताल मध्यलय में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। शास्त्रीय गायन में अभिषेक त्रिपाठी के निर्देशन में प्रतिभागियों ने राग यमन में एकताल, मध्यताल और तराना की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। वायलिन वादन में शगुन शुक्ला के निर्देशन में राग भूपाली की सुंदर प्रस्तुति दी। सितार वादन में मनोज कुमार के निर्देशन में प्रतिभागियों ने राग बिलावल का भावपूर्ण वादन प्रस्तुत किया। हारमोनियम वादन में कृष्ण कुमार मौर्य के निर्देशन में राग भूपाली की प्रस्तुति दी।



कार्यशाला के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कथक करती छात्राएं।

# एक से चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं संचारी अभियान की जिला टास्क फोर्स की पहली बैठक हुई। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की टास्क फोर्स की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को डीएमओ ने बताया कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई और 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू, मलेरिया के मच्छरों की ब्रीड पर रोक लगाने के लिए हॉट स्पॉट एरिया में मच्छर रोधी पौधों का रोपण किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर निगम को हॉट स्पॉट चिन्हित करते हुए पौधरोपण अभियान के अंतर्गत मच्छर रोधी पौधे लगाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने वार्ड वार मलेरिया डेंगू के हाट स्पॉट की जोन वार समीक्षा में सभी विभागों से समय पर माइक्रोप्लान बनाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएस. सिद्दीकी, डॉ. एपी मिश्रा, डॉ.बीएन यादव उपस्थित रहे।

▶▶ हॉट स्पॉट एरिया में मच्छर रोधी पौधे लगाए जाएंगे

▶▶ जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### कैफे की आड़ में चल रहा था हुक्का बार, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कपूरथला चौराहे के पास द संटोरिनी कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार में बुधवार रात अलीगंज पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने मैनेजर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, संचालक की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। मौके से हुक्का, चिलम, पाइप, सेंटेड तम्बाकू व अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस टीम को देखते ही वहां मौजूद लोग भागने लगे। मौके से हुक्का बार के मैनेजर वैभव श्रीवास्तव और कर्मचारी यश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

### कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पत्नी को पिलाया

**अमृत विचार, आशियाना :** थाना क्षेत्र में एक महिला को उसके पति ने कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। हालत बिगड़ने पर महिला किसी तरह अस्पताल पहुंची। हालत में सुधार होने के बाद पीड़िता मायके चली गई। पीड़िता ने शिकायत करने की बात कही तो पति ने अलग-अलग नंबरों से फोन कर उसे जान से मारने की धमकी दी। आशियाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शारदा नगर योजना के रजनीखण्ड में रहने वाली अंजली वर्मा ने बताया कि 16 जून की रात पति अर्पित ने कोल्डड्रिंक में जहर देकर जान से मारने की कोशिश की। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### तीन व्यापारियों को पीटा 13 पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम ई ब्लॉक मार्केट में बुधवार देर रात शराब ठेके के बाहर खुले में शराब पीने और बंद दुकानों के शटर पर पेशाब करने का विरोध करने पर दबंग युवकों ने तीन व्यापारियों को पीट दिया। तालकटोरा पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। व्यापारी नेता व चूड़ी दुकानदार अंकित बाजपेई ने बताया कि देर रात डी-ब्लॉक निवासी आलोक, दीपक, विशाल व उनके दस साथी खुले में शराब पीते हुए शटर पर पेशाब करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों उनकी, व्यापारी भवानी व रामकुमार रस्तोगी की पिटाई कर दी। व्यापारियों ने आलोक, दीपक और विशाल को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है।

# खुलासा : सौतेले पिता ने बेटी से किया था दुष्कर्म, धाराएं बढ़ीं

## मृतका की मां के बयान के आधार पर हुई कार्रवाई, महानगर पुलिस ने हत्या के प्रयास की भी धारा बढ़ाई, जांच टीम गठित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** महानगर में बीसीए छात्रा की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी सौतेले पिता पर दर्ज हत्या के मामले में गुरुवार को दुष्कर्म व हत्या के प्रयास की धारा बढ़ा दी है। पुलिस ने मृतका की मां के बयान के आधार पर धारा बढ़ायी है। जांच अधिकारी को दिए गए बयान में चश्मदीद मां ने बताया था कि आरोपी ने बेटी के साथ दरिंदगी की थी। घटना की रात भी गलत काम करने का प्रयास किया था। विरोध पर आरोपी ने गुस्से में उसकी हत्या कर दी थी। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच में एक टीम गठित कर दी है।

जांच अधिकारी इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मंगलवार को आरोपी को जेल भेजा गया था। छात्रा का अंतिम संस्कार करने के बाद बुधवार को पुलिस ने मां के बयान दर्ज किए थे। मां ने पुलिस को बताया कि आरोपी शुरुआत से उनकी बेटी पर गलत नजर रखता था। दो-तीन बार बेटी से दुष्कर्म किया था। सोमवार को भी वह बेटी पर दबाव बना रहा था। बेटी ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। फिर उनको भी जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया था। चाकू हाथ में लगने से वह बाल-बाल बच गई।

इंस्पेक्टर ने बताया कि बेटी से दुष्कर्म व पत्नी पर चाकू से वार के कारण दो और धाराएं बढ़ायी गयी हैं। इसके साथ ही जांच के लिए टीम गठित की गई है, जिसमें उपनिरीक्षक हरिओम पटेल, गजेंद्र सिंह व अरुण को शामिल किया गया है। जल्द ही आरोपी को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दी जाएगी। रिमांड मिलने के बाद आरोपी से कई सवालों का जवाब मिलेगा।

### खौफ, बदनामी के चलते साध ली थी चुप्पी

जांच में सामने आया कि छात्रा ने सौतेले पिता का पहले भी कई बार विरोध किया था। मां के रिश्ते के बचाने को लेकर उसने उनसे कुछ भी नहीं बताया था, लेकिन बार-बार आरोपी उसपर दबाव बनाने लगा था। इस बात से परेशान होकर उसने अपनी मां को आपबीती बतायी। आरोपी ने शिकायत करने पर मां बेटी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी की धमकी, बदनामी और बेटी के भविष्य को देखते हुए उन्होंने चुप्पी साध ली थी। साथ ही बेटी को समझाकर शांत करा दिया था।

### कौन थे वे आठ लोग

हत्या के बाद कोतवाली पर पहुंचे वकीलों के वेशभूषा में आठ लोगों के बारे में पुलिस जांच कर रही है। मामले में संपत्ति का विवाद भी आ रहा था। सूत्रों की माने तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मृतका की मां से छिपाकर सारी संपत्ति बिकवा दी थी। सिर्फ महानगर स्थित मकान ही बचा था।

### आरोपी का मोबाइल पुलिस ने खंगाला

पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर कब्जे में ले लिया है। पूरी वारदात कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस आरोपी का मोबाइल फोन खंगाल रही है। माना जा रहा है कि आरोपी के फोन में छात्रा की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी हैं। इसके साथ ही व्हाट्सएप व अन्य सोशल मीडिया एकाउंट की भी हिस्ट्री खंगाली जा रही है।

### महिला ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव के सेमरा में बुधवार को बबली (25) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सेमरा निवासी मजदूर रवि की शादी छह वर्ष पहले बबली (25) के साथ हुई थी। बुधवार सुबह रवि रोज की तरह काम पर चले गए। घर पर बबली व परिवार के अन्य लोग थे। सुबह 11 बजे भतीजे ने कमरे से बबली के तीन वर्ष के बेटे कार्तिक के रोने की आवाज सुनी। काफी देर तक चुप न होने पर वह कमरे में गया तो बबली को पंखे से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकी देखा। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि मायके वालों ने अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया है।

# टायर फटने से अनियंत्रित बोलेरो ने महिला को रौंदा

## महिला की मौत, बोलेरो पलटी, तीन लोग बाल-बाल बचे

संवाददाता, मोहनलालगंज

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गौरा में गुरुवार को टायर फटने से अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे टहल रही महिला को रौंद दिया। इसके बाद बोलेरो गड्ढे में जाकर पलट गई। हादसे में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तेलीबाग निवासी फर्नीचर व्यापारी छत्रपाल परिवार के साथ मोहनलालगंज के गौरा में रहते हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी शिवदेवी (48) गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच टहलने निकली थी। जैसे ही वह गौरा गांव के पास पहुंची, तभी रायबरेली से लखनऊ की तरफ आ रही बोलेरो का अगला टायर फट गया। टायर फटने से बोलेरो अनियंत्रित होकर शिवदेवी को रौंदते हुए सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। राहगीरों की मदद से आनन-फानन में शिवदेवी को सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें एपेक्स ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां इलाज के दौरान शिवदेवी की मौत हो गयी। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि छत्रपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर बोलेरो को कब्जे में ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि टायर फटने से बोलेरो बेकाबू हो गई। बेकाबू गाड़ी देख लोग चीख पुकार मचाते हुए इधर-उधर भागने लगे। शिवदेवी बोलेरो की चपेट में आ गई। वहीं, पास से गुजर रहे तीन अन्य लोगों की जान बच गई।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



राहुल

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज के मऊ में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वही, पीछे बैठा साथी घायल हो गया। मऊ गवि निवासी होमगार्ड गुरुप्रसाद का बड़ा बेटा राहुल रावत (26) अपने साथी सुधीर रावत (30) के साथ बाइक से गुरुवार को अतरौली मोड़ से घर लौट रहा था। बाइक राहुल चला रहा था। वह कुछ दूर आगे बढ़े ही थे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों कुछ दूर बाइक समेत घिसटते चले गए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सुधीर का एपेक्स ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। मृतक के परिवार में पत्नी सरला व दो मासूम बेटे यश व अयांश है।

### अभद्रता के विरोध पर युवती को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार इलाके में अभद्रता का विरोध करने पर तीन युवकों ने युवती को सरेराह पीटा। फिर बाल पकड़कर सड़क पर खींचा। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। मूल रूप से सीतापुर निवासी सुषमा गोमतीनगर विस्तार स्थित पटेलनगर में रहती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मंगलवार देर रात वह घर के बाहर खड़ी थी। इसी बीच वहां नीरज, गोविंद और सूरज पहुंचे। तीनों ने पीड़िता से अभद्रता शुरू कर दी। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे सड़क पर ही पीटना शुरू कर दिया।

# गार्ड को बंधक बनाकर लूटपाट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रस्सी से बांधा, कमरे में बंद कर पीटा
- सुबह पुत्र ने कराया बंधनमुक्त घायल को पहुंचाया अस्पताल
- इटौंजा थाने में दर्ज करवाई नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार :** इटौंजा के मुन्नू पुरवा गांव में जल मिशन के टंकी निर्माण स्थल पर बुधवार देर रात बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने रात में ड्यूटी कर रहे गार्ड को मारपीट कर रस्सी से बांधकर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद बदमाश लाखों रुपये का सामान लूटकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह बेटा वहां पहुंचा तो पिता को मुक्त कराया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने बदमाशों में शामिल एक की पहचान करते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

ग्राम पंचायत अटेसुआ के मजरा मुन्नू पुरवा में जल मिशन की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। वहां पर गार्ड शिवकुमार तैनात है। शिवकुमार का आरोप है कि बुधवार देर रात अवधेश निवासी अटेसुआ ने तीन-चार साथियों संग धावा बोल दिया। बदमाशों ने शिवकुमार को रॉड से पीटा। मारपीट से वह घायल हो गए। इसके बाद बदमाशों ने शिवकुमार को रस्सी से बांधकर कमरे में बंद कर दिया।

बंधक बनाने के बाद बदमाश पांच बैटरी, सोलर पैनल और अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। बदमाशों ने बाउंड्रीवाल के मेन गेट, कमरे के दरवाजे और जनरेटर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। गुरुवार सुबह बेटा कमरे पर पहुंचा तो पिता को घायल हालत में बेहोश पाया। बंधन मुक्त कराने के बाद घायल गार्ड को इलाज के लिए ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा भेजा, जहां से उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

घरवालों ने बताया कि कल उन्हें बलरामपुर अस्पताल ले जाया जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही इटौंजा इंस्पेक्टर मारकंडेय ने बताया कि गार्ड को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजकर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। मामले की जांच की जा रही है। जल मिशन योजना के अवर अभियंता मोहम्मद तैय्यब ने बताया कि जल मिशन के पंप पर काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने थाने में तहरीर दी है।

# थाने के सामने किया प्रदर्शन

## आरोपी चालक को छोड़ने से नाराज लोगों ने सड़क जाम की

संवाददाता, माल




माल थाने के गेट के सामने प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र स्थित शिव मंदिर दर्शन कर घर वापस जा रही सुधा (55) को रौंदने वाले वैन चालक को छोड़ने का आरोप लगाते हुए परिजन व ग्रामीणों ने माल थाने के सामने जमकर प्रदर्शन किया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने लाठी पटककर भीड़ को खदेड़ दिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे कई लोगों को हिरासत में लिया है।

बताते चलें कि आजादनगर निवासी सुधा बुधवार सुबह थाने बगल में स्थित शिव मंदिर से दर्शन कर घर जा रही थी। तभी वैन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल सुधा की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को परिजन ने अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चालक को हिरासत में लिया था।

गुरुवार को अंतिम संस्कार कर शाम लगभग पांच बजे मृतक के परिजन थाने के गेट के सामने पहुंचे। उसके बाद माल-मलिहाबाद रोड को जाम कर आरोपी को छोड़ देने के विरोध में प्रदर्शन शुरु कर दिया। पुलिस के खिलाफ परिजन व ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने आक्रोशित परिजन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने।

### युवती व साथियों को पीटा, की छेड़छाड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी के न्यू हजरतगंज में दो दोस्तों के साथ अपनी गिरवी बाइक मुक्त कराने पहुंची युवती को परिचित व उसके पांच साथियों ने पीट दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने साथियों को भी पीटा और धमकाते हुए भाग निकले। आरोप है कि आरोपी ने छेड़छाड़ के साथ ही कॉल कर अश्लील बातें करते हुए धमकाया। पीड़िता ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। कानपुर रोड निवासी युवती निजी कंपनी में काम करती है। कुछ समय पहले पीड़िता ने परिचित अंकित कश्यप के पास अपनी बाइक गिरवी रखकर ब्याज पर रुपये लिए थे।

# लग्जरी गाड़ियों से करते थे ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के सुनसान इलाकों के राहों पर लग्जरी गाड़ियां खड़ी कर साइबर ठगी का खेल चल रहा है। गाड़ियों में बैठे युवकों के हाथों में लैपटॉप और मोबाइल होते हैं। इनके जरिये लोगों को निवेश, ऑन लाइन ट्रेडिंग व गेमिंग ऐप में रुपये निवेश कराते। इसके बाद अपना जगह बदल देते। गिरोह के सदस्यों ने अपने रहने के लिए पॉश इलाकों में स्थित महंगे होटलों में ठिकाना बना लिया है।

यह खुलासा शनिवार को पकड़े गये चीन साइबर जालसाज गिरोह के आठ एजेंटों से पूछताछ और उनके पास मिले दस्तावेजों से हुआ। पुलिस आरोपियों ने जिन होटलों में ठिकाना बनाया था। उनकी जानकारी जुटा रही है। साथ ही एक रोड मैप तैयार कर रही है। जिन रास्तों पर गाड़ियां खड़ी कर ठगी करते थे।

चीन साइबर जालसाज गिरोह के आठ एजेंटों को पुलिस ने पकड़ा। गिरोह के पास से चार लग्जरी गाड़ियां, 16 महंगे मोबाइल मिले। आरोपियों के मोबाइल को जांच के लिए पुलिस लैब भेज रही है। ताकि उनके डिलीट किये गये डाटा को रिकवर किया जा सके। पुलिस के मुताबिक बरामद 16 मोबाइलों की कीमत करीब 9 से 10 लाख रुपये है। वहीं एक से सवाल लाख रुपये तक के लैपटॉप मिले हैं। चार गाड़ियों की कीमत करीब 60 से 75 लाख रुपये हैं। जिस होटल में ठिकाना बनाया था। वहां एक रात ठहरने के लिए 3000 से 3500 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इस लग्जरी लाइफ जीने के लिए आरोपियों द्वारा ठगी के लाखों रुपये खर्च किये गए हैं।

### इंदिरानगर निवासी युवक के इनपुट से खुलासा

चीन के साइबर जालसाज गिरोह के एजेंटों को पुलिस ने इंदिरानगर निवासी युवक की शिकायत पर पकड़ा। मूलतः सीतापुर के जेल रोड परेड मोहल्ला का अजय प्रताप सिंह इंदिरानगर के बुद्ध विहार में रहता है। अजय ने साइबर क्राइम थाने को सूचना दी कि सत्यम तिवारी नाम का युवक चीन के कई फर्जी टेलीग्राम ग्रुपों से जुड़ा है। उसके संपर्क में चीन के जालसाज हैं। वह भोले-भाले और जरूरतमंदों को झांसे में रखकर खाते खुलवाकर, क्रेडिंशियल चोरी कर खातों की जानकारी ग्रुप में शेयर करवाता है। इसके बाद ठगी के रुपये का लेनदेन इन्हीं खातों में किया जा रहा है। पुलिस ने इस इनपुट पर एक टीम गठित कर देर रात को सुल्तानपुर रोड छापा मारकर गिरोह का खुलासा किया।

### दिनदहाड़े फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार स्थित शालीमार वन वर्ल्ड में चोरों ने बंद फ्लैट को निशाना बनाया। दिनदहाड़े फ्लैट का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया।

वहीं, नाका स्थित अमन अपार्टमेंट में फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, जेवर व इलेक्ट्रानिक सामान समेत लाखों का माल चोरी कर लिया। पुलिस दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। मूल रूप से जहानागंज आजमगढ़ निवासी विपुल सिंह शालीमार वन वर्ल्ड में रहते हैं। 24 जून को वे नोएडा में थे। सुबह करीब आठ बजे पत्नी आफिस चली गयी थी। रात करीब दस बजे पत्नी वापस लौटी तो फ्लैट का ताला टूटा मिला। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा और आलमारी का लॉकर खुला पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही गोमतीनगर विस्तार पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

### साइबर थाने से होगी अंतरराष्ट्रीय ठगी के मामले की जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेंटा हाउस किराए पर लेकर ऑन लाइन गेमिंग एप से ठगी करने वाले 15 जालसाजों को पीजीआई पुलिस ने 12 जून को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, नकदी व ऑन लाइन गेमिंग एप, सट्टा व निवेश के नाम पर ठगी के साक्ष्य मिले थे। आरोपियों को जेल भेज दिया गया। करीब 10 दिन बाद इस मामले को साइबर क्राइम थाना ट्रांसफर कर दिया गया है। इस मामले की जांच अब साइबर थाने से की जाएगी। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक जांच ट्रांसफर होकर आई है। जल्द मामले का विवेचक तय कर दिया जाएगा।

# कारोबारी को दो दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर ठगे 47 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर के विनयखंड की घटना, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने कारोबारी को दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। धमकाया कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की रिपोर्ट दर्ज है। गिरफ्तारी से बचना है तो बताये गये खातों में रुपये ट्रांसफर करें। साथ ही परिवार के सदस्यों को भी डिजिटल अरेस्ट किए जाने की जानकारी देने से मना किया था। आरोपियों ने कारोबारी से दो बार में 47 लाख रुपये ठग लिये। इसके बाद रुपये की मांग की तो संदेह हुआ। उसने बेटी को जानकारी दी। इसके बाद साइबर क्राइम थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

विनयखंड निवासी रविंद्र वर्मा चमड़े का सामान बनाने व बेचने का कारोबार है। रविंद्र के मुताबिक 20 जून की सुबह करीब 10.30 बजे अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने मुंबई के अंधेरी थाने से होने का दावा किया। आरोपी ने कहा कि रविंद्र के आधार कार्ड का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों के लिए हो रहा है। यह शिकायत मिलने पर अंधेरी थाने में कारोबारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुआ है। इसके बाद कॉल कट गई। मुंबई में रिपोर्ट दर्ज होने की बात से कारोबारी डर गए। वह कुछ समझ पाते। उससे पहले ही अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई। दूसरी तरफ पुलिस की वर्दी में एक व्यक्ति दिखा। वीडियो कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया। रविंद्र से कहा कि आप मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल है। गिरफ्तारी के लिए आर्डर मिले हैं। हम एक मौका देते हुए डिजिटल अरेस्ट कर रहे है। पीड़ित ने इंडसइंड बैंक चिनहट ब्रांच से दो खातों में करीब 47 लाख रुपये भेजे। इसके बाद भी रुपयों की मांग की गई।

## सार-संक्षेप

### साइबर ठग ने महिला समेत तीन के खाते से उड़ाए 2.59 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाज ने महिला समेत तीन के खातों से 2.59 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने बैंककर्मी बनकर फंसाया तो कहीं उपहार का झांसा दिया। साइबर ठगी के यह मामले मड़ियांव, बीकेटी और पीजीआई के हैं। पुलिस तीनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। मड़ियांव के दाउदनगर निवासी प्रभात तिवारी, बीकेटी के रूक्मणी विहार कॉलोनी निवासी राकेश कुमार महेंद्र और कैंट के दुर्गापुरी कॉलोनी निवासी विद्यावती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### कालाबाजारी में तीन दुकानदारों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने खाद दुकानों का औचक निरीक्षण के बाद की गयी जांच में गुडंबा इलाके में कालाबाजारी किए जाने का पता चला। जिला कृषि अधिकारी ने तय कीमत से अधिक दाम पर खाद और यूरिया बेचने वाले तीन दुकानदारों के खिलाफ गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। 22 जून को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कुर्सी रोड स्थित किसान खाद भण्डार, इटौंजा के पाल खाद भण्डार और गोसाईंगंज के ओम प्रकाश खाद दुकान का निरीक्षण किया था। औचक निरीक्षण के दौरान कई किसानों ने तय दाम से अधिक पर खाद और यूरिया बेचे जाने की शिकायत की थी। जिसके बाद कृषि अधिकारी ने जांच की। इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खाद विक्रेता ओम प्रकाश, आलोक और अमर पाल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### इलाज के लिए आए व्यक्ति की कटी जेब, 90 हजार गायब

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेपालगंज से इलाज के लिए लखनऊ आए एक व्यक्ति की जेब काटकर बदमाश 90 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। दो बदमाश अगल-बगल सवारी बनकर बैठे थे। पीड़ित ने घटना की सूचना चिनहट पुलिस को दे दी है। नेपालगंज निवासी राम धीरज कौशल ने गुरुवार दोपहर अवध बस अड्डे से पर उतरे। उन्हें इलाज के लिए सरयू एंक्लेव निवासी बेटी के पास जाना था। पीड़ित धीरज ऑटो पर नीलमथा तक जाने के लिए बैठ गए। उनके अलग-बगल दो युवक आकर बैठ गए। इसी बीच दोनों युवक ऑटो से कूद कर भाग गए। दोनों बदमाशों के भागने के बाद पीड़ित ने जेब चेक की तो 90 हजार रुपये गायब थे। चिनहट पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रही है।

### छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, आलमबाग :** हाईस्कूल छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी बुक डिपो कर्मी को आलमबाग पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सुभाष सरोज ने बताया कि आरोपी उन्नाव के हसनगंज का रहने वाला दिलीप कुमार है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि आरोपी ने दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर दो माह तक यौन शोषण किया था। फिर 40 हजार की मांग की थी। इनकार पर वीडियो वायरल कर दिया था।

### रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**अमृत विचार, निगोहां :** थाना क्षेत्र के दखिना गांव में बुधवार रंजिश को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दखिना गांव निवासी दीपू ने बताया कि बुधवार रात वह घर में सो रहे थे। इसी दौरान रंजिश के चलते देर रात विकास तिवारी अपने भाई आकाश तिवारी और साथी मनोज सिंह के साथ नशे में उनके घर में घुस गए। तीनों ने उन्हें डंडों से पीटा। वहीं, मनोज ने भी देवानंद, दीपू, रजनीश व गौरी पर उन्हें पीटने का आरोप लगाया है। एसओ अनुज तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# छापे के पहले ही लोला ने विदेशी साथियों को हटाया

## फार्म-सी भरने के समय हुआ खुलासा, जांच के नाम पर हो रही खानापूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्लास्टिक सर्जन से कई विदेशी महिलाओं ने कराई थी सर्जरी

**अमृत विचार :** पुलिस की लापरवाही के कारण उज्बेकिस्तान की लोला ने पिछले आठ वर्षों से अपने गिरोह का ठिकाना लखनऊ में बना रखा था। लोला की कुछ पुलिसकर्मियों से सांठगांठ थी। यही वजह थी कि जब पुलिस ने छापा डाला तो इसकी सूचना लोला को मिल गई। लोला ने अपने कई विदेशी साथियों को न्यू हजरतगंज बिल्डिंग से हटा दिया था। वहीं, पुलिस इस संवेदनशील मामले के खुलासे के बाद भी लोला, डॉ. विवेक, त्रिजिन राज उर्फ अर्जुन राणा को पकड़ने में नाकाम रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि लोला पिछले आठ वर्षों से लखनऊ में रह रही थी। लखनऊ में आने के बाद अपने दो साथी राजाजीपुरम निवासी जनक प्रताप सिंह और तेलीबाग निवासी त्रिजिनराज की मदद से भारतीय नागरिक होने के दस्तावेज तैयार कराये थे। इसमें आधार कार्ड, पैन समेत अन्य शामिल हैं। इनकी मदद से लोला ने जनक के साथ कागजों में शादी भी कर ली और खुलकर यहां रहने लगी। कुछ दिनों पहले लोला ने खुद फार्म-सी भरा तो उसके बारे में विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) की टीम उसके बारे में जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस की मदद से जांच करवाई गई तो पता चला, लेकिन उससे पहले ही लोला ने अपनी सभी साथियों को भगा दिया। फिर खुद भी त्रिजिन राज के साथ यहां से निकल गई। इसके बाद पुलिस ने लोला के साथ उसकी मदद करने वाले त्रिजिनराज व सर्जरी करने वाले डा. विवेक गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। इससे साफ है कि पुलिस की लापरवाही के कारण यह गिरोह इतने लंबे समय तक सक्रिय रहा। सवाल यह है कि आखिर पुलिस क्यों नहीं समय रहते कार्रवाई कर पाई? इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### सर्जरी के पहले नहीं भरा गया फार्म-सी

पुलिस की जांच में सामने आया कि लोला का सीधा संबंध डॉ. विवेक गुप्ता से था। लोला के कहने पर डॉ. विवेक ने कई विदेशी महिलाओं की प्लास्टिक सर्जरी की थी। विदेशी इलाज के से पहले न तो डॉ. विवेक गुप्ता ने फार्म-सी भरा न ही पुलिस को सूचना दी। जबकि नियम है कि विदेशी का इलाज कराने से पहले डॉक्टर को फार्म-सी भरना होता है। सूत्रों के मुताबिक डॉ. विवेक अपने अस्पताल में बैठकर मरीजों का इलाज शुरू कर दिया है। हालांकि पुलिस अभी उनके बारे में सुराग न होने की बात कह रही है।

# कथावाचक के फ्लैट में घुसकर हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी व बेटा गंभीर रूप से घायल, दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** बीबीडी स्थित गोयल हाइट्स में दो दबंगों ने कथावाचक के फ्लैट में घुसकर परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी ने पत्नी, बेटा व बेटी को बुरी तरह पीटा। हमले में पत्नी व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीबीडी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गोयल हाइट्स अपार्टमेंट के टॉवर नंबर-8 निवासी कथावाचक अरविंद तिवारी ने बताया कि मंगलवार शाम 4:15 बजे वह घर में नहीं थे। इसी दौरान पुराने विवाद को लेकर दयाराम पुरवा निवासी अनुराग यादव और अभिषेक यादव फ्लैट पर पहुंचे। दोनों आरोपी गाली-गलौज करते हुए अंदर घुस गए। विरोध करने पर आरोपियों ने पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। चीख सुनकर बेटा अभिषेक तिवारी और बेटा प्रगति तिवारी दौड़े तो आरोपियों ने उनपर भी धारदार हथियार से वार किया। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि अरविंद का बेटा और अभिषेक यादव दोनों दोस्त थे। कुछ दिन पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज हुई थी।

## एक नजर

### विद्यालयों को नगरीय सीमा में शामिल करने का किया स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊः** शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों को नगरीय सीमा में सम्मिलित करने के फैसले का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्वागत किया है। यह जानकारी देते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि जनपदों में ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित विद्यालयों को नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना के कारण नगरीय सीमा में शामिल करने की मांग संघ के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। इसको लेकर कई बार उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया था।

### रिकार्ड युवाओं ने मुफ्त कोचिंग के लिए किया आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊः** अभ्युदय कोचिंग में इस बार रिकार्ड 30 हजार युवाओं ने मुफ्त कोचिंग लिए पंजीकरण कराया है। राजधानी में सबसे अधिक आवेदन आए हैं। इसका नया सत्र 1 जुलाई से शुरू हो रहा है। प्रदेश के 162 कोचिंग सेंटरों पर विशेषज्ञों की मदद से प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी कराई जाती है। राजधानी में संचालित 11 केंद्रों पर सबसे अधिक आवेदन आए हैं। 25 जिलों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। छात्रों को सिविल सर्विसेज, नीट, जेईई मेंस व एडवांस, बैंकिंग व एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस व पीसीएस अधिकारी फैकल्टी के रूप में कोचिंग सेंटरों में क्लास लेकर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।

### क्रिकेट मैच में लखनऊ टीम ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊः** एलसीपीए मैदान पर गुरुवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में लखनऊ और कानपुर की टीमों के बीच में मैच हुआ जिसमें लखनऊ की टीम ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, महासचिव अनिल यादव, एडवोकेट संजीव पांडे, अर्शी रजा, शिवकांत, राजेंद्र पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईआईएम में पहली बार आधे छात्र गैर तकनीकी पृष्ठभूमि के

## 32 प्रतिशत छात्राओं ने पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया, इस वर्ष के बैच में 643 छात्र शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


उद्घाटन समारोह में मौजूद आईआईएम के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ में प्रथम बार करीब 50 प्रतिशत छात्र गैर इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के प्रवेश लिए हैं। इसके अलावा 32 प्रतिशत छात्राओं ने आईआईएम के पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-2027 की शुरुआत कुल 643 छात्र-छात्राओं से हुई है। जिनमें से 49.3 प्रतिशत छात्र गैर-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से और 50.70 प्रतिशत इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं। यह एक बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है कारण कि आमतौर पर अधिकांश प्रबंधन छात्र इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से आते रहे हैं।

संस्थान के पीजीपी और पीजीपी-एबीएम पाठ्यक्रमों में छात्रों के अनुभव स्तरों में विविधता देखी जा रही है, जिसमें क्रमशः 32 प्रतिशत और 68 प्रतिशत नए स्नातकों ने प्रवेश लिया है। उद्घाटन समारोह में सेबी के पूर्णकालिक सदस्य और आईआईएम लखनऊ के पूर्व छात्र अनंत नारायण ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. संजीत सिंह, डीन फैकल्टी प्रो. संजय के सिंह, डीन प्रोग्राम्स प्रो. पुष्पेंद्र प्रियदर्शी, चेयरपर्सन, डॉ. प्रोग्राम प्रो. दीप्ति गुप्ता, चेयरपर्सन, पीजीपीएसएम प्रो. आलोक दीक्षित, चेयरपर्सन, पीजीपी भी उपस्थित थे।

**तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्रामः** यह प्रोग्राम छात्रों को संस्थान की संस्कृति, शैक्षणिक किगोर और उपलब्ध अवसरों से परिचित कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस दौरान छात्रों को उद्योग और शिक्षा जगत के विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के अवसरों की व्यापक समझ मिलेगी।

> आईआईएम में आपको अलग करने वाली महत्वपूर्ण सोच, पुरानी धारणाओं को चुनौती देने और भावनात्मक बुद्धिमत्ता व स्पष्ट दिमाग के साथ समस्याओं का सामना करने की क्षमता होगी। छात्रों को अकादमिक उत्कृष्टता, अंतः विषय शिक्षा और नेतृत्व विकास के साथ पोषित करने का प्रयास रहेगा।
>
> प्रो. संजीत सिंह, डीन ऑफ फैकल्टी, आईआईएम, लखनऊ

> जैसे ही आप प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक परिवर्तन में क्वांटम छलांग से आकार लेने वाले भविष्य में कदम रखते हैं, याद रखें कि सफलता को इस बात से मापें कि यह आपके अपने मूल्यों के साथ कितनी निकटता से जुड़ती है। आपके भीतर का मित्र, आपकी आंतरिक आवाज, आपका सबसे विश्वसनीय कम्पास होगा। एकांत के क्षणों में, स्पष्टता उभरेगी। उसे आपका मार्गदर्शन करने दें।
>
> –अनंत नारायण, पूर्णकालिक सदस्य, सेबी

### इन पाठ्यक्रमों में हुए प्रवेश

- 57 छात्र 22वें पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट (पीजीपी-एबीएम) में
- 46 छात्र 11वें पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन सस्टेनेबल मैनेजमेंट (पीजीपी-एसएम) में
- 20 छात्र 26वें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) प्रोग्राम में
- पीजीपी में 32% और पीजीपी-एबीएम में 68% नए स्नातक

## नशा नाश की जड़ है, जीवन को कहें हां, ड्रग्स को ना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं तस्करी निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान चलाया। सभी ने इस बात का संकल्प भी लिया कि नशे से दूर रहेंगे और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करेंगे। जागरूकता अभियान में अंडर ऑफिसर अंजलि वाजपेई, सिद्धि यादव, बुशरा हामिद, महिमा, निष्ठा, प्रीति, गरिमा, खुशी सिंह, आस्था, आंचल, रजनी, कशिश, खुशी निषाद, अर्पिता, भूमिका, छवि, सृष्टि, अपूर्वा, इशिता आदि कैडेट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# लविवि ने सम सेमेस्टर 2025 के पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल किए घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं इसके संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रछात्राओं के सम सेमेस्टर 2025 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित कर दिए हैं। सभी संबंधित परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना विस्तृत परीक्षाफल देख सकते हैं। घोषित परिणामों में शामिल पाठ्यक्रम और विषय में एल.एल.बी. (3 वर्षीय पुराना पाठ्यक्रम), सेमेस्टर चार , एम.एससी. (कृषि) एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन, सेमेस्टर चार , एम.एससी. (कृषि) एग्रोनॉमी, सेमेस्टर चार, एमएससी (कृषि) हॉर्टिकल्चर, सेमेस्टर चार, एम.एससी. (कृषि) – सॉइल साइंस एंड एग्रीकल्चर केमिस्ट्री, सेमेस्टर चार , एम.एससी. (ए.आई.एच.) – ग्रुप बी, सेमेस्टर दो ,एम.वी.ए. (कैम्पेन विजुअलाइजेशन), सेमेस्टर दो , एम.वी.ए. (इलस्ट्रेशन), सेमेस्टर दो ,एम.वी.ए. (फोटोग्राफी), सेमेस्टर दो , एम.वी.ए. (सिरेमिक्स), सेमेस्टर दो, एम.वी.ए. (क्रिएटिव पेंटिंग), सेमेस्टर दो, एम.वी.ए. (लैंडस्केप पेंटिंग), सेमेस्टर दो ,एम.वी.ए. (म्यूरल), सेमेस्टर दो , एम.वी.ए. (पोर्ट्रेट पेंटिंग), सेमेस्टर दो , एम.वी.ए. (प्रिंटमेकिंग), सेमेस्टर दो , एम.वी.ए. (ब्रॉन्ज कास्टिंग), सेमेस्टर दो, एम.वाई.ए. (पोर्ट्रेट एंड लाइफ) शामिल हैं।

# राष्ट्रीय रक्षा विवि और यूपी के तकनीकी विवि में हुआ समझौता

- राज्यपाल आनंदी बेन के साथ एकेटीयू कुलपति भी रहे मौजूद
- गुजरात की राजधानी गांधीनगर में स्थित है राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


भ्रमण के दौरान राज्यपाल आनंदी बेन और एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय।

**अमृत विचारः** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय और इससे जुड़े अन्य तकनीकी विश्वविद्यालयों के साथ गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय ने समझौता किया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं। राज्यपाल ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का भ्रमण भी किया। इन समझौता ज्ञापनों के अंतर्गत जिन प्रमुख बिंदुओं पर सहमति बनी हैं उनमे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और नवीन तकनीकों के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान व विकास, विविध शोध कार्य मिलकर किया जाएगा।

समझौते के तहत शिक्षकों व विद्यार्थियों का आपस में आदान-प्रदान, विश्वविद्यालयों की विविध अकादमिक गतिविधियों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समन्वय के साथ ही तकनीकी उपकरणों, इनक्यूबेशन सेंटर, कौशल विकास संसाधनों का सामूहिक व साझा उपयोग किया जाएगा। इस समझौता के तहत इंजीनिरिंग के छात्रों का राष्ट्रीय रक्षा आवश्यकताओं में प्रयोग करना और देश की रक्षा जरूरतों के हिसाब से अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है।

### इन विश्वविद्यालयों से हुआ समझौता

हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय कानपुर, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर शामिल हैं।

### रक्षा विश्वविद्यालय में राज्यपाल ने लगाए पौधे

उत्तर प्रदेश और गुजरात के शैक्षणिक संस्थानों के बीच तकनीकी नवाचार, सुरक्षा अध्ययन एवं व्यावसायिक कौशल के क्षेत्र में एक समन्वित ढांचा तैयार करने के अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर सभी ने सहमति प्रगट किया।

# कुलपति ने बतौर कर्नल कमांडेट बटालियन का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कर्नल कमांडेंट के रूप में कुलपति डॉ. आलोक राय।

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय कर्नल कमांडेंट ने 64 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित कैम्प का निरीक्षण किया। दस दिवसीय कैंप में 515 कैडेट्स ट्रेनिंग ले रहे हैं। इस अवसर पर कैंप के क्वाटर गार्ड पर गॉर्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया तत्पश्चात कुलपति द्वारा कैंप का निरिक्षण जिसमे गर्ल्स कैडेट्स का लिविंग एरिया बॉयज कैडेट्स का लिविंग एरिया और डायनिंग एरिया का निरिक्षण किया गया। कार्यक्रम में प्रो. राय ने कैडेट्स और अधिकारियों से संवाद किया, उनके समर्पण की सराहना की और युवाओं के विकास में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। इस अवसर पर 64 यूपी बटालियन के कॉमन अधिकारी कर्नल पीपीयस चौहान एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनिमेष राय, क्रिस्चन कॉलेज के प्रिंसिपल, सूबेदार मेजर आशीष सिंह, 64 यूपी बटालियन के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ.) रजनीश कुमार यादव और 3 यूपी नेवल के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर प्रो. डीके सिंह व अन्य एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर तथा ट्रेनिंग जेसीओ व ट्रेनिंग एनसीओ उपस्थित रहे।

## भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार से मिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा सलाहकार और यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. धीरेंद्र पाल सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय को नैक द्वारा प्राप्त बी डबल प्लस ग्रेडिंग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसकी सफलता के लिए कुलपति एवं संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। मुलाकात के दौरान प्रो. सिंह ने कुलपति प्रो. तनेजा द्वारा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, अधोसंरचना विकास, और नवाचार को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने तेजी से प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाए हैं और यह प्रदेश में एक उत्कृष्ट मॉडल विश्वविद्यालय के रूप में उभर रहा है।

# एकेटीयू के चार संस्थानों में 140 करोड़ से बनेंगे सेंटर फॉर एक्सीलेंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के चार सहयुक्त संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना होगी। इसके लिए एकेटीयू की ओर से 140 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे इंजीनियरिंग में कोर ब्रांच की पढ़ाई करने वाले छात्रों की स्किल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस प्रस्ताव पर कार्य परिषद ने संस्तुति प्रदान कर दी है।

एकेटीयू ने इंजीनियरिंग की कोर शाखा इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और इंस्ट्रूमेंशन जैसी शाखाओं के छात्रों का स्किल बढ़ाने के लिए कई संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का निर्णय लिया है।

इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ, कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (केएनआईटी) सुल्तानपुर, बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीआईईटी) झांसी और यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (यूपीआईडी) नोएडा में इंडस्ट्रियल के आंशिक सहयोग से 140 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। इसके लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर आगामी कार्य परिषद में प्रस्तुत किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### प्रांजल ने सीएएल ब्रांज व दर्शन ने दिलाई सीएएल ब्लैक को जीत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सीएएल ब्रांज और सीएएल ऑलिव ने अपने- अपने मुकाबलों मे जीत दर्ज कर नीरू कपूर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में पूरे अंक बटोरे। सीएएल ब्लैक ने सीएएल व्हाइट को चार विकेट और सीएएल ब्रांज ने सीएएल ऑलिव को आठ रन से शिकस्त दी। यश साहनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएएल ब्रांज ने 17 .5 ओवर में 134 रन बनाये। इसमें अर्णव सोनकर ने सर्वाधिक 29 रन का योगदान टीम को दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल ऑलिव की पूरी टीम 18 .2 ओवर में 126 रन पर ही सिमट कर रह गई। सलामी बल्लेबाज अनंत मिश्रा ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों में 14 चौके, तीन छक्के जड़ कर 76 रन की शानदार पारी खेली। बावजूद वह टीम को जीत नहीं दिला सके। अनंत के बाद आकर्ष (10 रन) के अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज अधिक समय तक पिच पर नहीं टिक सका। सीएएल ब्रांज की ओर से मैन ऑफ द मैच प्रांजल द्विवेदी ने चार विकेट अपने नाम किए। वहीं एच कमल ने तीन और मो. अल्तमाश ने दो विकेट चटकाए। योगानंद ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल व्हाइट ने 17 .5 ओवर में सभी विकेट खोकर 74 रन बनाये। ध्रुव (16 रन) और शौर्य (12 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को छू तक नहीं सका। सीएएल ब्लैक की ओर से मैन ऑफ द मैच दर्शन सिंह ने चार और उदित ने तीन विकेट चटकाये। जवाब में सीएएल ब्लैक ने 21 .3 ओवर में छह विकेट खोकर 77 रन बनाये और जीत दर्ज की। देवांश राय ने नाबाद 49 रन बनाये।

### शाश्वत के खेल से अखिल इंफ्रा को मिली जीत

**अमृत विचार, लखनऊ:** 18वीं टिंबर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के ए डिवीजन लीग मैच में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब और यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब ने अपने- अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक बटोरे। यूपी टिंबर ने यार्कर क्रिकेट क्लब को बेहद रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया। सेज क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में अखिल इंफ्रा ने लाइफ केयर को सात विकेट से पराजित किया। पहले मैच में लाइफ केयर क्लब ने 19 .5 ओवर में सभी विकेट खोकर 105 रन का लक्ष्य विरोधी टीम के सामने रखा। इसमें टीम के लिए गौरव यादव ने सर्वाधिक 34 रन का योगदान दिया। अखिल इंफ्रा की ओर से मैन ऑफ द मैच रहे शाश्वत कृष्णा और यश राव ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी अखिल इंफ्रा ने निर्धारित लक्ष्य का तीन विकेट खोकर 106 रन बना जीत दर्ज की। इसमें अभिषेक यादव ने 39 और शिव धीमान ने 23 महत्वपूर्ण रन बनाये। दूसरे मैच में यूपी टिंबर ने 17 .3 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 100 रन बनाए। अदील बकार (27 रन), विश्वजीत (13 रन) और आर पटेल (13 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज बहुत देर तक विकेट पर टिक नहीं सका। यार्कर की ओर से कार्तिकेय सिंह ने चार और आयुष पाण्डेय ने तीन विकेट झटके। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी यार्कर क्लब की टीम रोमांचक मुकाबले में जीत से दो रन दूर रह गई। उसने सभी विकेट खोकर टीम 99 रन बना सकी। प्रांजल सिंह ने सबसे अधिक 22 रन बनाये। मैन ऑफ मैच रहे विपराज निगम और ऋतिक ने दो-दो विकेट चटकाये।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि सुहास एल वाई।

### बीबीडी के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार,लखनऊ:** गोमती नगर स्थित यूपी बैडमिंटन अकादमी में गुरुवार से शुरू हुई स्व.रणबहादुर सिंह स्मारक जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में बीबीडी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप का उद्घाटन सचिव खेल सुहास एलवाई ने किया खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इस मौके पर अरुण कक्कड़, देवेंद्र कौशल और डॉ. योगेश शेट्टी मुख्य रुप से मौजूद रहे। लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल ध्यानी ने बताया कि पहले दिन अंडर-11 और अंडर-13 के मुकाबले खेले गए। सिंगल वर्ग में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी प्री क्वार्टर में पहुंच गये हैं। इसी आयु वर्ग में क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंडर-11 के एकल वर्ग में बीबीडी की अभिसारिका सिंह, अंश चौधरी, रिद्धिमा, नामया सिंह, अंडर-13 के एकल वर्ग में अर्श चौधरी, आरव अग्रवाल, जशान अहमद ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अंडर-11 के बालक युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मेज. अकादमी के शिवांश सक्सेना और तेजस प्रताप सिंह की जोड़ी ने शिवोम राय और विवान राय की जोड़ी को 21-4 हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। बीबीडी अकादमी के ए शर्मा और अवान श्रीवास्वत को क्वार्टर फाइनल में वॉक ओवर मिला जिसके बाद यह जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में एकेएएसबीए के रोहित यादव और श्रेयांश मिश्रा की जोड़ी ने एन शर्मा और सार्थक गुप्ता को 25-9 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## भाषा विवि में प्रवेश परीक्षा 8 को होंगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार सभी प्रवेश परीक्षाएं 8 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जिन छात्रों ने बीफार्मा, डीफार्मा, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, बीटेक और एमटेक पाठ्यक्रम के लिए आवेदन किया है। वह परीक्षा की निर्धारित तिथि और समय का विशेष ध्यान रखें।

प्रवेश समन्वयक प्रो. सौबान सईद ने कहा कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी ज़रूरी जानकारी समय पर विद्यार्थियों तक पहुंचे, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट को निरंतर विज़िट करते रहे। जिससे वह सभी जानकारियों के प्रति सजग रह सकते हैं। प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि व अन्य दिशानिर्देशों की जानकारी शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in व अन्य माध्यमों से सूचित की जाएगी।भाषा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एमए चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। यह परिणाम सत्र 2024–25 के सम सेमेस्टर की नियमित परीक्षाओं के अंतर्गत घोषित किए गए हैं। जिन विषयों के परिणाम घोषित किए गए हैं उनमें हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, अरबी, फारसी, इतिहास, गृह विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र और पत्रकारिता एवं जनसंचार शामिल हैं। परीक्षा परिणाम छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के समर्पित पोर्टल पर अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से देख सकते हैं।

# कई जिलों में बच्चों को कार्यपुस्तिका नहीं मिल पाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निशुल्क पुस्तकें एवं कार्यपुस्तिकाएं दिए जाने की है व्यवस्था

**अमृत विचार :** सत्र शुरू हुए ढाई माह बीत गए लेकिन कई जिलों के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को कार्यपुस्तिका नहीं मिल पाई है। वहीं लगभग दो दर्जन जिलों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को अब तक एक भी पाठ्य पुस्तक नहीं मिल सकी है। यह स्थिति तब है जबकि सरकार ने कक्षा एक से तीन तक के छात्र-छात्राओं को सत्र शुरू होने के पहले सप्ताह में पाठ्य पुस्तक एवं कार्य पुस्तिका देने का निर्णय किया था। ऐसे में अब तक पुस्तकें और कार्यपुस्तिकाएं नहीं मिलने की शिकायत शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री से की गई है।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से 3 तक के विद्यार्थियों को निशुल्क पुस्तकें एवं कार्यपुस्तिकाएं दिए जाने की व्यवस्था है। ढाई माह बाद भी पाठ्य पुस्तक एवं कार्य पुस्तिका नहीं मिलने से प्रदेश भर के कक्षा एक से तीन तक के करीब 52 लाख बच्चों की नियमित शिक्षा प्रभावित हो रही है। जिन जिलों में कार्यपुस्तिकाएं नहीं मिली है उनमें अमेठी, आगरा, अम्बेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, भदोही, बहराइच, बागपत, बांदा, बलिया, बस्ती, बिजनौर, इटावा, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, गोंडा, हरदोई, हमीरपुर, हाथरस, चंदौली, जालौन, जौनपुर, झांसी, कौशाम्बी, कन्नौज, लखीमपुर खीरी, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रयागराज, वाराणसी, रायबरेली, सहारनपुर, रामपुर, संतकबीर नगर, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, और उन्नाव शामिल हैं। वहीं जिन 22 जिलों में बच्चों को पुस्तकें नहीं मिली हैं। उनमें औरैय्या, अमेठी, अम्बेडकरनगर, बलिया, बांदा, बलरामपुर, बिजनौर, चंदौली, इटावा, गाजीपुर, गोंडा, हाथरस, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, मथुरा, मिर्जापुर, रामपुर, संभल, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र,वाराणसी और उन्नाव हैं। वहीं अब शिक्षा विभाग भी अब इसको लेकर सख्त हो गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जल्द से जल्द पाठ्य पुस्तके और कार्यपुस्तिका वितरित करने का निर्देश दिया गया है। जिससे की जुलाई माह में बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा न आने पाए।

# विद्यालयों को इंटरनेट से जोड़ने की ऐसी गति कछुआ भी शरमा जाए

अमित कुमार पांडेय, लखनऊ

- तकनीक से जोड़ने की मुहिम को अफसर लगा रहे पलीता

**अमृत विचारः** गजब ! राजधानी के 1618 प्राथमिक विद्यालयों को तेजी से इंटरनेट सेवाओं से जोड़ने के लिए सरकार ने जिम्मेदारों को दिशा-निर्देश दिए। लेकिन चार माह बीतने के बाद भी महज 41 विद्यालय ही अब तक इंटरनेट सेवाओं का लाभ लेने की स्थिति में हैं।

जरा सोचिए ऐसी गति से तो कछुआ भी शरमा जाए। कब तक तय सभी प्राथमिक विद्यालयों में इंटरनेट की सेवा बहाल हो पाएगी। इसे कहना मुश्किल है। इसके पीछे वजह भी सामने आई है। शिक्षा अधिकारियों द्वारा जो सूची बीएसएनएल को मुहैया कराई है वह ही आधी-अधूरी है। बीएसएनएल के जिम्मेदार बता रहे हैं कि शिक्षा विभाग की ओर से जो सूची भेजी गई है उसी आधार पर विद्यालयों को इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट पहुंचाने के लिए समग्र शिक्षा योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना की मंशा है कि गांव के सभी स्कूल इंटरनेट से जुड़ें ताकि शहरों की तरह वहां भी ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखी जा सके। सभी बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके। योजना के अंतर्गत राजधानी के 1618 प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को इंटरनेट की सुविधा मुहैया कराई जानी है। लेकिन शिक्षा विभाग के अफसरों की लापरवाही से छात्रों तक इंटरनेट की सुविधा नहीं सभी विद्यालयों तक नहीं पहुंच पा रही है। इससे छात्र मिलने वाली आधुनिक शिक्षा से छात्र वंचित है।

> बीएसएनएल सरकार की योजना के अनुरूप प्राथमिक विद्यालयों में तेजी से कार्य कर रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा जो भी सूची मिल रही है, उन विद्यालयों में बीएसएनएल तेजी से इंटरनेट की सुविधा प्रदान कर रहा है।
>
> – राजेश कुमार, प्रधान महाप्रबंधक बीएसएनएल

## केजीएमयू परिसर में शुरू हो राष्ट्रीय कृत बैंक

**अमृत विचार ,लखनऊ :** केजीएमयू कर्मचारियों ने परिसर में राष्ट्रीयकृत नई बैंक शाखा स्थापित कराने की मांग उठाई है। कर्मचारियों की मांग को लेकर कर्मचारी परिषद ने कुलपति को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने परिसर स्थित इंडियन बैंक मे रोजमर्रा की परेशानी के अलावा बैंक की तकनीकी दिक्कतों से अवगत कराते हुए, नए बैंक की जरूरत से अवगत कराया है। कर्मचारी परिषद के महामंत्री अनिल कुमार ने गुरुवार को बताया कि संस्थान में हजारो कर्मचारी कार्यरत हैं, बावजूद बैंक की कार्यप्रणाली नकारात्मकता, लापरवाही एवं कर्मचारी अहित की प्रवृत्ति देखने को मिलती है। इसके अलावा, नेटवर्क फेल की समस्या आम हो चुकी है, जिसकी वजह से नगद निकासी, पासबुक अपडेट नहीं होते हैं। अन्य बैंकों की तरह इंडियन बैंक अपने वेतन खाता धारकों को न तो पर्याप्त बीमा सुरक्षा देता है और न ही नगर निगम में आने वाली जमीनों के लिए लोन, वाहन ऋण जैसी सुविधा प्रदान करता है। इसलिए हम कर्मचारियों की सुविधा में, परिसर में अन्य राष्ट्रीय कृत बैंक की शाखा खुलवाई जाए।

# कैट प्रमाणपत्र कॅरियर के नए अवसर खोलेगा : ब्रिगेडियर जयदीप यादव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) लखनऊ चैप्टर की ओर से गुरुवार को कैट (डीजीआर) कोर्स बैच-3 का उद्घाटन समारोह सीएमए भवन गोमती नगर में आयोजित किया गया।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर आईसीएमएआई अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह और उपाध्यक्ष जूही और मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जयदीप यादव विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेट कर्नल प्रशांत मिश्रा, विशिष्ट अतिथि सीएमए (डॉ) सुनील कुमार सिंह एक्स. चेयरमैन आईसीएमएआई और आरके जैन एचओडी कैट उपस्थित रहे।

अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह ने अकाउंटिंग एंट्री और उससे संबंधित सॉफ्टवेयर को बताया। सीएमए डॉ. सुनील कुमार ने प्रतिभागियों को अपने क्षेत्र में रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए नए कौशल सीखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जयदीप यादव ने प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और इस बात पर प्रकाश डाला की कैसे कैट प्रमाणपत्र उनके लिए कॅरियर के नए अवसर खोलेगा।

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः ।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः ॥

विद्या का अहंकार ,धन –सम्पति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते है।

## संपादकीय

# भारत का कड़ा रुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के क़िंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ संयुक्त बयान में आतंकवाद को लेकर पहलगाम हमले का उल्लेख नहीं किया गया और बलूचिस्तान का ज़िक्र शामिल था। इस पर भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह दस्तावेज भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को कमजोर करता है। आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने भारत का पक्ष जिस मजूबती के साथ रखा उसकी सराहना की जानी चाहिए। संयुक्त बयान को खारिज करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते। कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं। भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। मूल रूप से एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की बुराइयों से लड़ना रहा है। इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देश शामिल हैं।

भारत ने इस मंच पर हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मज़बूत रुख अपनाया है और इसे वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा ख़तरा माना है। एससीओ बैठक में भारत ने पहलगाम हमले को संयुक्त बयान में शामिल करने की मांग की ताकि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति बनाई जा सके। लेकिन पाकिस्तान और चीन ने इस मांग को ठुकरा दिया और दस्तावेज में पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया गया। विश्लेषकों के अनुसार पाकिस्तान और चीन आतंकवाद से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। एससीओ जैसे मंचों का उपयोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए होना चाहिए। भारत की मांग को नजरअंदाज करना एससीओ की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। पाकिस्तान व चीन के रवैये पर भारत ने कड़ा रुख अपनाकर दोनों देशों को करारा जवाब दिया है। यह भारत की संप्रभुता और आतंकवाद के ख़िलाफ दृढ़ नीति का प्रतीक है।

# चीन हमेशा चाहेगा कि भारत गैर जरूरी मुद्दों में उलझा रहे


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो "(नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें।

वैश्विक राजनीति में 'एलिफेंट एंड ड्रैगन' टर्म का उपयोग अक्सर क्रमशः भारत और चीन के आपसी संबंधों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है जो न केवल इनके आपसी संबंध बल्कि इनके संबंधों से क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों में इनकी भूमिका की महत्ता को दिखाता है। इसको देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपने अग्रसोची भू राजनैतिक हितों के दृष्टिगत हमेशा विश्व की महाशक्तियों तथा उभरती शक्तियों को ध्यान में रखकर अपनी वैश्विक राजनीति और कूटनीति को अपनाना चाहिए। इसे छोटे छोटे मसले जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश से उलझने के बजाय चीन को सामने रखकर प्लान बनाने चाहिए। भारत से टकराव की स्थिति बनाए रखना पाकिस्तान जैसे देशों के हित में है, क्योंकि यह इसे उसे भारत के समकक्ष आने में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 1986 में पूर्व सेना प्रमुख जनरल कृष्णास्वामी सुंदरजी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि 'भारत के लिए चीन ही असली खतरा है। पाकिस्तान से तो यूं ही चलते फिरते निपटा जा सकता है'। यह वक्तव्य भले ही सैन्य दृष्टिकोण से हो परंतु अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यही सत्य है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है और अब यह उसके स्थिर रहने या नीचे गिरने का समय है। यद्यपि पिछले कुछ दशकों में चीन ने अर्थव्यवस्था सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था इस समय कुछ जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें धीमी वृद्धि, बढ़ता कर्ज, जनसांख्यिकीय बदलाव, पर्यावरण संबंधी चिंताएं, वैश्विक व्यापार तनाव और तकनीकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। वर्ष 2020 में चीनी अर्थव्यवस्था की इस तीव्र प्रगति को देखते हुए अमेरिकी थिंक-टैंक ने भविष्यवाणी की थी कि चीन वर्ष 2030 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है ।

स्वाभाविक रूप से चीनी अर्थव्यवस्था के धीमे रहने से भारत के पास यह मौका है कि वह भारत तथा चीन के बीच जीडीपी में अंतर को समाप्त कर विश्व की दूसरी-तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। इसका तात्पर्य है कि उसके सामरिक, राजनैतिक और आर्थिक वैश्विक महाशक्ति बनने का रास्ता खुल जाएगा।

वस्तुतः वर्ष 1990 में चीनी अर्थव्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा बड़ी नहीं थी लेकिन आज चीन की जीडीपी भारत से लगभग 5.46 गुना बड़ी है। चीन ने वर्ष 1978 में और भारत ने वर्ष 1991 में अपने यहां ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन के माध्यम से आर्थिक सुधार शुरू किए, लेकिन दोनों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए अलग अलग रास्तों का चयन किया। चीन ने गुणवत्ता पूर्ण श्रम, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और विश्व स्तर के आधारभूत ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि भारत ने अपने सेवा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम किया। इसीलिए चीन को 'दुनिया का कारखाना' कहा जाता है और भारत को 'दुनिया का बैक ऑफिस' कहा जाता है।

माना जाता है कि यदि अगले 25 वर्षों में वार्षिक औसत वृद्धि 7-7.5 प्रतिशत रहे तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध-पत्र के अनुसार भारत वर्ष 2029 तक दुनिया में जापान की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। देश पहले ही क्रय शक्ति क्षमता के मामले में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

चीन ने हाई-स्पीड रेल नेटवर्क और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है, जिसने शुरू में इसके तेज़ विकास को बढ़ावा दिया था। वस्तुत चीन एक ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो थका हुआ और अस्वस्थ है। तीव्र औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मिट्टी का क्षरण ऐसी प्रमुख समस्याएं हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित कर रही है।

इन सबके पीछे चीन का जनसांख्यिकीय लाभ समाप्त होना एक महत्वपूर्ण कारण है। चीन में वृद्ध होती आबादी के कारण कार्यबल में कमी आ रही है। इतना ही नहीं यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन पेंशन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा पर दबाव डालता है और सार्वजनिक वित्त पर दबाव डाल सकता है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2050 तक चीन में ऐसे आश्रित लोगों की जनसंख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी, जो क्रियाशील लोगों पर निर्भर रहेंगे, जो वर्तमान में 35 प्रतिशत है। इससे चीन और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ेगा। इस मामले में भारत चीन से कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। वर्ष 2050 तक 1.7 बिलियन लोगों की आबादी के साथ भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश होगा। वर्ष 2030 के मध्य में यह अपने चरम पर होगा। इस अवधि में अपने बृहत युवा जनसंख्या का लाभ उठाकर भारत अपनी जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत तक बढ़ाकर चीन को पीछे छोड़ सकता है। लेकिन इस संबंध में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि हालांकि भारत में चीन की तुलना में अधिक युवा श्रमिक हैं, लेकिन उनका शैक्षिक और कौशल स्तर वास्तव में चीनी श्रमिकों की तुलना में कम है। इसके अतिरिक्त आज के साइबर युग में प्रौद्योगिकी श्रम से अधिक महत्वपूर्ण है, और चीन प्रौद्योगिकी इनोवेशन में भारतीयों से बेहतर है।

जान हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रोफ़ेसर स्टीव के अनुसार भारत समस्याओं से दबा हुआ है। ह्यूमन फ्रीडम इंडेक्स में 165 देशों में से भारत 119वें रैंक पर है। क़ानून के शासन के मामले में भारत का रिकॉर्ड दुनिया में सबसे ख़राब देशों में से है। उनका मानना है कि क़ानून के शासन की मज़बूती से पालन के बिना कोई भी देश मज़बूत, निरंतर आर्थिक परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकता है। वैसे इस मामले में चीन की रैंकिंग भारत से भी नीचे है। आलोचकों के अनुसार अगर चीनी अर्थव्यवस्था को इसी स्थिति में रोक दिया जाए और भारतीय अर्थव्यवस्था 7-7.50 प्रतिशत की दर से बढ़ती रही, तो इसकी अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की होगी, यानी आज की चीनी अर्थव्यवस्था को पार करने में भारत को लगभग 25 साल लगेंगे। लेकिन इससे पृथक यदि समग्र रुप से प्रयास करें तो भारत अगले 10 वर्षों में ख़ुद को निर्यात-आधारित विकास के रास्ते पर ला सकता है, जैसा कि चीन कई दशकों से करता आया है।

वस्तुतः यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो" (नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें। लेकिन चीन यह कभी नहीं चाहेगा कि हम ऐसा सोचें भी, इसलिए हमें वह पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश जैसे गैर जरूरी मुद्दों में उलझाए रखना चाहेगा ताकि हम अपने वृहद लक्ष्यों से दूर रहें। इस नजरिए से देखें तो भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध में उलझकर अपना नुकसान करेगा और इससे पाकिस्तान को विश्व स्तर पर तवज्जो मिलने लगेगी, जैसा कि अभी हालिया संघर्ष में हमने देखा है। ऐसा भी माना जाता है कि पहलगाम नरसंहार के पीछे चीनी हाथ था ताकि हम भारत पाक युद्ध में लग जाए और विश्व में यह संदेश जाए कि भारत विदेशी निवेश के लिए उपयुक्त जगह नहीं है, क्योंकि यह कभी भी युद्ध या संघर्ष की स्थिति में चला जाता है और इसका लाभ चीन को मिले। हमें इससे बचने की कोशिश करनी होगी। तो "हाथी चले बाजार कुत्ता भूंके हजार " कहावत को ध्यान रखते हुए भारत अपने रास्ते पर चलते रहे, यही बेहतर विकल्प है।

## प्रसंगवश

# खाड़ी देशों में गए नेपाली युवा खा रहे जेल की हवा

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं।


यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल सरकार इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके युवाओं का अवैध तरीके से विदेशों में प्रवेश कराकर उनका बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि सरकार यह भी मान रही है कि इस अवैध गतिविधि में उसके ही नागरिक शामिल है जो किसी तीसरे देश के मानव तस्करों के हाथ की कठपुतली बन गए हैं।

नेपाल के युवाओं को अवैध रूप से खाड़ी के देशों तक पहुंचाया जाता है जहां वे अवैध गतिविधियों में शामिल होने पर पकड़े जाते हैं और जेल की हवा खा रहे हैं। नेपाल सरकार के ही आंकड़े के अनुसार 544 नेपाली युवा सउदी अरब के जेलों में बंद हैं। चूंकि वहां के नियम कानून इतने सख्त होते हैं कि जेलों में बंद नेपाली युवाओं की रिहाई आसान नहीं है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार करीब चार लाख नेपाली युवा सउदी अरब में रोजगार के सिलसिले में गए हैं। वहीं सउदी अरब स्थिति नेपाली दूतावास के अनुसार वहां भारी संख्या में अवैध तरीके से घुसपैठ के जरिए भी भारी संख्या में नेपाली युवा मौजूद हैं। नेपाली दूतावास के अनुसार हाल ही 3800 अवैध तरीके से नेपाली घुसपैठिए युवाओं को एक्जिट वीजा देकर नेपाल वापस भेजा गया है।

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं। माओवादी नेता प्रचंड ने नेपाली युवाओं को दलालों से बचने की अपील के साथ नेपाल सरकार से युवाओं का पलायन रोकने की मांग करते हुए कहा है कि सरकार अपने ही देश में युवाओं को रोजगार देना सुनिश्चित करे।

माओवादी केंद्र ने एक आंकड़ा जारी करते हुए इस बात पर चिंता जताई है कि सउदी अरब की जेलों में भारी संख्या में नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में जेल की हवा खा रहे हैं। वे कहते हैं कि इनमें तमाम ऐसे हैं जो दलालों के हाथ फंसकर अवैध तरीके से सउदी गए और वहां गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हो गए। नतीजतन अब सजा भुगत रहे हैं।

सऊदी अरब स्थित नेपाली दूतावास के श्रम काउंसलर कविराज उप्रेती के अनुसार, सउदी अरब में जो नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में पकड़े गए हैं उनमें सबसे अधिक 345 लोग शराब बनाने, पीने या सप्लाई करने के आरोपी हैं। 84 लोग मादक पदार्थों की तस्करी में,53 लोग चोरी के मामलों में,12 लोग वेश्यावृत्ति में, 16 लोग तोड़फोड़ में, 15 लोग रिश्वतखोरी में, 4 लोग हत्या के आरोप में तथा 23 लोग अन्य अपराधों में जेल में हैं। इनमें से 341 कैदियों को अदालत द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि 203 मामलों की सुनवाई अभी जारी है।

सऊदी अरब में नियुक्त नेपाली राजदूत नरेश विक्रम धकाल ने नेपाली युवाओं की गिरफ्तारी पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सऊदी में कार्यरत नेपाली नागरिकों को कानून की जानकारी होनी चाहिए और किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नेपाली युवाओं को स्वयं सतर्क और जिम्मेदार बनना होगा। यह बेहद दुखद है कि हमारे नौजवान, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर विदेश जाते हैं, वहां जानकारी की कमी, कभी लालच और कभी गलत संगत में पड़कर क़ानून तोड़ने की राह पर चल पड़ते हैं।

# यह यूरेनियम और तेल का खेल है


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है।

दुनिया के तमाम भू-राजनीतिक तनावों के पीछे एक सच्चाई छुपी है, जो अक्सर अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों से ओझल रह जाती है- यह लड़ाई परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूख इन संसाधनों पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की है, जिसके चलते वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी प्रगति और आर्थिक स्थिरता गंभीर संकट में पड़ सकती है। इस बदलाव का असर भारत जैसे उभरते और ऊर्जा-निर्भर देशों पर दीर्घकालिक होगा, जिसकी रणनीतिक तैयारी अभी से जरूरी है।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने जिन क्षेत्रों में सैन्य दखल, आर्थिक प्रतिबंध और कूटनीतिक हस्तक्षेप की नीति अपनाई है -मसलन, मध्य-पूर्व, अफ्रीका, मध्य एशिया- उन सभी इलाकों में एक समान तत्व मौजूद हैः वहां तेल, गैस, यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों का प्रचुर भंडार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे भी अगर गहराई से देखा जाए तो यूरोप की ऊर्जा निर्भरता को अमेरिका के हितों के अनुरूप मोड़ने की रणनीति दिखती है। रूस को वैश्विक ऊर्जा बाजार से काटने के प्रयास इसी दिशा में हैं। दूसरी ओर, अफ्रीका के सहारा-पट्टियों में अमेरिका और फ्रांस वर्षों से यूरेनियम खनन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दे रहे हैं।

केवल तेल और यूरेनियम ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके 'रेयर अर्थ मिनरल्स' पर भी अमेरिका की नजर है। लिथियम, कोबाल्ट, नियोडियम जैसे दुर्लभ खनिज आज के इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा पैनलों, स्मार्टफोनों और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों में अनिवार्य हो गए हैं। वर्तमान में चीन इस क्षेत्र में सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसकी वैश्विक खनिज सप्लाई चेन पर मजबूत पकड़ है। इसी संतुलन को तोड़ने के लिए अमेरिका अफ्रीकी देशों में दखल बढ़ा रहा है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में इन खनिजों को लेकर एक नया 'कोल्ड वॉर' छिड़ सकता है। यदि अमेरिका तेल उत्पादक देशों में अस्थिरता को और बढ़ाता है-जैसा कि इराक, सीरिया, ईरान और अब मध्य एशिया में देखने को मिल रहा है-तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ेगा। हाल के महीनों में ब्रेंट क्रूड फिर 90 डालर प्रति बैरल के करीब पहुंच चुका है। यदि पश्चिम एशिया या अफ्रीका में कोई बड़ा भू-राजनीतिक संकट खड़ा होता है, तो तेल की कीमत 100-120 डालर प्रति बैरल तक जा सकती है। ऐसे परिदृश्य में भारत जैसे देशों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।

सिर्फ ऊर्जा संकट ही नहीं, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भारत की 'ईवी पॉलिसी' और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को भी गहरा झटका लगेगा। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल वाहनों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा है। यदि कोबाल्ट, लिथियम जैसी सामग्रियों की कीमत बढ़ती है या आपूर्ति में रुकावट आती है, तो यह लक्ष्य हासिल करना कठिन हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर एनर्जी, हाई-टेक उत्पादों में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास रुक सकते हैं। यह संकट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी होगा। भारत की विदेश नीति अब तक 'स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी' यानी स्वतंत्र रणनीतिक संतुलन पर आधारित रही है। लेकिन यदि अमेरिका यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अपने नियंत्रण में लेता है, तो भारत की स्वतंत्र ऊर्जा और तकनीकी रणनीति पर दबाव बढ़ेगा।

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है। भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लानी होगी। सौर, पवन, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देना होगा। तेल और गैस के लिए कम से कम 6-12 महीने का रणनीतिक भंडार तैयार करना चाहिए, ताकि वैश्विक संकट के समय भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रहे। दुर्लभ खनिजों के लिए घरेलू प्रोसेसिंग संयंत्रों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि चीन और अमेरिका पर निर्भरता घटे। इसके अलावा रूस, ईरान, ब्राजील, अफ्रीका जैसे साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा-खनिज आपूर्ति समझौते किए जाने चाहिए। निष्कर्ष के तौर पर यही कहा जा सकता है कि दुनिया के वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों के पीछे असली लड़ाई अब परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि ऊर्जा संसाधनों और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका का यह लालच वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों के आर्थिक और तकनीकी विकास मार्ग पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## सोशल फोरम

# प्रश्न करने की आदत


भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

जब हम अपनी अल्पज्ञता की बात करते हैं तो ज्ञान विमुखता की बात नहीं करते। ज्ञान का अपना आनंद होता है, जैसे पर्यटन का होता है। परंतु यदि हमें कहीं पहुंचना होता है तो पर्यटक की तरह भटकते हुए नहीं चलते, न विश्व के भूगोल को याद करते हैं। सबसे सीधा रास्ता और सबसे सुविधाजनक साधन का चुनाव करते हैं। सही समझ के लिए बहुत अधिक ज्ञान की जरूरत नहीं होती, जरूरी ज्ञान और सही प्रश्न की आवश्यकता होती है। सही प्रश्न ही शिलीभूत मान्यताओं को ध्वस्त करने और समाधान बन जाने में सक्षम होता है। जिस सीमित ज्ञान के बल पर मैंने आर्यों, उनके आक्रमण और संस्कृत भाषा और भारतीय सभ्यता के विषय में स्थापित झूठ को ध्वस्त किया था वह वैदिक भाषा, साहित्य, इतिहास और पुरातत्व के आधिकारिक ज्ञान के बल पर संभव नहीं हुआ था, बल्कि उन प्रश्नों की श्रृंखला के उत्तर तलाशने के क्रम में स्वतः हो गया था । केवल तीन प्रश्न यहां उदाहरण के लिए रखना चाहूंगा। ऋग्वेद में जितनी बार गो का प्रयोग हुआ है, लगभग उतनी ही बार रथों का। फिर ये गो (गाय,बैल आदि) चरवाहों के हैं, या मालवहन करने वालों के? जितनी बार जित (जीतने वाला, पैदा करने वाला) की आवृत्ति है, उससे कई गुना बार भीति, पाहि, त्राहि, अव, रक्ष (डर, प्रारक्षा करो) का आर्तनाद। ये आक्रमणकारी हो सकते हैं या स्वयं लुटेरों और उपद्रवकारियों से आतंकित? यदि संस्कृतभाषी अपनी भाषा और ज्ञान कहीं अन्यत्र से लेकर भारत में किसी रूप में आए थे, जिसका स्तर ग्रीस और रोम के उत्कर्षकाल की भाषाओं और ग्रीक दर्शन से तुलनीय था तो इस स्तर की सभ्यता भारोपीय भूभाग में उनके प्रस्थान लिए कल्पित काल 2000 ईसा पूर्व में कहां थी? फिर वैदिक समाज हड़प्पा सभ्यता का निर्माता हुआ या विनाशक? हमने इन प्रश्नों की ओर आपका ध्यान यह याद दिलाने के लिए आकर्षित किया कि इनमें से कोई प्रश्न ऐसा नहीं, जो अकेले ही पुरानी मान्यताओं को खंडित करने के लिए पर्याप्त न हो। प्रश्न करने की आदत व्यक्ति और समाज को भटकने से बचाती है, वैज्ञानिक बनाती है, और अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने में समर्थ बनाती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# मौत से लड़ते सीवरेज साफ-सफाई कर्मचारी


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ–सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने के बाद भी जब हमारे यहां से सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं, तो विचलित करतीं हैं। दुखद है कि आए दिन हमें मीडिया की सुर्खियों में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले पढ़ने सुनने को मिलते रहते हैं। हमारे देश में सीवरेज की सफाई का काम अक्सर समाज का सबसे कमजोर व गरीब वर्ग करता है, ऐसे में क्या इन वर्गों की चिंता हम सभी को तथा सरकार को नहीं करनी चाहिए, यह प्रश्न अपने आप में एक यक्ष व ज्वलंत प्रश्न है।

जुलाई 2022 में लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। यदि हम यहां पर सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों की बात करें तो इनमें क्रमशः मैनुअल सीवर सफाई (सीवर और सेप्टिक टैंकों में जहरीली गैसों के कारण),सुरक्षा उपकरणों का अभाव (सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना),लापरवाही (ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही),सीवर सफाई के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना, तथा सीवर सफाई के खतरों के बारे में जागरूकता की कमी हैं। बहरहाल, देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था तथा इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं।

आज हम एआई चैटबाट (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आधुनिक युग में जी रहे हैं। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक उपलब्ध है, लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों, तकनीक और सुरक्षा उपकरणों की कमी है। शायद यही वजह है कि मजदूर इन जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सीवरेज की सफाई करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि हमारे देश में आज मैनुअल सीवर की सफाई पर कानूनन प्रतिबंध है। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है तो उनको 27 दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है, लेकिन इन दिशा-निर्देशों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और मजदूरों को सीधा मौत में उतार दिया जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अगर कोई व्यक्ति या एजेंसी एमएस अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन तो इस उसे अधिनियम की धारा 8 के तहत दो साल तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ-सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। फिर भी यदि किसी कारणवश इन सीवरेज की साफ-सफाई के लिए मजदूरों को इनमें उतरना ही पड़ता है तो सीवर सफाई के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सीवर में उतरने वाले व्यक्तियों को गैस डिटेक्टर, सुरक्षात्मक कपड़े (जैसे कि दस्ताने, जूते, और सुरक्षात्मक सूट), और श्वसन उपकरण (जैसे कि गैस मास्क या एयर-सप्लाई रेस्पिरेटर) का उपयोग करना चाहिए। उचित प्रशिक्षण तो जरूरी है। सीवर को साफ करने से पहले, उसका अच्छी तरह से निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सुरक्षित रूप से साफ किया जा सकता है। जेटिंग मशीन, स्नेकिंग उपकरण (जो सीवर में एक धातु की छड़ डालकर रुकावटों को तोड़ता है), तथा अन्य आधुनिक मशीनों जैसे कि रोबोटिक उपकणों आदि का प्रयोग किया जाना बहुत ही जरूरी है। इसके साथ ही किसी भी सीवर को साफ करने के बाद, उसे ठीक से बंद करना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सीवर में काम करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करना बहुत आवश्यक है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2023 में केंद्र और राज्यों को उचित उपाय करने, नीतियां बनाने और निर्देश जारी करने का निर्देश दिया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मैनुअल सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। इतना ही नहीं, उस समय न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से सीवर की सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने को भी कहा था। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि हम सीवर में साफ-सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर चिन्तन-मनन करें और इस दिशा में आवश्यक और जरूरी कदम उठाएं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### साइबर सुरक्षा का केंद्र बनीं अमरोहा पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमरोहा पुलिस अपने नवाचार से देशभर में साइबर सुरक्षा का केंद्र बन गई है। यहां साइबर सुरक्षा इंटर्नशिप से देश और प्रदेश के छात्रों अपराध रोकने के टिप्स सिखाए जा रहे हैं। इसमें 22 राज्यों के छात्र जुड़े हैं, जो प्रशिक्षण लेकर साइबर प्रहरी बनेंगे। साइबर सुरक्षा इंटर्नशिप कार्यक्रम 30 जून तक चलेगा। अमरोहा पुलिस की यह अभिनव इंटर्नशिप पहल जागरूक डिजिटल समाज के निर्माण में मदद करेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है। यूपी से 248 प्रतिभागियों के अलावा बिहार (48), राजस्थान (42), दिल्ली (30), हरियाणा (29) सहित महाराष्ट्र, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा और ओडिशा समेत 22 राज्यों से बड़ी संख्या में युवा भाग ले रहे हैं।

### कृषि यंत्रों के लिए आवेदन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के तहत कृषको के लिए 27 जून से 12 जुलाई तक कृषि यन्त्रों की बुकिंग की जाएगी। योजना में 40 प्रतिशत अनुदान कृषकों दिया जाएगा। कृषि विभाग की वेबसाइट पर agridarsan.up.gov.in पर इच्छुक किसान आवेदन कर सकते हैं।

# नशा मुक्त भारत अभियान में बनें सहभागी

## मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी विषयक कार्यशाला संपन्न

- प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागी हुए आबकारी मंत्री के हाथों प्रमाण-पत्र पाकर पुरुस्कृत

**अमृत विचार, लखनऊः** युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जनसामान्य से अपील की है कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' व 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' की मुहिम में सहभागी बनकर इस अभियान को गति प्रदान करे। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में तभी सफल होंगे, जब तक हर व्यक्ति इसमें सहयोग नहीं देगा। समाज नशा मुक्त होगा तभी नैतिकता, सामाजिक मूल्यों एवं आदर्श प्रतिमानों के सिद्धांतों के साथ हम पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का सपना साकार कर सकेंगे। आबकारी मंत्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, में मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी विषयक संपन्न कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर विभाग द्वारा 23 जून को संपन्न विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में उप्र. राज्य मद्यनिषेध परिषद के उपाध्यक्ष ब्रजेश शुक्ला द्वारा नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर चिन्ता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि मादक द्रव्यों का सेवन न केवल तामसिक प्रवृत्तियों को पोषित करता है, अपितु मनुष्य को प्रमाद और अधोगति की ओर भी अग्रसर करता है। उनके द्वारा अमृतकाल के इस शुभ कालखण्ड में नशीले पदार्थों से दूर रहना व आत्मशुद्धि रूपी नशामुक्ति अभियान में सहभागी बनने की अपील की गयी है।

इस मौके पर पूर्व सदस्य, उप्र लोक सेवा आयोग के कृष्णवीर सिंह शाक्य, राज्य मद्यनिषेध अधिकारी आरएल राजवंशी, बलरामपुर चिकित्सालय के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. देवाशीष शुक्ला एवं जलज मिश्र, पूर्व क्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी, लखनऊ द्वारा किया गया।

### नशा छोड़ने के लिए दोस्तों का सहयोग जरूरी : मुर्तजा अली

अमृत विचार, लखनऊ : शराब बंदी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुर्तज़ा अली ने कहा कि पूरी दुनिया नशीली दवाओं की लत के खतरे का सामना कर रही है, जिसका असर व्यक्ति परिवार और समाज के एक बड़े हिस्से पर विनाशकारी प्रभाव के रूप में पड़ता है। नशा मुक्त जीवन जीने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे अधिक जरूरी है, यदि समाज इस समस्या के खिलाफ एकजुट हो जाएं तो नशे पर काबू पाया जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय मध निषेध दिवस के अवसर पर ऊर्दू अकादमी परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय नशाबंदी महासम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शराब बंदी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि युवाओं और ख़ास करके विद्यार्थियों में नशे की लत बढ़ती जा रही है, संघर्ष समिति के लोग स्कूल कॉलेज और संस्थानों में जाकर युवाओं को जागरूक करने का पूरा प्रयास कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज केवल स्वस्थ ही नहीं बल्कि सशक्त भी होता है। हमें इस दिशा में जागरूकता फैलाने और एकजुट होकर काम करने की ज़रूरत है ताकि नशे को जड़ से ख़त्म किया जा सके। सम्मेलन में होम्योपैथी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आदर्श त्रिपाठी एवं वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ राधेश्याम यादव द्वारा एक नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशे की आदत छुड़ाने के लिए निशुल्क दवा वितरित की गई। सम्मेलन में 12 राज्यों और उप्र. के 75 जिलों से आए हुए कार्यकर्ता शामिल हुए।

# पूरे दक्षिण एशिया में आलू और शकरकंद की मांग पूरी करेगा आगरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा और आसपास के क्षेत्रों में ही 1000 से अधिक कोल्ड स्टोरेज स्थित
- आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना को 111 करोड़ रु. की मंजूरी



**अमृत विचारः** आगरा अब पूरे दक्षिण एशिया में आलू और शकरकंद की मांग पूरी करेगा। आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना को 111 करोड़ रु. की मंजूरी मिली है। यह जानकारी कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि, आगरा के सींगना स्थित राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र, लीमा (पेरू) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के लिए 111 करोड़ रु.की स्वीकृति प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि इससे न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे एशिया क्षेत्र को कृषि अनुसंधान व तकनीकी नवाचार का लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि यह केंद्र आलू व शकरकंद की उन्नत, पोषणसमृद्ध और जलवायु अनुकूल किस्मों के विकास, कटाई के बाद प्रबंधन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, विपणन, और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण आयामों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में सहायक होगा।

**एक शाखा चीन में है और दूसरी शाखा आगरा में :** कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री ने कहा कि आलू की उत्पत्ति जिस देश पेरू में हुई, वहीं के अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र की यह शाखा अब आगरा में स्थापित की जा रही है। एशिया में अब तक इसकी केवल एक शाखा चीन में है और दूसरी शाखा आगरा में खुलना उत्तर भारत और राज्य के किसानों के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 2300 कोल्ड स्टोरेज संचालित हैं। आगरा और आसपास के क्षेत्रों में ही 1000 से अधिक कोल्ड स्टोरेज स्थित हैं, जो इस क्षेत्र को आलू उत्पादन और भंडारण का सबसे उपयुक्त केंद्र बनाते हैं।

# कुछ बड़ा किया जा रहा था प्लॉन, सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय

संवाददाता, मलिहाबाद



मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- आरोपी सलाउद्दीन बना था हकीम तो पत्नी है शिक्षिका
- कहां-कहां जुड़े हैं तार, शुरु की गयी पूछताछ

**अमृत विचारः** मिर्जागंज में हकीम के घर में असलहे और कारतूसों का जखीरा मिलने के बाद एजेंसियां भी एक्टिव हो गयी है। पुलिस सलाउद्दीन उर्फ लाला व उसके परिवारवालों से पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरीके से सलाउद्दीन के घर के संदिग्ध लोगों का आना-जाना लगा था, उससे तो यही लग रहा था कि कुछ बड़ा प्लान किया जा रहा था। लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि कहीं किसी बड़ी वारदात के लिए तो घर में असलहे का भंडारण नहीं किया जा रहा था। पुलिस इस बार में पता कर रही है कि असलहे कहां से आ रहे थे। सलाउद्दीन के तार कहां-कहां से जुड़े हुए हैं।

सलाउद्दीन पहले मलिहाबाद डाकघर के सामने हकीम की क्लीनिक चलाता था। पत्नी पहले सरकारी शिक्षिका थी। फिर प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने लगी। उनकी एक बेटी ने विदेश में पढ़ाई की है, तो दूसरी बेटी इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से बीटेक कर रही है। मलिहाबाद एसीपी विनीत सिंह ने सर्किल के तीनों थानों की पुलिस के साथ सलाउद्दीन के घर पर छापेमारी की।

पुलिस की दबिश की सूचना पर इलाके के लोग एकत्र होने लगे। पुलिस टीम ने संदिग्ध घर के 200 मीटर के दायरे को घेर लिया। पुलिस किसी को भी घर के पास नहीं जाने दे रही थी। भीड़ बढ़ती देख पुलिस टीम घर में मौजूद लोगों को बगल के रास्ते से चुपके से निकाल कर ले गई। पुलिस सूत्रों की मानें तो कुछ महीनों से हकीमी छोड़ कर सलाउद्दीन संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हो गया था। पुलिस सभी के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल भी चेक कर रही है।

**पड़ोसी चौंके कि बगल में चल रही थी असलहा फैक्ट्री :** मिर्जागंज की घनी बस्ती में असलहा फैक्ट्री चल रही थी। इसकी भनक आज तक पड़ोसियों को भी नहीं लगी। हालांकि सलाउद्दीन के घर पर बाहरी लोगों का आना-जाना था। इस सूचना पर पुलिस सलाउद्दीन से पूछताछ कर रही है। अंदेशा है कि बड़े स्तर पर प्रदेश में असलहों की सप्लाई भी हो रही थी।

# शाहूजी महाराज ने सामाजिक न्याय की नींव रखी थी : अर्जुन देव भारती

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- छत्रपति शाहूजी महाराज की 151वीं जयंती पर संगोष्ठी संपन्न

**अमृत विचार :** उप्र. सचिवालय संघ के अध्यक्ष अर्जुन देव भारती ने कहा की शाहूजी महाराज ने न केवल सामाजिक न्याय की नींव रखी बल्कि यह भी दिखाया कि सच्चा शासक वही है जो अपने समाज के सबसे कमजोर वर्ग की आवाज बनता है। उनकी शिक्षाओं को आज भी हमें अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है।

सचिवालय संघ के अध्यक्ष गुरुवार को केजीएमयू के ब्राउन हाल में छत्रपति शाहूजी महाराज की 151वीं जयंती के अवसर पर छत्रपति शाहूजी महाराज स्मृति मंच द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी से समता और समानता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का आध्यान भी किया। लोकपाल डॉ. आर आर जैसवार ने कहा कि शाहूजी महाराज ने कोल्हापुर में सहकारी संस्थाओं और किसानों के लिए कर्ज सुविधाओं की शुरुआत की, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति बेहतर हुई। पदमश्री प्रो. (डॉ.) एसएन कुरील ने कहा कि शाहूजी महाराज ने अपने शासनकाल में सार्वजनिक स्थानों पर छुआछूत पर कानूनी प्रतिबंध लगाया। यह अप्रत्यक्ष रूप से सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम था।



केजीएमयू में छत्रपति शाहूजी महाराज की 151वीं जयंती पर संबोधित करते अतिथि।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्रपति शाहूजी महाराज स्मृति मंच के अध्यक्ष राम चंद्र पटेल ने कहा की शाहूजी ने 1902 में कोल्हापूर रियासत में दलित और पिछड़े वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिषत आरक्षण लागू किया। यह आधुनिक भारत में आरक्षण नीति की पहली मिसाल थी, जिसने सामाजिक समानता की नीव रखी। उन्होंने बताया कि दलित और गरीब बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा शुरू की। पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास स्थापित किए वेद शास्त्र स्कूल खोलकर गैर-ब्राह्मणों को वैदिक शिक्षा का अवसर दिया व महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए। इस अवसर पर सामाजिक न्याग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया।

## बाढ़ विभिषिका में बचने का दिया गया प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 44 जिलों के 118 बाढ़ संभावित तहसील क्षेत्रों में कराया गया मॉक अभ्यास

**अमृत विचारः** उप्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) ने गुरुवार को राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक अभ्यास (स्टेट लेवल मॉक एक्सरसाइज) का आयोजन किया गया। यह अभ्यास प्रदेश के 44 जिलों की 118 बाढ़ संभावित तहसीलों में एक साथ किया गया। इस दौरान बाढ़ आने के कारण गांवों के जलमग्न होने, लोगों के पेड़, छतों पर फंसे होने, नकली समाचार व अफवाहों, नाव पलटना, पुल और सड़कों के टूटने जैसी प्रमुख परिदृश्यों से निपटना सिखाया गया। साथ ही राहत शिविर, बाढ़ चौकी, फील्ड हॉस्पिटल की व्यवस्था का भी प्रदर्शन किया गया।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ले.जे. योगेंद्र डिमरी ने फर्रूखाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंस से सभी जिलों की समीक्षा की। अभ्यास सत्र में जिलों के प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य विभागों की भागीदारी रही।

# प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' बनाने को पर्यटन विभाग पूरी क्षमता से जुटे : जयवीर सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकोनॉमी बनाने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सभी सेक्टरों के संसाधनों को अधिकतम गति दे। उन्होंने कहा कि पर्यटन एक उभरता हुआ आर्थिक स्रोत है। कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी हुई है। इसको देखते हुए पर्यटन विभाग अपनी सामर्थ्य एवं क्षमता के बूते पर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को गति देने में पूरी तरह सक्षम है। इसलिए विभागीय अधिकारी पर्यटन सेक्टर को रोजगार, निवेश तथा कारोबार का एक मजबूत जरिया बनाने का हरसंभव प्रयास करें।

पर्यटन मंत्री, गुरुवार को गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं, सांस्कृतिक विरासतों को वैश्विक मंत्र पर प्रमोट करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि घरेलू पर्यटन के मामले में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। इसी प्रकार विदेशी पर्यटकों के मामले में भी प्रयास करना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव ईशा प्रिया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा के अलावा विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# नेचर कैम्प में सीखने के लिए बच्चों को बहुत कुछ मिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संग्रहालय और टर्टिल सर्वाइवल एलाइंस फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे जूनियर कन्ज़र्वेशनिस्ट नेचर कैम्प गुरुवार को प्रतिभागियों को राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान केंद्र का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान जिज्ञासा लैब की सीनियर एसोसिएट डॉ. प्रीति उमराव ने संस्थान द्वारा की जा रही नवीन उपलब्धियों एवं खोज के विषय में जानकारी दी और एक फिल्म दिखाई। साथ ही यह भी बताया कि प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत कुकरैल, बंथरा, बीबीएयू, अलीगंज की बंजर भूमि पर आर्टिफिशियल जंगलों के विकास की जापानी तकनीक मियावकी का प्रयोग कर संस्थान द्वारा जंगलों का विकास किया जा रहा है। हर्बल और नेचुरल प्रॉडक्ट के मध्य अंतर को विस्तार से बताया गया। हर्बल प्रॉडक्ट में केवल वनस्पतियों का प्रयोग होता है जबकि नेचुरल प्रॉडक्ट में प्रकृति से प्राप्त खनिज, वनस्पतियों एवं जैविक पदार्थों से प्राप्त केमिकल का प्रयोग किया जाता है। संस्थान के हर्बेरियम में एशिया का सबसे बड़ा लिचेंस का कलेक्शन, एंजियोसपर्म की कुल 10 हजार प्रजातियां संरक्षित हैं। यह भारत का सबसे बड़ा हर्बेरियम है।

# हॉकी के लिए करनी होगी बुनियादी तैयारी: डिसूजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



खिलाड़ियों को हॉकी टिप्स देते भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कोच सेड्रिक डिसूजा

**अमृत विचारः** ओलंपिक में लगातार दो बार कांस्य पदक जीतने से यह साफ हो गया है कि भारतीय हॉकी टीम सही ट्रैक पर होने के साथ सही दिशा में काम भी चल रहा है। जिस तरह से टीम ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है अगर इसी तरह से हॉकी पर काम चलता रहा तो आने वाले ओलंपिक में पदक का रंग बदल सकता है। यह बात कही भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कोच सेड्रिक डिसूजा का। वह गुरुवार को राजधानी पहुंचे।

गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम में यूपी रुद्रास हॉकी क्लीनिक में उन्होंने भाग लिया। यहां पर हॉकी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दिया। उससे पूर्व उन्होंने स्थानीय हॉकी प्रशिक्षकों को भी हॉकी के नये नियमों और मानकों की विस्तार से जानकारी दी। किस तरह से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दे, इसके बारे में भी बताया। उन्होंने यहां चल रहे यूपी सब जूनियर महिला हॉकी कैंप के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण दिया। आगे उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को यूरोपीयन हॉकी की जगह अपनी बुनियाद पर ही टिके रहना होगा। यूपी रुद्रास टीम के तकनीकी निदेशक डिसूजा ने कहा कि भारतीय हॉकी अब तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारे खिलाड़ियों की सबसे बड़ी ताकत उनकी स्किल है। भारत में हॉकी के उत्थान के लिए बुनियादी स्तर पर तैयारी करनी होगी। बच्चों को एस्ट्रोटर्फ में खेलने की सुविधा देनी होगी। तभी यूपी में हॉकी के अच्छे परिणाम आयेंगे।

# स्कूलों को मर्ज नहीं, सरकार इन्हें खत्म कर रही है : संजय सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह ने कहा कि 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद किए जाने के फैसले के खिलाफ लोगों में गुस्सा है और गांव-गांव में इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि हम विद्यालयों को कतई बंद नहीं होने देंगे, आप इसकी लड़ाई लड़ने का काम करेगी। योगी सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों को मर्ज नहीं बल्कि बंद कर खत्म कर दे रही है।

आप सांसद गुरुवार को गोमतीनगर स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में मकान, दुकान, मंदिर, मस्जिद सभी पर बुलडोजर चलाया गया और अब स्कूल पर भी बुलडोजर चल रहा है। उन्होंने कहा कि 5695 स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक है, केवल अलीगढ़ में ही 58 हजार बच्चों ने सरकारी स्कूल की शिक्षा छोड़ दी। साथ ही बताया कि पूरे उप्र. में जहां-जहां भी स्कूल बंद किए जाएंगे, वहां आप उन गांव के अंदर और जिला मुख्यालयों पर आंदोलन करेगी। संजय सिंह ने कहां 2024 में उप्र. में 27,308 मदिरालय खोले गए और वही 2025 में 27 हजार विद्यालय बंद करने की सरकार की योजना है। यह मदिरालय बनाम विद्यालय की लड़ाई है। अब जनता को तय करना है कि उन्हें मधुशाला चाहिए या पाठशाला चाहिए।

# जल्द देखने को मिलेंगे एचआईएल के हाईवोल्टेज मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी रूद्राक्ष को मिल सकता है घर में खेलने का मौका
- आयोजन स्थल और एचआईएल के मुकाबलों की तारीख पर होना है अभी निर्णय



**अमृत विचारः** हॉकी के हाईवोल्टेज मुकाबले अब खिलाड़ियों और खेल प्रमियों को राजधानी में देखने को मिल सकते है। एक बार फिर से हॉकी इंडिया लीग एचआईएल के महामुकाबलों को शहर में आयोजित किए जाने की संभावना है। इन मुकाबलों में भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ियों सहित विदेशी हॉकी के धुरंधर खेलते दिखाई पड़ेंगे।

यह जानकारी गुरुवार को भारतीय हॉकी टीम की चयन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह ने विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान कही। उन्होने बताया कि खिलाड़ियों की नीलामी के साथ ही मुकाबलों के आयोजन नये कलेवर के साथ लोगों के सामने होंगे। एचआईएल में शामिल टीम मालिकों सहित प्रशिक्षकों और आयोजकों के साथ इस मुद्दे पर बैठकें हो रही है। एचआईएल में यूपी के रूद्राक्ष टीम भी शामिल हैं। लखनऊ को आयोजन स्थल की सूची में शामिल करने पर यूपी रुद्राक्ष को अपने घर में मैच खेलने का मौका मिल सकता है, इस दौरान उसे घरेलू मैदान पर दर्शकों का भी सपोर्ट मिलेगा। इस मौके पर स्टेडियम में आरपी सिंह के साथ ही यूपी रुद्राक्ष के टेक्निकल डायरेक्टर सेड्रिक डिसूजा भी मौजूद रहे।

डॉ. आरपी सिंह ने आगे बताया कि गोमती नगर विजयंत खंड के मो.शाहिद स्टेडियम में इन मुकाबलों के आयोजन की संभावना है। मुकाबलों की तारीख फाइनल होते ही यहां पर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जायेगा। इसके लिए हमें इस स्टेडियम की टर्फ बदलनी होगी। यहां पर लगी टर्फ तकरीबन नौ वर्ष पूर्व लगाई गई थी। जूनियर विश्वकप के आयोजन के दौरान इस टर्फ को अभ्यास के लिए प्रयोग किया जाता था। बाद में यहां पर खेल विभाग के छात्रावास के खिलाड़ी अभ्यास करने लगे। उन्होंने बताया कि यहां पर टर्फ को पहले से बदले जाने की तैयारी चल रही हैं।

### तब यूपी विजार्ड्स के नाम से खेलती थी टीम

मालूम हो कि वर्ष 2013 में लखनऊ में एचआईएल के मुकाबलों की शुरुआत हुई। पहले आईपीएल के उद्घाटन अवसर पर अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने जहां डांस कर समां बांधा वहीं दलेर मेहंदी ने अपने गीतों को गाकर धमाल मचाया था। इसके बाद उत्तर प्रदेश विजार्ड्स और दिल्ली वेवराइडर्स के बीच मुकाबला हुआ। इस बार यूपी टीम एचआईएल में यूपी रुद्राक्ष के नाम से उतरेगी।

### ट्रेनिंग से जुड़े रहेंगे ललित

कुछ दिन पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबलों से सन्यास लेने वाले पूर्व ओलंपियन ललित उपाध्याय भी आज मो. शाहिद स्टेडियम पहुंचे। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक पर कब्जा जमाने वाले ललित ने बताया कि वह हमेशा हॉकी से जुड़े रहेंगे। डिप्टी एसपी के पद पर तैनात ललित उपाध्याय ने बताया कि हॉकी के लिए जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जायेगी, वह उसे उठाने को के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। वह छोटे बच्चों को हॉकी की ट्रेनिंग देते रहेंगे।

# नेता प्रतिपक्ष पर हमला करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई हो

**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय एवं लाल बिहारी यादव पर असामाजिक तत्वों का हमला घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के विरुद्ध पक्षपातहीन कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो अन्यथा ये माना जाएगा कि ये 'हाता नहीं भाता और पीडीए नहीं लुभाता का एक ऐसा प्रकरण है जिसके पीछे सोची-समझी साज़िश रची गयी थी।

सपा प्रमुख ने कहा कि गोरखपुर में 'विरासत गलियारे' में ज़मीन-मकान का मुआवज़ा सहमति से नहीं बल्कि बाज़ार की क़ीमत के हिसाब से देना चाहिए।

**समाजवाद का विरोध करने वाले आरक्षण के विरोधीः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद का विरोध करने वाले संविधान, सामाजिक न्याय, आरक्षण के विरोधी है। जो लोग सियासी नुकसान के डर से संविधान का विरोध नहीं कर पाते है, वह सेकुलर और सोशलिज्म के खिलाफ बोलते है। पीडीए ऐसे लोगों के मंसूबों का पूरा नहीं होने देगा। सपा प्रमुख गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में पहुंचने के लिए तो संविधान की बात करती है लेकिन जब सत्ता में आ जाती है तब संविधान नहीं मानती है।

### समय पर पूरा करें बिजली आपूर्ति सुधार के कार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कहा कि बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए चल रही आरडीएसएस योजना के तहत समय पर कार्य पूरे किये जायं। अध्यक्ष गुरुवार को शक्ति भवन में लाइन हानियां कम करने व आरडीएसएस योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली के ढ़ाचागत विकास के लिए हो रहे कार्यों में गुणवत्ता व मानक दोनों सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में गड़बड़ी की शिकायत आने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष ने कहा है कि जो कंपनियां निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं करेंगी, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जैकसन, लूमिनो, मेराज, मोन्टीकार्लो, एनसीसी, यूनीर्वसल, अशोका आदि कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए नई साप्ताहिक एक्सप्रेस सेवा शुरू

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए शुरू की गई नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ किया। इस मौके पर रेल भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि यह ट्रेन ग्वालियर, गुना, भोपाल सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहाँ से बड़ी संख्या में लोग बेंगलुरु की ओर यात्रा करते हैं।

### पूर्व विधायक अनूप संडा के मामले में दरोगा तलब

**सुलतानपुर:** खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ खाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में आरोपी पूर्व विधायक अनूप संडा समेत अन्य के मामले में गुरुवार को विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत अभियोजन गवाह न आने के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तत्कालीन दरोगा स्वयंबर सिंह को 14 जुलाई को तलब किया है। खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों ने दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक अनूप संडा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### अनाथ बेटी की शादी में गांव बना परिवार

**लहरपुर, सीतापुर:** करुआ कोला गांव में एक अनोखा विवाह समारोह देखने को मिला। एक अनाथ लड़की की शादी पूरे गांव की मौजूदगी में बौद्ध परंपरा के अनुसार सम्पन्न हुई। चाचा ने पिता बनकर सभी रस्में निभाईं, वहीं ग्रामीणों ने रिश्तेदारों की तरह सहभागिता की। गांव निवासी सुमन के माता-पिता का देहांत बचपन में ही हो गया था। तब से उसके चाचा शिवलाल ने उसे बेटी की तरह पाला। अब उन्होंने विवाह की सभी जिम्मेदारियां निभाते हुए राहुल से उसका विवाह कराया।

# ईडी ने सीतापुर में खंगाले उत्तराखंड घोटाले के साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में 2017 में एनएच 74 में भूमि मुआवजे के नाम पर हुए 300 करोड़ के घोटाले की जांच करने ईडी की दो टीमें गुरुवार को उत्तराखंड के पीसीएस अधिकारी के घर सीतापुर पहुंचीं। अफसरों ने पीसीएस अधिकारी के भाई व करीबी से पूछताछ की। कई दस्तावेज और अन्य साक्ष्य कब्जे में लिये जाने की भी खबर है।

वर्ष 2017 में उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में एनएच-74 बनाया गया था, जिसमें भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के नाम पर 300 करोड़ का घोटाला हुआ। इसमें जो केस दर्ज हुआ, उसमे पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह शामिल थे। मामल की जांच एसआईटी को सौंपी गई है। इसे लेकर ईडी की दो टीमें गुरुवार को पीसीएस अधिकारी के भाई नरेंद्र प्रताप सिंह के सीतापुर के महोली इलाके के भुड़िया गांव और बद्दापुर गांव स्थित आवासों पर पहुंचीं। टीम ने सभी को बाहर निकलने से रोक दिया।

सूत्रों की मानें तो साक्ष्य संकलन के बीच कई दस्तावेज कब्जे में लिये गए। हरदोई जनपद की हरियावां चीनी मिल के ट्रांसपोर्टर नरेंद्र प्रताप सिंह से लंबी भी पूछताछ हुई। खबर है कि भुड़िया गांव में भी परिवार के करीबी ट्रांसपोर्टर और पेट्रोल पंप संचालक राजेश सिंह से भी ईडी टीम ने जानकारियां जुटाई। घंटों चली पूछताछ के दौरान इलाका पुलिस ने किसी को भी घरों के करीब जाने नहीं दिया। ईडी की दोनों टीमों द्वारा पूछताछ का क्रम देर रात तक जारी रहा। इलाका पुलिस के अलावा सीआरपीएफ भी मौजूद रही।

- **उत्तराखण्ड के पीसीएस अधिकारी के घर व करीबियों से हुई पूछताछ**
- **वर्ष 2017 में हुआ था 300 करोड़ रुपये का घोटाला**



### आरोपियों की संपत्तियों की हो रही जांच

धनशोधन अधिनियम के तहत टीम जिन आरोपियों की संपत्ति की जांच कर रही है, उनमें सीतापुर निवासी पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह के अलावा विक्रमजीत सिंह, मंदीप सिंह का भी नाम सम्मिलित है। सूत्रों की मानें तो फोन से जुड़ी कड़ियां और अन्य साक्ष्यों के सहारे ईडी सीतापुर पहुंची। टीम ने पुराने साक्ष्यों का हवाला देकर कई दस्तावेजों का मिलान भी कराया।

### एसटीएफ की निगाह में रहा है एक फार्म हाउस

जिले का एक फार्म हाउस एक बड़ी घटना के बाद एसटीएफ के रडार पर आया। सूत्रों की मानें, तो यहां उत्तराखंड और पूर्वांचल के कई शातिरों के रुकने की खबर थी। मुख्य मार्ग के निकट बने फार्म हाउस पर विशेष शाखा की नजर पड़ने के बाद छापामारी होती, शातिर भाग निकले।

# रायबरेली: मेड़ के विवाद में किसान की फावड़े से हत्या

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर मेड़ बांधने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने किसान पर फावड़े से हमला कर दिया। दबंगों ने ताबड़तोड़ वार कर किसान को मरणासन्न कर दिया। परिजनों ने घायल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

क्षेत्र के जमालपुर करौंदी गांव निवासी जगप्रसाद गुरुवार की दोपहर अपने खेत में मेड़ की बंधाई कर रहा था। बताते है कि तभी गांव का ही राम गोपाल अपने लड़के के साथ खेत पर पहुंच गया और मेड़ बांधने से मना करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि रामगोपाल ने अपने बेटे सौरभ समेत अन्य लोगों के साथ जग प्रसाद पर हमला कर दिया। तभी जगप्रसाद का लड़का इंद्रेश कुमार (38) भी मौके पर पहुंच गया। पिता को बचाने का प्रयास किया। इस पर हमलावर हुए दबंगों ने इंद्रेश के सिर पर फावड़े से कई वार कर मरणासन्न कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गए।

# प्रयागराज : टैंकर की टक्कर से आइपीएस के चाचा-दादी की मौत

## पुलिस की वसूली से बचने के लिए भाग रहा था टैंकर चालक

नैनी/प्रयागराज

**अमृत विचार:** कोतवाली नैनी के लेप्रसी चौराहा पर टैंकर चालक ने पुलिस से बचने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में छत्तीसगढ़ में तैनात आइपीएस मयंक मिश्रा के चाचा और दादी की मौत हो गई। घटना की जानकारी पीड़ित परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

छत्तीसगढ़ में तैनात आइपीएस मयंक मिश्रा के चाचा कृष्ण बिहारी मिश्र (50) नैनी के पीडीए कालोनी में परिवार के साथ रहते थे। उनकी मां ऊषा (75) भी साथ रहती थीं। ऊषा का इलाज एसपीजीआई में चल रहा है। गुरुवार सुबह कृष्ण बिहारी मां ऊषा को बाइक से लाकर लखनऊ जाने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे थे। लेप्रोसी चौराहे पर तेज रफ्तार से टैंकर ने उनको टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऊषा दूर जा गिरीं। कृष्णबिहारी का सिर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। बताया जाता कि टैंकर चालक पुलिस की वसूली से बचने के लिए भाग रहा था। इसी के चलते हादसा हो गया। मृतक मूलरूप से रीवा, मध्य प्रदेश निवासी थे। वह मानिकपुर में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक थे। घटना की जानकारी मिलने पर मध्यप्रदेश से परिजन प्रयागराज के लिए चल दिए थे। मृतक कृष्ण बिहारी मिश्र शिक्षक थे जो पत्नी, तीन बेटियों और बेटे के साथ रहते थे।




कृष्ण बिहारी मिश्र व ऊषा मिश्रा की फाइल फोटो।

### घर में घुसी थानेदार की गाड़ी, युवक की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले के हरैया थाना क्षेत्र के परसपुर गांव में प्रभारी निरीक्षक की बोलेरो अनियंत्रित होकर एक घर के बरामदे में घुस गई। जिसकी चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह के वाहन की स्टेयरिंग जाम हो गई थी, जिससे हादसा हुआ। गांव निवासी पंकज कुमार जायसवाल की पत्नी लीला देवी ने बताया कि पति बुरी तरह घायल मिले। पंकज को इलाज के लिए सीएचसी तुलसीपुर जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक पंकज के परिवार में पत्नी के अलावा सात बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे और चार बेटियां हैं।



# कोठरी में बंद होने से बिगड़ रही आजम की हालत : डॉ. तंजीम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** सीतापुर कारागार में निरुद्ध सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां से मिलने उनकी पत्नी और पुत्र पहुंचे। चहारदीवारी के भीतर मुलाकात 35 मिनट तक चली। फिर बाहर निकलकर कहा कि कोठरी में बंद होने से ही हालत बिगड़ रही है। भरोसा केवल अल्लाह पर है, परिवार को किसी से कोई भी शिकायत नहीं है। बुधवार की सुबह आजम खां से मिलने उनकी पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा, पुत्र अदीब और सपा नेता शावेज खान पहुंचे। मिलने से पहले निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। इसी के बाद सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में जेल में दाखिल हुए हैं। जेल से निकलकर डॉ. तंजीम ने कहा कि उनके पति को जेल में दिक्कत है, कोठरी में बंद कर रखा है। इतनी गर्मी पड़ रही है। जिस कारण वो अधिक बीमार हो गए हैं। कहा कि उन्हें किसी से भी कोई शिकायत नहीं है। जमानत के लिए प्रयास कर रहे हैं। अल्लाह से ही उम्मीद है।



कारागार में पति आजम खां से मिलने जातीं पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा व अन्य। अमृत विचार

- **आजम खां से मिलने पहुंचीं पत्नी डॉ. तंजीम, पुत्र अदीब समेत तीन लोग**
- **35 मिनट की मुलाकात के बाद कहा मुझे किसी से शिकायत नहीं**

**खाने के लिए परिवार लाया आम और दवाएं:** आजम खां से मिलने आया परिवार दवाओं के साथ दशहरी आम लाया। कुछ और भी जरूरी सामान था, जिसको लेकर पत्नी तंजीम फातिमा खुद झोला लिये हुए थीं।

# डकैती कांड: एसटीएफ सीओ के बयान दर्ज हुए

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर, मृत विचार:** बहुचर्चित सर्राफा डकैती कांड के आरोपी मंगेश यादव और उसके साथी द्वारा एसटीएफ टीम पर फायरिंग के मामले में दाखिल फाइनल रिपोर्ट पर गुरुवार को सुनवाई हुई। एसटीएफ के तत्कालीन सीओ डीके शाही एसीजेएम प्रथम शुभम वर्मा की अदालत में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। उनके वकील रणशेर सिंह ने बताया उन्होंने रिपोर्ट पर कोई आपत्ति न जताते हुए मुकदमा समाप्त करने की मांग की। कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर आदेश सुरक्षित रखा है। उल्लेखनीय है कि बीते 28 अगस्त को चौक स्थित सराफा व्यवसायी भरत जी सोनी की दुकान में हथियारबंद बदमाशों ने करोड़ों के जेवर लूटे थे। जांच में सामने आया कि जौनपुर निवासी मंगेश यादव और उसका साथी जेवरात लेकर फरार थे। 5 सितंबर 2024 को मिश्रपुर पुरैना के पास एसटीएफ ने जब उन्हें घेरने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में मंगेश की मौत हो गई थी। पुलिस ने मंगेश और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया था, लेकिन साथी का सुराग न लगने और मंगेश की मौत के चलते फाइनल रिपोर्ट दाखिल की गई थी।

# प्रतापगढ़: मां, बेटा व बहू के शव कमरे में पड़े मिले

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लीलापुर थाना अंतर्गत सगरा सुंदरपुर बाजार की यशोदा देवी ने अपनी इकलौती बेटी आशा देवी की शादी रायबरेली कैपरगंज निवासी रमेश पटवा के साथ की थी। आशा मां के घर पर ही रहने लगी और दो साल बाद रमेश से अलगाव हो गया। आशा का 28 वर्षीय बेटा अंकित पटवा घर में नीचे दुकान चलाता था। अंकित के साथ उनकी 25 वर्षीय पत्नी रिया पटवा, मां आशा पटवा (48) और 6 माह का बेटा दूसरी मंजिल पर एक ही बेड पर सो रहे थे। जबकि 70 वर्षीय यशोदा देवी पहली मंजिल पर चारपाई पर लेटी थीं।

**वारदात**
- **मां के साथ ननिहाल में सपरिवार रहता था युवक**
- **मौत की वजह नहीं हो सकी स्पष्ट, हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर हो रही जांच**

बुधवार की रात परिवार के सभी सदस्य घर में मौजूद रहे। गुरुवार की सुबह तड़के जब दूध देने वाला पहुंचा तो आवाज लगाई। बगल के मनोज भी पहुंचे और आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची तो गेट तोड़कर भीतर गए। आगे के कमरे में मनोरोगी यशोदा चारपाई पर पड़ी थी। पुलिस लोगों के साथ दूसरी मंजिल पर पहुंची तो देखा अंकित, उसकी पत्नी रिया व मां आशा बेड पर मृत पड़े थे और मुंह से झाग निकल रहा था। जबकि 6 माह का बेटा मां रिया के शव से लिपट कर रो रहा था। पड़ोसी ने दुधमुंहे बच्चे को गोद में ले लिया। पुलिस ने छानबीन के बाद तीनों शवों को बाहर निकाला गया। कुछ देर बाद एसपी डा. अनिल कुमार भी पहुंचे। पुलिस की पड़ताल में जहरीला पदार्थ निगलने व खाने में जहरीला पदार्थ मिलाये जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की नानी मंदबुद्धि है, इस कारण वह कुछ स्पष्ट बता नहीं पा रही हैं। मौके पर जुटे लोगों में चर्चा रही कि इस घटना की वजह सूदखोरी या जमीनी रंजिश हो सकती है। फिलहाल घटना की हकीकत खंगाली जा रही है।





अंकित व रिया की फाइल फोटो। बच्चे को गोद में लिया युवक व बदहवाश वृद्ध नानी।

> हतप्रभ करने देने वाली घटना रही। मृतकों के मुंह से झाग आ रहा था। ऐसे में जहरीला पदार्थ निगलने से मौत की आशंका जताई जा रही है। परिजनों से पूछताछ की गई। घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। शवों के पोस्टमार्टम के बाद बिसरा प्रिजर्व किया गया है।
> -डा. अनिल कुमार, एसपी

### दुकान में घुसा ट्रक दुकानदार की मौत

**हरदोई/मल्लावां, अमृत विचार।** सीतापुर से आम लाद कर शिवपुरी मध्य प्रदेश जा रहा ट्रक बिलग्राम-कन्नौज रोड पर सड़क के किनारे दुकान में घुसा और वहीं पलट गया। जिससे दुकानदार की नीचे दब कर मौत हो गई। गुस्साए लोग पहुंच गए और ट्रक के ड्राइवर और कंडक्टर को पकड़ कर रस्सी से बांधकर डाल दिया। जिन्हे वहां पहुंची पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया। मल्लावां कोतवाली के जरेरा गांव निवासी रामसनेही (55) की शादी नहीं हुई थी। उसने बिलग्राम-कन्नौज रोड पर गांव के बाहर मकान में ही चाट-पकौड़ी की दुकान खोल रखी थी। गुरुवार की भोर पहर वह अपनी दुकान पर बैठा था। उसी बीच सीतापुर से मध्य प्रदेश जा रहा ट्रक उसके मकान के पास पहुंचा और रामसनेही की दुकान में घुसते हुए उसी पर पलट गया, दबने से अधेड़ रामसनेही की मौत हो गई।

## सार-संक्षेप



सत्यम मिश्रा के परिजनों से मुलाकात करते आप सांसद संजय सिंह।

### सत्यम मिश्रा के परिजनों से मिले संजय सिंह

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** आपा के राज्यसभा सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह के साथ सत्यम मिश्रा के परिजनों से मिले और संवेदना जतायी। उन्होंने एसपी से बात कर हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने का कारण पूछा। उन्होंने जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया। संजय सिंह ने कहा कि जब भाजपा के मंडल मंत्री का ये हाल है तो आम लोगों को कैसे न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हर शोषित वंचित आदमी के साथ खड़ी है। अभिषेक ने इस मामले को मजबूती से उठाया है। न्याय न मिला तो संसद में मामला उठाएंगे।

### पीएम मोदी व सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

**सीतापुर, अमृत विचार :** एक युवक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी। एसओजी की विशेष टीम ने फरीदाबाद से गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार किया। एसपी अंकुर अग्रवाल के अनुसार, 22 जून को दोपहर 2 बजकर 51 मिनट पर एक मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी। इस पर 112 प्रभारी राजकरन ने एफआईआर दर्ज कराई। इसके साथ ही एसओजी की एक टीम को आरोपी को पकड़ने की जिम्मेदारी दी गई। एसओजी ने आरोपी किनौटी गांव निवासी टोनी उर्फ महावीर को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को जेल भेजा गया।

### पहिए में साड़ी फंसने से युवती की मौत

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार दोपहर थाना क्षेत्र के चंदौर गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब चलती बाइक के पहिए में साड़ी फंस गई, जिससे महिला असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फूल कुमार निवासी अरवल, थाना बल्दीराय, अपनी पत्नी खुशबू (22) और एक साल की बेटी आर्या को बाइक से लेकर धनपतगंज क्षेत्र के सेवरा गांव जा रहे थे। रास्ते में चंदौर गांव के पास यह हादसा हुआ। सड़क पर गिरने से खुशबू के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गई। उसकी गोद में बैठी एक वर्षीय बेटी आर्या हादसे में सुरक्षित बच गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे सीएचसी धनपतगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### वायरल ऑडियो के मामले में तीन शिक्षक हुए निलंबित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो क्लिप के मामले में तीन शिक्षकों को निलंबित किया गया है। ऑडियो क्लिप करीब डेढ़ महीने पहले का बताया गया है। जिसमें तीन शिक्षक बीएसए के बारे में अनर्गल वार्ता करते सुनाई दे रहे हैं। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि मामला प्राथमिक विद्यालय कोंची, विकासखंड जयसिंहपुर के प्रधानाध्यापक रामलोचन से जुड़ा है, जिन पर 9 मई को सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत के बाद जांच की गई। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए और तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया गया। बाद में दो अन्य शिक्षकों रवि कुमार सिंह और शरीफ आलम को भी 21 मई 2025 को निलंबित कर दिया गया। तीनों के विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

### लापरवाही बरतने पर दरोगा और सिपाही निलंबित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस कस्टडी से एक बाइक लापता हो जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अमहट चौकी क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद थाने लाई गई, उसकी बाइक अचानक लापता हो गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस की लापरवाही सामने आने पर अमहट चौकी के एक उपनिरीक्षक संतोष पाल सिंह व सिपाही अभिषेक मिश्रा को निलंबित कर दिया, जबकि नगर कोतवाली के हेड मोहर्रिर संजय सोनकर को लाइन हाजिर कर दिया गया है। साथ ही अमहट चौकी में रजत पांडेय को नया चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। 10 जून को अयान हॉस्पिटल, अमहट चौराहे के पास रोडवेज बस की टक्कर से हरखी दौलतपुर थाना बंधुआ कलां निवासी धर्मेन्द्र कुमार की मौत हो गई थी। पुलिस ने मौके से मृतक की बाइक और बस को कब्जे में लेकर थाने भेजा था। परंतु जब मृतक का भाई मनोज गौतम बाइक लेने पहुंचा, तो उसे टाल दिया गया।

### भतीजी से दुष्कर्म में ताऊ को 20 साल कैद

**उन्नाव, अमृत विचार :** चार साल की मासूम भतीजी से दुष्कर्म करने के करीब साढ़े छह साल पुराने मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने आरोपी ताऊ को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाने के साथ उस पर 30 हजार का जुर्माना भी लगाया है। कानपुर जिला के परमट मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी अपने सगे बड़े भाई सुनील कठेरिया पर अपनी चार साल की बेटी से दुष्कर्म किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि काम के सिलसिले में परिवार के साथ वह आदर्श नगर मोहल्ला में किराए का कमरा लेकर रहने आया था। 6 नवंबर-2018 की शाम वह अपने कमरे में था। इसी बीच उसका सगा बड़ा भाई सुनील कठेरिया घर आया और बेटी को अपने साथ चीज दिलाने की बात कहकर ले गया। करीब आधे घंटे बाद वह बेटी को वापस घर लाया तो बच्ची ने इशारा करते हुए अपने नाजुक अंग में दर्द होने की बात बताई। जब उसने पास जाकर देखा तो उसके कपड़ों में खून लगा था। यह देख बड़ा भाई वहां से भाग निकला। इसके बाद उसने सदर कोतवाली जाकर इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उसकी तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मुकदमे के विवेचक तत्कालीन एसएचओ सदर कोतवाली अरुण द्विवेदी ने आरोपी सुनील कठेरिया को गिरफ्तार किया और उसके विरुद्ध साक्ष्य जुटाकर 8 जनवरी-2019 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की। गुरुवार को हुई मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। इसमें आरोपी को दोषी पाया गया।

# गैंगस्टर मामले में भी गवाह से जिरह का मौका खत्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**बहुचर्चित बिकरू कांड**

**अमृत विचार।** बिकरू कांड में शामिल तीन महिलाओं सहित नौ लोगों पर चल रहे गैंगस्टर केस में गुरुवार को एक आरोपी की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह की। शेष आरोपियों की ओर से वकील के उपस्थित न होने पर अदालत ने जिरह का अवसर समाप्त कर दिया। अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी। जबकि छह पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने कुख्यात विकास दुबे सहित 21 नामजद व 50-60 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात विकास दुबे सहित छह बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में मार दिया था।

पुलिस ने 30 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी, जिसमें कोर्ट फैसला सुना चुकी है। पुलिस ने वर्ष 2022 में दो आरोपियों उमाशंकर व विपुल दुबे पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। जिसमें अभियोजन गवाही चल रही है। 19 जनवरी 2023 को चौबेपुर पुलिस ने बिकरू कांड में शामिल तीन महिलाओं सहित नौ आरोपियों क्षमा दुबे, रेखा अग्निहोत्री, शांति देवी, संजय सिंह परिहार, अभिनव तिवारी, अमन शुक्ला, रामजी उर्फ राधे कश्यप, शुभम पाल व विष्णु कश्यप के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए थे। इसकी सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि गुरुवार को अभियोजन गवाह वादी मुकदमा जगदीश प्रसाद पांडेय अदालत में हाजिर हो अपने बयान दर्ज कराए। वहीं आरोपी अभिनव तिवारी की ओर से बचाव पक्ष ने अपनी जिरह पूर्ण की। वहीं अन्य आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष के गवाह से जिरह के लिए अदालत उपस्थित न होने पर अदालत ने उनका जिरह का अवसर समाप्त कर दिया है। अब अदालत ने मामले में अभियोजन के अगले गवाह को तलब कर सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तिथि नियत की है।

**राममंदिर** झूलनोत्सव के लिए सोने-चांदी और रत्न जड़ित झूले का कराया जा रहा निर्माण

# राजा राम के साथ माता सीता भी झूले पर होंगी विराजमान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में इस वर्ष झूलनोत्सव का आयोजन और भी भव्य दिव्य रूप में मनाया जाएगा। पहली बार राजाराम के साथ माता सीता भी झूले पर विराजमान होंगी, जोकि सावन माह के शुक्ल पक्ष में पांच दिन के दिव्य आयोजनों में संपन्न होगा। झूलनोत्सव के लिए सोने-चांदी और रत्न जड़ित झूले का निर्माण कराया जा रहा है।

मंदिर में भूतल पर रामलला के बाद प्रथम तल पर राम दरबार की भी स्थापना हो गई है। आयोजन प्रथम तल पर भी भव्यता के साथ किया जायेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सहयोगी और धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि मंदिर परिसर में सावन को लेकर भी भव्य तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि झूलनोत्सव का और दिव्य आयोजन देखने को मिलेगा। भूतल पर रामलला और प्रथम तल पर राम दरबार की जो उत्सव मूर्ति होगी उन्हें विराजमान कराया जाएगा और पांच दिन तक यह आयोजन चलेगा। इस दौरान भगवान के समक्ष भजन, कीर्तन, गायन का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष रामलला और उनके अनुजों के लिए रत्न जड़ित झूला पहले बनवाया गया था, लेकिन अब उनके लिए भी नये झूले का निर्माण होगा। समय आने पर उत्सव की भव्यता दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि नए झूले के निर्माण के लिए आर्डर दे दिया गया है। फिलहाल अभी कुछ बताना जल्दबाजी होगी।



प्रथम तल पर सजा राजा राम का दरबार।

### सावन शुक्ल पक्ष तृतीया से झूलनोत्सव शुरू

11 जुलाई से सावन माह की शुरुआत हो रही है, जो पहले कृष्ण पक्ष में कावड़ यात्रा की धूम दिखाई देगी। सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मणि पर्वत मेले के भव्य आयोजन के साथ अयोध्या के मंदिरों में झूलनोत्सव प्रारम्भ हो जाएगा। अयोध्या के कुछ मंदिरों में जहां पूरे माह इस उत्सव का आयोजन संपन्न किया जाता है तो वहीं अधिकतर मंदिरों में 13 दिवसीय आयोजन के साथ झूलनोत्सव पर सांस्कृतिक उत्सव और आध्यात्मिक के साथ गीत संगीत का आयोजन संपन्न होगा।

### आज निकलेगी प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में आज शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा मंदिरों से निकलकर रामघाट होते हुए सरयू तक पहुंचेगी। इसको लेकर निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के भी व्यापक के इंतजाम किए गए हैं। प्राचीन जगन्नाथ मंदिर के महंत राघव दास ने बताया कि एक सप्ताह तक भगवान जगन्नाथ को काढ़ा दिया जाता रहा है, शुक्रवार को भगवान स्वस्थ होकर अभिषेक पूजन के बाद अयोध्या भ्रमण पर निकलेंगे।

### अयोध्या में बनेंगे 324 करोड़ की लागत से तीन नए रेलवे ओवरब्रिज

**अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या में यातायात सुविधा बेहतर करने के लिये 324 करोड़ से तीन नए रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाने का प्रस्ताव सेतु निगम ने शासन को भेजा है। तीनों परियोजनाओं की स्वीकृति का प्रयास नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता कर रहे हैं। विधायक ने बताया कि 190 करोड़ रूपये की लागत से गद्दौपुर रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा। मोदहा चौराहा से गद्दौपुर मऊशिवाला मार्ग पर जाने वाले यात्रियों व स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सूर्यकुंड पर वर्तमान रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर 74 करोड़ से एक अन्य टू-लेन रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।

## एक नजर

### भमौरा में खसरे का आउटब्रेक, चार बच्चों में पुष्टि

**बरेली :** नियमित टीकाकरण नहीं कराने पर बच्चे खसरा बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। भमौरा के एक गांव में खसरा का आउटब्रेक हो गया है। गांव चकराहा में चार बच्चों में मिजल्स यानि खसरे के लक्षण मिलने पर सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। रिपोर्ट में पुष्ट होने पर बच्चों को इलाज आरंभ किया गया है। इसके साथ ही रामनगर निवासी एक बच्चा भी खसरे की गिरफ्त में मिला है। इससे स्वास्थ्य अधिकारी भी अचंभित हैं।

### ट्रक गायब कर दर्ज कराई चोरी की फर्जी रिपोर्ट

**बरेली :** महिंद्रा कोटक बैंक के कलेक्शन मैनेजर ने चार लोगों पर लोन पर लिए गए ट्रक को गायब कर चोरी की झूठी रिपोर्ट लिखाने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सिविल लाइंस स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के कलेक्शन मैनेजर दीपक गुप्ता ने आरोप लगाया कि थाना देवरनियां क्षेत्र निवासी फरीदउद्दीन ने एक ट्रक खरीदने के लिए बैंक से 8.60 लाख रुपये का लोन लिया था। जिसमें भूरा शाह और हफीज गारंटर थे। आरोप है कि सभी ने मिलकर ट्रक को किसी अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया और थाना भोट रामपुर में ट्रक चोरी होने की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी लेकिन विवेचना में चोरी की घटना फर्जी पाई गई।

# कर्ज में डूबे परिवार ने खाया जहर, मां व दो बेटियों की मौत

## ब्याज पर लिए छह लाख के कर्ज के चलते गईं तीन जानें

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** बिजनौर के गांव में कर्ज में डूबे परिवार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मां और दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि पिता का मेरठ में इलाज किया जा रहा है।

एसपी देहात विनय कुमार सिंह, चांदपुर सीओ देश दीपक सिंह, नूरपुर थाना प्रभारी जयभगवान सिंह ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों से जानकारी ली। परिवार पर छह लाख कर्ज होने की बात कही जा रही है। जिलाधिकारी ने एसडीएम, सीओ और एक डॉक्टर की जांच समिति गठित की है जो सात दिन में रिपोर्ट देगी। थाना नूरपुर क्षेत्र के गांव टंडेरा में 52 वर्षीय पुखराज सिंह प्रजापति, पत्नी रामेशिया (50), बेटी अनिता (17), दूसरी बेटी सीतो (19)


अस्पताल में भर्ती पुखराज सिंह।

और पुत्र सचिन के साथ रहते थे। गुरुवार सुबह पति-पत्नी और दोनों बेटियों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेटा मजदूरी करने घर से बाहर गया था। चारों की हालत बिगड़ी तो गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को जानकारी दी। पुलिस एंबुलेंस को सूचना देकर गांव पहुंची।

**▸▸ जिलाधिकारी ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति**

करीब आधा घंटा बाद एंबुलेंस पहुंची तो चारों को जिला अस्पताल लाया गया जहां रामेशिया और अनिता को मृत घोषित कर दिया। पुखराज और दूसरी बेटी सीतो को गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया। देर शाम सीतो ने भी दम तोड़ दिया। पुखराज जिंदगी के लिए जंग लड़ रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि मामला आर्थिक तंगी और कर्ज के दबाव से जुड़ा प्रतीत होता है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीड़ित परिवार पर करीब छह लाख रुपये का कर्ज था। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, सभी पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। ग्रामीणों ने भी बताया कि परिवार कर्ज के कारण पूरी तरह टूट चुका था।

## गर्भवती पत्नी की हत्या में पति और दूसरी पत्नी को उम्र कैद

**बरेली :** दूसरी पत्नी के कहने पर पहली गर्भवती पत्नी की हत्या करने के आरोपी थाना शीशगढ़ के ग्राम गिरधरपुर स्थित हाजी आफताब ईंट भट्टा निवासी मुकीम व टांडा बिलासपुर रामपुर निवासी मुकीम की दूसरी पत्नी रीका को परीक्षण में दोषी पाते हुए सेशन कोर्ट ने सश्रम आजीवन कारावास व प्रत्येक को 15-15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। थाना मीरगंज के ग्राम सुजातपुर निवासी मृतका के पिता सादिक मियां ने बताया था कि पुत्री नूरजहां की शादी 15 वर्ष पूर्व मुकीम के साथ की थी। मुकीम ने 17 जून 2023 की रात को मेरी पुत्री की मारपीट कर हत्या कर दी। नूरजहां 6-7 माह की गर्भवती भी थी।

# गड्ढे में गिरी बस, दो यात्रियों की मौत

इटावा, एजेंसी

बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस सैफई क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर गुरुवार तड़के एक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर एक गहरे गड्ढे में जा गिरी। जिससे बस में सवार दो यात्रियों की मृत्यु हो गई, जबकि करीब 50 यात्री घायल हो गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बस में सवार नेपाल निवासी शईदा (22) और बिहार के दरभंगा जिले के रामपुर डीह निवासी मनोज कुमार (52) की मौके पर मौत हो गई। अनियंत्रित बस के पलटकर गहरे गड्ढे में गिरने से बस में सवार यात्रियों में चीख



गड्ढे में गिरी क्षतिग्रस्त बस व घटनास्थल पर मौजूद राहगीर।

**▸▸ ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिरी**

पुकार मच गई। जिसके बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस और राजमार्ग सुरक्षा पुलिस को सूचित किया।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही सैफई थाना पुलिस और राजमार्ग सुरक्षा पैट्रोलिंग कर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंच कर बस मे फंसे यात्रियों को बाहर निकला और घायलों को एंबुलेंस से सैफई मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस बस में लगभग 80 यात्री सवार थे। जिनमें से लगभग 50 यात्रियों के घायल होने की जानकारी मिली है।

# मौत से कई घंटे पहले ही बनवा लिया मां का मृत्यु प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आठवीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक के निर्देश पर कुक के बेटे के खिलाफ पीएसी के शिविरपाल ने थाना कैंट में फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृत्यु प्रमाण पत्र में मृत्यु के समय में करीब 12 घंटे का अंतर दर्शाया गया है।

आठवीं वाहिनी पीएसी के शिविरपाल रामनाथ राणा ने थाना कैंट में तहरीर देकर आरोप लगाया कि चंद्रा देवी कुक के पद पर तैनात थीं। चंद्रा देवी की तबियत 27 फरवरी को सुबह 7.39 बजे अचानक खराब हो गई। पीएसी के कर्मचारियों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां हालत सही नहीं हुई तो लखनऊ के एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया। प्रहलाद सिंह मेहर के कहने पर 28 फरवरी की शाम 5.33 बजे चंद्रा देवी को एसजीपीजीआई से जीवित अवस्था में डिस्चार्ज किया गया। लेकिन डिस्चार्ज होने के बाद चंद्रा देवी की मौत हो गई। इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु करीब डेढ़ दिन पहले की दर्शाई गई है। बताया कि 28 फरवरी को दोपहर में चंद्रा देवी सेवानिवृत्त हुईं थीं। उन्होंने बताया कि नौकरी लेने के चक्कर में फर्जीवाड़ा भी किया जा सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एसडीएम हापुड़ व सीओ नवाबगंज के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू जारी

विधि संवाददाता, बरेली

**▸▸ दो वर्ष पूर्व विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में गवाही देने कोर्ट में हाजिर न होने का मामला**

**अमृत विचार :** दो वर्ष पूर्व विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में गवाही देने कोर्ट में हाजिर न होने पर स्पेशल जज पीसी एक्ट कोर्ट कमलेश्वर पांडेय ने तत्कालीन नायब तहसीलदार दिव्यांशी सिंह और विवेचक गौरव सिंह के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किये हैं। मुकदमे में 8 जुलाई को सुनवाई होगी। दिव्यांशी सिंह वर्तमान में हापुड़ में एसडीएम हैं और गौरव सिंह सीओ नवाबगंज हैं।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि मृतका नीशू के पिता ने थाना अलीगंज के ग्राम इंचैर घूनानगर कैनी निवासी महेन्द्रपाल ने थाना फरीदपुर में तहरीर देकर बताया था कि 8 मई 2023 को बेटी की शादी थाना फरीदपुर के ग्राम जिगिनिया हरचार मुहाल निवासी मोहित के साथ की थी। शादी के बाद से ही नीशू के ससुरालीजन 5 लाख रुपये नगद व एक बुलेट मांगते थे। 19 अगस्त 2023 को पति व ससुरालीजन ने बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने पति मोहित, सास नन्हीं देवी, ससुर महिपाल व ननद खुशबू के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना उपरांत पति व ससुर के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। चार्जशीट में 12 गवाह थे।


हादसे के बाद सड़क पर पड़ा क्षतिग्रस्त ट्रेलर। अमृत विचार

## खाद-बीज की दुकानों पर छापेमारी

**अमृत विचार, बरेली :** जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने दमखोदा ब्लॉक में खाद, बीज और दवा की दुकानों का निरीक्षण किया। कनमन गांव में उर्वरक की दुकान पर बोर्ड पर न तो मूल्य और न ही स्टॉक प्रदर्शित था। इस पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। वहीं दुकान का शटर गिराकर भागने वाले तीन और विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित करने के साथ ही स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं एक दुकान से दो उर्वरक का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि छापेमारी का पता चलने ही कुछ दुकानदार शटर गिराकर भाग गए। गांव कनमन के न्यू गंगवार खाद भंडार, एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप और आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा धैर्य खाद भंडार के निरीक्षण में स्टाक वितरण ठीक मिला।

# पेड़ से टकराकर ट्रेलर में लगी आग, चालक जिंदा जला

संवाददाता, बरेली/देवरनिया

**अमृत विचार :** देवरनियां थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह नैनीताल रोड पर डिवाइडर को पार करते हुए ट्रेलर पेड़ से टकरा गया और आग लग गई। इससे ट्रेलर में फंसे चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने चालक के शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

झारखंड के जमशेदपुर निवासी शिबू खाटी (38) ट्रेलर में लोहे के गर्डर लेकर उत्तराखंड जा रहा था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे देवरनियां थाना क्षेत्र में आला हजरत डिग्री कॉलेज के पास ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए रोड के दूसरी ओर जाकर पेड़ से टकरा गया। इस दौरान इंजन से निकली चिंगारी से ट्रक के केबिन में आग लग गई, जिसमें जिंदा जलकर शिबू कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने चालक के परिजनों को सूचित कर दिया है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### नींद की झपकी में हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार अधिक दूर से चालक ट्रेलर लेकर आ रहा था। इसकी वजह से चालक को झपकी आ गई होगी और ट्रेलर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया, जिस वजह से घटना हो गई। चालक के परिवार में वह अकेला कमाने वाला था। परिजन देर रात बरेली पहुंच गए।


**आस्था** ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा उत्सव की पूर्व संध्या पर जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ को देखने पहुंचे श्रद्धालु। ● एजेंसी

# मारपीट से बचने को पति की शराब में मिलाई नींद की गोलियां, मौत

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

**▸▸ बिलासपुर का मामला, आरोपी पत्नी गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** पति की रोजाना मारपीट से बचने के लिए पत्नी ने उसकी शराब में नींद की गोलियां मिला दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

सर्किल क्षेत्र के खजुरिया थाने के गांव धावनी बुजुर्ग के मझरे कंचनपुर निवासी पेशे से मजदूर देवकी नंदन की 21 जून की रात सोते हुए किसी समय मौत हो गई थी। अगले दिन की सुबह इसका पता चला। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई गंगाराम ने अपनी भाभी विमलेश पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मृतक की आरोपी पत्नी को उसकी ससुराल से गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी महिला ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी को लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं और करीब ढाई साल का एक बेटा भी है। उसका पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ मारपीट करता था, जिससे वह तंग आ चुकी थी। 10 दिन पहले उसने अपने पति से ही किसी बहाने से नींद की गोलियां मंगवा कर रख ली थीं। बीती 21 जून की शाम उसका पति मजदूरी करके घर लौटा और साथ में बाजार से चिकन व शराब लेकर आया था। उसने चुपके से पति की शराब की बोतल में नींद की 4 गोलियां मिला दीं। उसका इरादा पति की मारपीट से बचना व उसे सुलाना था, लेकिन रात में किसी समय उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के बाद थाने में दर्ज गैर-इरादतन हत्या के मामले में आरोपी महिला का चालान कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेजा गया है।

# अलकनंदा में गिरी मिनी बस, तीन की मौत, 9 लापता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में गुरुवार को चारधाम यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ धाम जा रही मिनी बस (टेंपो ट्रेवलर) अनियंत्रित होकर उफनाई अलकनंदा नदी में समा गई।

बस में चालक समेत 20 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई जबकि 9 श्रद्धालु लापता हैं। आठ लोग घायल हैं। बस चालक का दावा है कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से बस बेकाबू



घायल यात्रियों को हेलीकॉप्टर द्वारा एम्स ऋषिकेश ले जाया गया। एजेंसी

होकर नदी में जा गिरी थी। हादसा रुद्रप्रयाग और गौचर के बीच घोलतीर गांव के पास हाइवे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मोड़ पर सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। पुलिस को इसकी सूचना करीब 7:50 बजे मिली। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय कोंडे ने बताया कि

### लापता श्रद्धालु

रवि भवसार (28), संजय सोनी (55) और सुशीला सोनी (77) निवासी उदयपुर राजस्थान, मौली सोनी (19) निवासी गुजरात, ललित सोनी (48) निवासी राजस्थान, मयूरी (24) निवासी गुजरात, चेतना सोनी (52) निवासी राजस्थान, चेष्टा (12) निवासी गुजरात, कट्टा रंजना अशोक (52) निवासी महाराष्ट्र।

**▸▸ रुद्रप्रयाग में हादसा, आठ लोग घायल, ट्रक की टक्कर लगने से बस हुई अनियंत्रित**

31 सीटर मिनी बस में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे। वहीं, जिस समय बस पहाड़ी से टकराकर नदी में गिरी तो उससे पहले आठ श्रद्धालु छिटक कर नदी में गिरने से बच गए। इनमें बस चालक समेत चार गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मिनी बस नदी में समाकर लापता हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति,गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।
4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।
6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।
7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।
8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।
3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।
5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।
7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना



### वर्ग पहेली -13 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 भो | | | 2 च | | |
| | ज | | 3 छ | पा | का | |
| | 4 क | चो | ट | ना | | |
| | | | क | | 5 शा | ना |
| | 6 सा | 7 नु | ना | सि | क | |
| | | जू | | | भा | |
| 8 कॉ | ल | म | | | जी | |

### सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 6 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | 1 | 2 | 4 | |
| | 9 | | | 2 | | | 3 | |
| 9 | | | 7 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| 5 | | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 4 | | | 8 | |
| | 2 | 1 | 9 | 8 | | 7 | | |
| 8 | | 7 | | 3 | | 9 | | |

### सुडोकू - 20 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया-11.19 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 07.22 तक तत्पश्चात पुष्य।


**मेष** आज अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है। किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं। किसी को बिना मांगे राय न दें।


**वृष** आज आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुए मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें। जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। अचानक धन लाभ हो सकता है।


**मिथुन** आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। पेट खराब होने की सम्भावना है।


**कर्क** आज पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी।


**सिंह** आज मानसिक अशांति के कारण एकाग्रता में कमी हो सकती है। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आंख-मूंदकर विश्वास न करें। आपका फोन खराब हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।


**कन्या** आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियां मिल सकती है। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की संभावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।


**तुला** आज आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। आज बहुत सारा समय आत्ममंथन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापार में कुछ कमी महसूस होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी।


**वृश्चिक** आज अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नई ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। अजनबियों से अपने मन की बातें शेयर न करें। गृहकार्यों में पूरा ध्यान नहीं दे पायेंगे। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।


**धनु** आज धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें। ऑनलाइन पेमेन्ट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।


**मकर** आज नई वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।


**कुंभ** आज समाज में आपको मान-सम्मान की चिंता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नई व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिए।


**मीन** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हंसी-मजाक भरा समय बितायेंगे। मानसिक तनाव और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पाचन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# सेंसेक्स 1000 अंक चढ़ा, बाजार झूमा

## भू-राजनीतिक तनाव कम होने और बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया।

प. एशिया में तनाव कम होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 304.25 अंक बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अडाणी पोर्ट्स, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई।



● अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी बाजार को मिला समर्थन

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प. एशिया में शांति के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार 1% से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ, जिसके पीछे वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही।

### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स में तीन सत्र में 1,859.08 अंक या 2.27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200.71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700.57 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई में 2,097 शेयर में तेजी आई, 1,900 में गिरावट आई तथा 156 शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### क्षेत्रवार सूचकांकों में भी रही बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 1.88 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.68 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

### एफआईआई ने 2427 करोड़ के शेयर बेचे

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18% बढ़कर 67.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,427.74 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,372.96 करोड़ के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर और निफ्टी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर रहा था।

## द्वैधाधिकार मॉडल: बढ़ता व्यापारिक रुझान

द्वैधाधिकार (दोहरी लाइसेंसिंग) एक व्यापारिक रणनीति है, जिसमें कोई कंपनी एक ही सॉफ़्टवेयर या उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंसों के तहत जारी करती है। आमतौर पर एक ओपन-सोर्स और दूसरा व्यावसायिक। यह मॉडल तकनीकी कंपनियों, विशेष रूप से सॉफ़्टवेयर विकास में आम है। इससे कंपनियों को उत्पाद की व्यापक स्वीकार्यता और व्यावसायिक लाभ दोनों मिलते हैं। उद्यमी ओपन-सोर्स संस्करण को मुफ्त में अपनाकर उत्पाद का मूल्य समझ सकते हैं, जबकि व्यावसायिक संस्करण उन कंपनियों के लिए होता है जिन्हें अतिरिक्त सुविधाएं, समर्थन या सुरक्षा चाहिए होती है।



### क्या है द्वैधाधिकार

द्वैधाधिकार- एक ही उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंस शर्तों पर उपलब्ध कराना। सामान्यत:, एक ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत सॉफ्टवेयर को सार्वजनिक रूप से मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है, जबकि दूसरा- प्रोप्रायटरी या वाणिज्यिक लाइसेंस- भुगतान आधारित सुविधाओं और सेवाओं के साथ आता है। यह रणनीति तकनीकी स्टार्टअप्स, सॉफ़्टवेयर कंपनियों और ओपन-सोर्स परियोजनाओं में व्यापक रूप से अपनाई जाती है।

### इस रणनीति से फायदे

- **बाजार विस्तार :** ओपन-सोर्स से उत्पाद का प्रसार, जिससे उपयोगकर्ता समुदाय बनता है।
- **राजस्व सृजन :** वाणिज्यिक लाइसेंस के माध्यम से कंपनियां राजस्व प्राप्त कर सकती हैं।
- **फीडबैक और सुधार :** फ्री उपयोगकर्ता फीडबैक देते हैं, जिससे उत्पाद बेहतर होता है।
- लचीली ग्राहक सेवा : ग्राहकों के अनुसार सेवाएं और सुविधाएं कस्टमाइज करना।

### जोखिम को समझें

- **लाइसेंस भ्रम :** ग्राहकों को ओपन-सोर्स व वाणिज्यिक लाइसेंस की शर्तों में भ्रम होता है।
- **कस्टमर कन्वर्जन चुनौती :** सभी मुफ्त उपयोगकर्ता भुगतान ग्राहक नहीं बनते।
- **सुरक्षा** : ओपन-सोर्स संस्करण के कोड सार्वजनिक होने से साइबर जोखिम बढ़ सकता है।
- **कानूनी जटिलता :** लाइसेंस उल्लंघन पर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

**किन क्षेत्रों में प्रभावी :** आईटी कंपनियां, एंटरप्राइज सॉफ़्टवेयर कंपनियां, साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता, डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म

## रेपो दर में 0.50% कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक :आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है।

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक 6 जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50% की कटौती के कुछ ही दिन में अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।

● प्रमुख नीतिगत दर रेपो को केंद्रीय बैंक ने 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है

इसी महीने रेपो दर में 0.50% की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 1% की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के 3% तक लाने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक के जून के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी फिर 20 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गुरुवार को 2% की तेजी आई और कंपनी की पूंजी (मार्केट कैप) फिर 20 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी का शेयर 1.90% की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14% चढ़कर 1,498.70 रुपये पहुंचा था। एनएसई पर शेयर 1.90% चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,837.9 करोड़ बढ़कर 20,23,375.31 करोड़ हो गया।

## ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बनेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत अगले 6-7 वर्षों में ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन जाएगा। गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। सरकार एथनॉल, बायोडीजल, इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन को प्रोत्साहित कर रही है।

गडकरी ने कहा कि ईंधन बदलने से न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि लॉजिस्टिक लागत भी कम होगी। नई सड़कें बनाने और ईंधन में बदलाव से हमारी लॉजिस्टिक लागत एकल अंक में होगी और चालू वर्ष के अंत तक घटकर नौ प्रतिशत तक आ जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि नई सड़कें बनाने और ईंधन में बदलाव से आपकी लॉजिस्टिक्स लागत एकल अंक में यानी नौ प्रतिशत पर आ जाएगी और यह इस साल के अंत तक होगा। मंत्री ने कहा कि नवीनतम सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत की लॉजिस्टिक लागत में 6% की कमी आई है। आज दुनिया में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है, अमेरिका और यूरोपीय देशों में यह 12% है और भारत में यह 16% है, लेकिन अब चीजें तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मंत्री ने वैकल्पिक ईंधन या जैव ईंधन अपनाने की भी अपील की और कहा कि यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य है। गडकरी ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।



● केंद्रीय मंत्री बोले- ईंधन बदलने से प्रदूषण के साथ लॉजिस्टिक लागत भी होगी कम

## सीतारमण ने की गिफ्ट आईएफएससी की समीक्षा

**अहमदाबाद।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) का दौरा किया और इसकी प्रगति की समीक्षा की।

सीतारमण ने प्रमुख बाजार सहभागियों से बात की। समीक्षा बैठक में गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, वित्त सचिव, डीईए के सचिव, वित्त मंत्रालय व कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सभी विभागों के सचिव और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर शामिल हुए।



### एक नजर

#### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। माओवादियों के माड़ डिवीजन के नक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।

#### शिअद नेता मजीठिया को सतर्कता रिमांड में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की अदालत ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को 7 दिन की सतर्कता रिमांड में भेज दिया। सतर्कता ब्यूरो ने 540 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ से अर्जित धन के शोधन में गिरफ्तार किया था। अदालत में पेश करने से पहले पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया जो प्रदर्शन कर रहे थे।

#### पंजाब, हरियाणा और उप्र में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने खालिस्तानी नेटवर्क की जांच के लिए गुरुवार को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में छापेमारी की। एनआईए ने सुबह तीनों राज्यों में 18 स्थानों को खंगाला। मोबाइल, डिजिटल उपकरण और दस्तावेजों समेत कई आपत्तिजनक सामग्री मिले है। एनआईए के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के कार्यकर्ता कुलबीर सिद्धू, गैंगस्टर मनीष उर्फ काका राणा और उनके सहयोगियों के परिसरों पर तलाशी ली गई।

# हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं

## भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में गृह मंत्री शाह बोले- किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीय भाषाओं की सखी है और देश में किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सभी राज्य सरकारों से चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने की पहल करने भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कामकाज में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा, मेरा विश्वास है कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति के स्वाभिमान को और बढ़ा सकती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से सभी को मुक्ति मिलनी चाहिए और जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा या अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।



उन्होंने कहा, किसी भाषा का विरोध नहीं है। किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा का गौरव बढ़ाने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा बोलने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा में सोचने की ललक होनी चाहिए। शाह ने कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। शाह ने कहा, भारतीय भाषाओं को जीवंत रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है। हमें आने वाले दिनों में सभी भारतीय भाषाओं, विशेषकर राजभाषा के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

### मादक पदार्थ तस्करों पर प्रहार कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थ को युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बताते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। शाह ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत की लड़ाई में शामिल योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नशीले पदार्थ हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। इस खतरे से निपटने के लिए पूरी मोदी सरकार काम कर रही है, 'नार्को-कार्टेल' पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह दिन नशीले द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ देश के संकल्प को और मजबूत करेगा।

## भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश : उद्धव

**मुंबई, एजेंसी**

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और महाराष्ट्र में भाषाई आपातकाल लगा रही है।

उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मराठी भाषी राज्य में हिंदी भाषा थोपे जाने के खिलाफ जरूर है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने के मुद्दे पर जारी विवाद के बीच उन्होंने कहा कि हम किसी भाषा का विरोध या उससे नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।



● उद्धव बोले- मराठी भाषी राज्य में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ

उन्होंने अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा का गुप्त एजेंडा हिंदी को थोपने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया कि सत्तारूढ़ पार्टी भाषाई आपातकाल लगा रही है।

## एक साथ चुनाव के मुद्दे पर संसदीय समिति के सामने पक्ष रखेंगे दो पूर्व सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वाले विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे। एक सूत्र ने गुरुवार को बताया कि संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति की अगली बैठक 11 जुलाई को तय है, जब समिति के सदस्य दोनों पूर्व सीजेआई से बात करेंगे। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईएम सुदर्शन नचियप्पन, जो कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भी हैं और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री एम वीरप्पा मोइली भी समिति के समक्ष उपस्थित होंगे। यह 39 सदस्यीय समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे से संबंधित दो विधेयकों की जांच कर रही है, जिसमें संविधान में संशोधन करने वाला विधेयक भी शामिल है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति का कार्यकाल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया गया है।





### बचपन की मस्ती



गुजरात के राजकोट में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने इसे खेल का अवसर बना लिया और पानी भरे सड़को पर मस्ती करते नजर आएं। एजेसी

## सीबीआई का 42 ठिकानों पर छापा, नौ हिरासत में

**देहरादून/नई दिल्ली, अमृत विचार।** सीबीआई ने 700 से अधिक बैंक शाखाओं में 8.5 लाख ऐसे फर्जी या निष्क्रिय खातों का पता लगाया है, जिनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी वाले निवेश और यूपीआई-आधारित धांधली से कमाई के लिए हो रहा था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि इन खातों पर कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्र के तहत राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नौ संदिग्धों (दिल्ली से 3, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान से 2-2) को हिरासत में लिया गया, जिनमें कथित बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं। इन पर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है।

## वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता को लेकर गलतफहमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा के बारे में गलतफहमी है और अक्सर मध्यस्थता का मतलब यह माना जाता है कि दोनों पक्षों को एक साथ रहना होगा।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह ने एक स्थानांतरण याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, वैवाहिक मामलों में हमने पाया गया कि मध्यस्थता की अवधारणा को लेकर गलतफहमी है। जैसे ही हम मध्यस्थता की बात करते हैं, उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ रहने को कह रहे हैं। हमें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे साथ हैं या अलग। हम बस मामले का हल चाहते हैं। हम चाहेंगे कि वे साथ रहें। सुप्रीम कोर्ट ने वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम, 2015 का उल्लेख किया, जिसमें मुकदमे से पहले मध्यस्थता और समाधान का प्रावधान है। पीठ ने कहा, वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम में भी आपको इससे गुजरना होता है।



### कर्नाटक पुलिस की याचिका पर सुनवाई को शीर्ष सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपी की हिरासत से जुड़े आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा खारिज करने के खिलाफ राज्य पुलिस की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमत जताई। हाईकोर्ट ने ये कहते हुए हिरासत से जुड़े अधीनस्थ अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था कि आरोपी को गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया था। न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। विशेष अनुमति याचिका और स्थगन अर्जी पर नोटिस जारी करें।

### न्यायालय ने चिकित्सकों की याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है और उसने शहर से बाहर स्थानांतरण के खिलाफ दायर चिकित्सकों की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के.विनोद चंद्रन की पीठ ने यह उल्लेख किया कि यदि चिकित्सकों का बेंगलुरु से बाहर तबादला किया गया है तो इसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं है। बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है। कर्नाटक के अन्य क्षेत्र भी विकसित हैं। आप समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग हैं। यदि आप स्थानांतरण का विरोध करेंगे तो दूसरों का क्या होगा। हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

## संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी की समीक्षा होनी चाहिए: आरएसएस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान करते हुए कहा कि इन्हें आपातकाल के दौरान शामिल किया गया और ये आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं थे।

आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा, बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द नहीं थे। आपातकाल के दौरान जब मौलिक अधिकार निलंबित हुए, संसद काम नहीं कर रही थी, न्यायपालिका पंगु हो गई थी, तब ये शब्द जोड़े गए। इस मुद्दे पर चर्चा हुई लेकिन प्रस्तावना से उन्हें हटाने का प्रयास नहीं किया गया। इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार होना चाहिए। प्रस्तावना शाश्वत है।

## दीघा रथयात्रा : श्रद्धालुओं को रथ खींचने की अनुमति नहीं: ममता

**दीघा, एजेंसी**

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि शुक्रवार को नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से शुरू होने वाली रथयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को एक किलोमीटर के जुलूस मार्ग पर बैरिकेड्स के पीछे खड़ा होना होगा और उन्हें देवताओं के रथों की रस्सियों को खींचने के लिए सड़कों पर आने की अनुमति नहीं होगी।

उत्सव की योजना और देखरेख के लिए दीघा शंकरपुर विकास प्राधिकरण (डीएसडीए) के अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और इस्कॉन के संन्यासियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक के बाद ममता ने कहा कि तीर्थयात्रियों को रथ की रस्सियों को छूने का अवसर मिलेगा, जिन्हें बैरिकेड्स के साथ रखा जाएगा। हम श्रद्धालुओं को रथ खींचने के लिए सड़कों पर उतरने की अनुमति नहीं दे सकते, क्योंकि इससे अराजकता हो सकती है।

### भगवान के नाम का दुरुपयोग

**कोलकाता/पुरी।** ममता बनर्जी ने कहा कि पुरी जगन्नाथ मंदिर के प्रति उनकी आस्था है। वहीं गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने प. बंगाल सरकार पर भक्ति के बजाय व्यावसायिक लाभ के लिए भगवान जगन्नाथ के नाम का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। दीघा में नवनिर्मित मंदिर का नाम जगन्नाथ धाम रखे जाने पर ओडिशा सरकार की आपत्तियों पर बनर्जी ने कहा कि भाजपा की प्रतिक्रिया, वह न तो समझ पाई, न कुछ बोल पा रही हैं।

# शीर्ष चार बल्लेबाजों ने जगाई स्वर्णिम भविष्य की उम्मीदें

## महज एक मैच से फैसला नहीं लिया जा सकता, पहले टेस्ट में बहुत कुछ सकारात्मक रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

महज एक मैच से ही कोई फैसला नहीं लिया जा सकता लेकिन भारत ने निश्चित रूप से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में संन्यास ले चुके सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी महसूस नहीं की और शीर्ष चार खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत बनाए रखा। रोहित और कोहली की कमी को पूरा करने में कितना समय लगेगा? यह सवाल हेडिंग्ले में शुरुआती टेस्ट से पहले चर्चाओं का विषय रहा।

नए कप्तान शुभमन गिल के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में रिकॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान करके ड्रेसिंग रूम का सम्मान हासिल किया। उन्होंने नंबर चार पर खेलते हुए शानदार शतक बनाया और मेहमान टीम ने दो पारियों में पांच शतक बनाए लेकिन फिर भी मैच हार गए क्योंकि भारत का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह से जसप्रीत बुमराह पर निर्भर है।

केएल राहुल ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया जिससे निकट भविष्य के लिए उनके बल्लेबाजी स्थान पर बहस बंद हो गई। उन्होंने दिखाया कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का तरीका क्या है। उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे की शुरुआत में यादगार शतक लगाया था और इंग्लैंड में अपनी पहली पारी में यही दोहराया। गिल ने जिस तरह


कप्तान शुभमन गिल ने शतक लगा इरादे जता दिए थे। बुमराह ने भी एक पारी में पांच विकेट लिए। ● एजेंसी

से अपने पैरों का इस्तेमाल किया, उसे खेल के महान खिलाड़ियों ने भी देखा जिसमें पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी शामिल थे जो उनके सुधार से हैरान थे। गांगुली ने हाल में पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों के 'मूवमेंट' को देखकर बहुत खुश हूं। उनके पैरों में बहुत सुधार हुआ है। शुभमन ने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया और कोई गलती नहीं की।

पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत ने परिपक्वता और तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट में दो शतक बनाने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पहली पारी में एक सहज गेंद पर आउट हो गए लेकिन दूसरी पारी में टिककर खेले। उम्मीद है कि उन्हें लंबे समय तक मौका दिया जाएगा और यही बात करुण नायर पर भी लागू होती है। लेकिन भारत को गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण विभाग में बहुत सुधार करना होगा, लेकिन बल्लेबाजी अभी ठीक लगती है।

पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा रोहित और कोहली के संन्यास के बाद बदलाव हुआ है या नहीं, हम सीरीज के अंत में बता पाएंगे। उन्होंने कहा बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन कोई हैरानी की बात नहीं है क्योंकि वे अनुभवी क्रिकेटर हैं। गिल, यशस्वी, पंत, राहुल सभी बेहतरीन हैं और लंबे समय से खेल रहे हैं। राहुल जब टेस्ट क्रिकेट में इस तरह से खेलते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं। कुलदीप यादव को शामिल करने की चर्चाओं के बावजूद प्रसाद एजबेस्टन में अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करना चाहते। पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने कहा शार्दुल ठाकुर को इसलिए चुना गया क्योंकि उन्होंने पिछले दौरों पर इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया था। मैं उन्हें एक और मौका देना चाहूंगा। पर निचले क्रम को बल्ले से और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। इंग्लैंड में कुछ यादगार पारियां खेलने वाले भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी बल्लेबाजों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा ज्यादातर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इसके अलावा आपके पास तीन बेहतरीन बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और देवदत्त पडीक्कल हैं जो टीम का हिस्सा भी नहीं हैं। वेंगसरकर ने कहा मुख्य बल्लेबाज फॉर्म में हैं और मुझे यकीन है कि करुण और साई भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।


ऋषभ पंत।

# ऋषभ पंत से अश्विन ने कहा कृपया दोहरे शतक लगाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के 'औसत' आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए।

भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े, लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं- रनों के हिसाब से नहीं। इंग्लैंड के क्षेत्ररक्षण के समय को बढ़ाएं और उन्हें मैदान पर रखने के समय को भी बढ़ाएं। उन्होंने कहा मैं एक बात कहूंगा - घबराएं नहीं और बहुत अधिक बदलाव नहीं करें। भारत अगले टेस्ट में श्रृंखला बराबर कर सकता है। लेकिन अगर हम इंग्लैंड की रणनीति को नहीं समझते हैं तो यह श्रृंखला बहुत जल्दी हमारे से दूर जा सकती है। अश्विन ने कहा कि चौथे दिन जल्दी आउट होने के बाद मैच भारत के हाथ से फिसल गया। उन्होंने कहा जब आपने पांचवें दिन तक बल्लेबाजी जारी नहीं रखी तो खेल खत्म हो गया। इंग्लैंड की इस टीम ने खुलकर यह प्रचार किया है कि वे लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे हासिल करने के लिए जाएंगे। पंत के मैच में दो शतक की प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी से उनकी तुलना करना उचित नहीं है क्योंकि धोनी ने कभी भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की।



### इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को टीम में शामिल किया

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड ने दो जुलाई से भारत के खिलाफ यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए बृहस्पतिवार को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया। आर्चर पिछले कई वर्षों से अपने गेंदबाजी वाले हाथ में कोहनी से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट चार साल से भी अधिक समय पहले भारत के खिलाफ अहमदाबाद में खेला था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा दाएं हाथ का यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज फरवरी 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड के टेस्ट ढांचे में वापसी कर रहा है और एजबस्टन में अपने 13 टेस्ट मैच की संख्या में इजाफा करने की कोशिश करेगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, हैरी ब्रूक, जो रूट, बेन डकेट, जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, सैम कुक, जैकब बेथेल, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, ब्राइडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## एक नजर


ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग को आउट करने के बाद जश्न मनाते हुए।

### वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट किया

**ब्रिजटाउन :** वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट करने के बाद चार विकेट जल्दी गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 57 रन बनाए थे। ब्रेंडन किंग पदार्पण करते हुए 23 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई जो वेस्टइंडीज में उसका न्यूनतम स्कोर है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए लेकिन शामार जोसेफ सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ उस्मान ख्वाजा (47), ट्रेविस हेड (59) और कप्तान पैट कमिंस (28) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

### रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ किया नया करार

**लिस्बन :** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ दो साल का नया करार किया है जिसके बाद वह अपने 42वें जन्मदिन के बाद तक सऊदी प्रो लीग क्लब के साथ बने रहेंगे। पुर्तगाल के 40 वर्षीय कप्तान मैनचेस्टर यूनाइटेड को खराब परिस्थितियों में छोड़ने के बाद दिसंबर 2022 में रियाद स्थित टीम में शामिल हुए थे। उनका पिछला अल-नासर करार जून के अंत में समाप्त होने वाला था। एक्स पर एक पोस्ट में, रोनाल्डो ने लिखा एक नया अध्याय शुरू होता है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं।



### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 से जीत हासिल की।

# सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में हुआ सफल आपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दायें ओर खेल हर्निया का सफल आपरेशन हुआ।

34 वर्ष के सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा- लाइफ अपडेट : पेट के निचले दायें ओर खेल हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है। यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा आपरेशन था। इससे पहले 2023 में उनके टखने का आपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी।



आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाए हालांकि मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की।

# धवन बने लेखक, लिखे अपने संस्मरण

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है। जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढाव और खामोश पल भी रहे।

इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है।


● धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया

प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है।

इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। दिल्ली में पले बढे धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाये हैं। उन्होंने किताब में लिखा जब मैं भारतीय टीम में अपने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी, पर प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था। उन्होंने लिखा टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है। धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है मैं उसे एक बालीवुड मूवी में देखना चाहता था।

# आईसीसी ने नए डब्ल्यूटीसी चक्र में 'स्टॉप क्लॉक' शुरू की

**दुबई, एजेंसी :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक' नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर' पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा।

**श्रीलंका और बांग्लादेश टेस्ट से शुरू :** यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी। आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा।

**एक मिनट में दूसरा ओवर शुरू करना होगा :** आईसीसी ने कहा क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा।

**गेंद में लार का नियम :** इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार आईसीसी अब गेंद पर लार दिखने की स्थिति में अंपायरों के लिए गेंद को बदलना अनिवार्य नहीं करता। गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध अब भी लागू है।

**अंपायरों का फैसला :** आईसीसी ने निर्देश दिया कि मैदानी अंपायर के 'आउट' के फैसले की दूसरी बार समीक्षा करते हुए भी अंपायर का फैसला 'आउट' ही माना जाएगा। उदाहरण के लिए अगर कोई बल्लेबाज विकेट के पीछे कैच आउट के मैदानी अंपायर के फैसले को चुनौती देता है और उसे नॉट आउट करार दिया जाता है और रीप्ले में दिखता है कि गेंद पैड से टकराई थी तो टीवी अंपायर देखेगा कि बल्लेबाज पगबाधा है या नहीं। ऐसी स्थिति में अंपायर का फैसला 'आउट' ही माना जाएगा और अगर रीप्ले में 'अंपायर्स कॉल' आती है तो बल्लेबाज को 'आउट' ही करार दिया जाएगा।

# इटावा के डॉ. अजीत यादव बनाए गए डीपीआरओ

**भरथना (इटावा)।** पैरालंपिक मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर डॉ. अजीत सिंह यादव को प्रदेश सरकार द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है।



तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला विधी (साम्हों) के मूल निवासी भाला फेंक के खिलाड़ी डॉ. अजीत सिंह यादव ने बताया कि इससे पहले वह मुंबई में आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उप्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के तहत चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर उनकी पंचायतीराज विभाग में जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है। डॉ. अजीत सिंह ने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर से खेल एवं शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

# अपने खेल में बदलाव पर काम कर रहीं सिंधू

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। वह बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल में जगह बना सकीं। यहां चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए सिंधू


● संयम और ताकत का तालमेल बैठाने की कवायद चल रही

ने कहा महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है। उन्होंने कहा हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। सिंधू ने कहा बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है।

# 24 घंटे सूरज की रोशनी में गुलजार होंगे फुटबॉल मैदान

नुउक (ग्रीनलैंड), एजेंसी

यूं तो ग्रीनलैंड साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है, लेकिन जून से अगले तीन महीने यहां 24 घंटे सूरज की रोशनी रहती है। जिसका इंतजार फुटबॉल के दीवाने यहां के लोगों को बेसब्री से रहता है ताकि वे अपना पसंदीदा खेल देख सकें या मैदान पर अपना हुनर दिखा सकें।

करीब 56 हजार की आबादी वाले द्वीप में 10 प्रतिशत यानी करीब 5600 लोग पंजीकृत फुटबॉल खिलाड़ी हैं। जून की शुरुआत में जब मध्य अमेरिका, उत्तर परिसंघ और कैरेबियाई फुटबॉल संघ (कोंकाकाफ) ने मिलकर ग्रीनलैंड फुटबॉल संघ का सदस्य बनने का आवेदन खारिज कर दिया तो यहां के फुटबॉलप्रेमियों को करारा झटका लगा। खनिजों से भरे और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप पर कब्जा करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड

## ग्रीनलैंड


● साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है ग्रीनलैंड लेकिन जून से अगले तीन महीने तक 24 घंटे रहती है सूरज की रोशनी

ट्रंप की ख्वाहिश के चलते कुछ लोगों ने इसके लिए राजनीति को दोषी ठहराया। कोंकाकाफ फीफा के अधीन छह उपमहाद्वीपीय महासंघों में से एक है। नाटो सहयोगी डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों की फटकार के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य बल के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं का कहना है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है और उन्होंने अर्ध-स्वायत्त डेनमार्क के क्षेत्र पर अमेरिका द्वारा खुफिया जानकारी जुटाने की रिपोर्टों की निंदा की है।

ग्रीनलैंड फुटबॉल टीम के कप्तान पैट्रिक फ्रेडरिकसेन ने हालांकि कहा कि यह फैसला आर्थिक कारणों से लिया गया है। उन्होंने कहा हम सभी को पता है कि ग्रीनलैंड यात्रा करना कितना कठिन है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका से ग्रीनलैंड की सीधी उड़ान यहां पहुंची। न्यूजर्सी से नुउक तक का एक तरफ का टिकट 1200 डॉलर है। बाकी उड़ाने आइसलैंड या कोपेनहेगन होकर आती हैं। इन सभी के बीच यहां के निवासियों की फुटबॉल को लेकर दीवानगी कम नहीं हुई है। अगले तीन महीनों में जब तापमान पांच से दस डिग्री सेल्सियस के करीब होगा, वे फुटबॉल खेलने में अधिकांश समय बिताना चाहते हैं। एक खिलाड़ी एंगुटिमारिक क्रेउत्जमैन ने कहा हम पूरी रात फुटबॉल खेलेंगे। अंधेरा नहीं होने वाला है तो हमारे पास समय ही समय है।

नुउक में एक क्लब के कोच आस्कर स्कॉट कार्ल ने कहा आपको यहां एक मैच देखना चाहिए। इतने सारे लोग इसे देखने के लिए जुटते हैं। इससे देश में एकजुटता की भावना आती है। सर्दियों के लंबे मौसम में अधिकांश खिलाड़ी फुटसाल खेलते हैं जो एक खास तरह की गेंद से हैंडबॉल कोर्ट पर खेला जाने वाला इंडोर फुटबॉल खेल है। इसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

## बोनालु समारोह



तेलंगाना के हैदराबाद स्थित गोलकुंडा किले में आषाढ़ मास बोनालु समारोह के दौरान देवी काली की पोशाक में एक कलाकार की प्रस्तुति। बोनालु तेलंगाना की देवी महाकाली पर केंद्रित एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है जो आषाढ़ मास में हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों के साथ राज्य के अन्य हिस्सों में भी प्रतिवर्ष मनाया जाता है। एजेंसी

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन
# आसमान में चमत्कार

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक क्रांतिकारी उपलब्धि होने के साथ विज्ञान, तकनीक, सहयोग और मानव क्षमताओं का प्रतीक है। इसे अमेरिका की नासा, रूस की रॉस्कोमॉस, यूरोपीय संघ की ईएसए और जापान की जाक्सा समेत कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने मिलकर बनाया है। इस तरह ये अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का भी प्रतीक है जो दिखाता है कि वैज्ञानिक लक्ष्य राजनीतिक सीमाओं से ऊपर हो सकते हैं। आईएसएस सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगशाला है, जहां मानव शरीर पर अंतरिक्ष का प्रभाव, दवाओं और टीकों का विकास, गुरुत्वहीनता में द्रवों और गैसों का व्यवहार और ऐसे जैविक, भौतिक और रासायनिक प्रयोग किए जाते हैं जो पृथ्वी पर संभव नहीं हैं। इन प्रयोगों से पृथ्वी पर जीवन सुधारने और भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं को आसान बनाने में मदद मिलती है।



### अत्याधुनिक लैब और तमाम उपकरण

अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और रूस की लैब, 250 केवी बिजली पैदा करने वाला सोलर पैनल, शक्तिशाली रोबोटिक आर्म, इनवायरोमेंटल कंट्रोल सिस्टम, कम्यूनिकेशन सिस्टम, ऑब्जर्वेशन डेक, एक्सप्रेस रैक, ड़ॉकिंग सिस्टम समेत 15 से ज्यादा मॉड्यूल और करीब दो दर्जन प्रणालियां इसे चलता-फिरता अंतरिक्ष शहर बनाते हैं।

### भविष्य के मिशनों की तैयारी

आईएसएस को एक ट्रेनिंग और टेस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग किया जाता है। मंगल या चंद्रमा मिशन के लिए तकनीक की जांच की जाती है। अंतरिक्ष यात्रियों को लंबी अवधि के मिशन के लिए यहीं तैयार करने के साथ जीवन रक्षक तकनीकों का भी परीक्षण किया जाता है। आईएसएस 2000 से ज्यादा दिन से इंसानी उपस्थिति बनी हुई है जिसका मतलब है कि इंसान लंबी अवधि तक अंतरिक्ष में रह सकता है।

### शैक्षिक भूमिका व तकनीकी विकास

आईएसएस से अंतरिक्ष यात्री धरती पर स्कूली छात्रों, वैज्ञानिकों और आम लोगों से संवाद करते हैं। इससे उनकी विज्ञान में रुचि बढ़ती है और स्पेस एजुकेशन को बढ़ावा मिलता है। आईएसएस के लिए बनाई गई तकनीकों का इस्तेमाल धरती पर भी होता है। इनमें जल शुद्धिकरण प्रणाली, ऊर्जा कुशल प्रणालियां और दूरसंचार और सौर पैनल तकनीक शामिल हैं। लगातार नई प्रणालियां विकसित की जा रही हैं।

### फुटबॉल ग्राउंड जितना आकार

आईएसएस का निर्माण सन् 1998 में शुरू हुआ था। इस पर पहला इंसानी मिशन 2000 में हुआ। फुटबॉल ग्राउंड जितना बड़ा आईएसएस स्थापित करने पर करीब 150 अरब डॉलर की लागत आईथी। इसकी गति 28,000 किमी घंटा है, यह हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है। इसे 2030 तक सक्रिय रखने की योजना है। इसके बाद के लिए निजी स्पेस स्टेशन और चंद्रमा की कक्षा में लूनर गेटवे जैसे विकल्प तैयार किए जा रहे हैं।

### दिलचस्प तथ्य

- आईएसएस हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है, अंतरिक्ष यात्री दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।
- अंतरिक्ष में सबसे महंगा घर है। इसकी अनुमानित लागत 150 अरब डॉलर यानी 12 लाख करोड़ रुपये है। ये सबसे महंगा मानव निर्मित ढांचा है।
- वजन 420,000 किलोग्राम है और इसका आकार फुटबॉल मैदान जितना है। इसमें 6 से 10 यात्री रह सकते हैं।
- अंतरिक्ष यात्रियों का पेशाब और पसीना फिर पीने योग्य पानी में बदला जाता है। नासा का मजाकिया नारा है- यस्टर्डेज कॉफी इस टूमारोज कॉफी।
- पृथ्वी से 400 किमी ऊंचाई पर स्थित आईएसएस पर वर्ष 2001 में एक रूसी कंपनी ने पिज्जा डिलीवर किया था जो पहली स्पेस डिलीवरी थी।
- आईएसएस से पृथ्वी की लाखों तस्वीरें खींची गई हैं। नासा अक्सर इन्हें इमेज ऑफ द डे में शेयर करता है। यहां 3000 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग हो चुके हैं।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में 10 प्रतिशत की गिरावट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम हमले के कारण पिछले साल की तुलना में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में इस साल 10.19 प्रतिशत की गिरावट आई है। सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा, पहलगाम में घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद कमी आई। उपराज्यपाल ने कहा कि हमला होने से पहले करीब 2.36 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षाबलों द्वारा उठाए गए कदमों से तीर्थयात्रियों में विश्वास लौट रहा है।

### वियतनाम में आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड समाप्त

**हनोई।** वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत सरकार को हटाने की कोशिश, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेने में मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया।

### दिलजीत की 'सरदार जी 3' पाकिस्तान में रिलीज होगी

**कराची।** दिलजीत दोसांझ की पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' को पाकिस्तान में रिलीज की मंजूरी मिल गई है। पाकिस्तानी अभिनेत्री हनिया आमिर के अभिनय करने पर विवाद खड़ा होने के बाद ये फिल्म भारत में रिलीज नहीं हुई है। कराची में सबसे बड़े प्रदर्शक नदीम मांडवीवाला ने कहा, फिल्म को सेंसर बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। भले पाकिस्तान में भारतीय फिल्मों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध है, लेकिन इस फिल्म के निर्माताओं में एक जैन वाली पाकिस्तानी हैं।

### गाजा में इजराइली हमले में 18 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल बलाह।** इजराइल ने बृहस्पतिवार को मध्य गाजा में हमला किया जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमले के समय लोगों की भीड़ फलस्तीनी पुलिस से आटे की बोरी ले रही थी, जिसे राहत सामग्री लूटने वाले गिरोहों से जब्त किया था। गाजा में करीब ढाई महीने तक सभी खाद्य सहायता को अवरुद्ध करने के बाद इजराइल ने थोड़ी मात्रा में आपूर्ति की अनुमति दी है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य पदार्थों का वितरण सशस्त्र गिरोहों द्वारा सहायता सामग्री वाले ट्रकों को लूटने से बाधित हुआ है।

# अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा : खामेनेई

## युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता का पहला बयान, कहा- हमने इजराइल पर विजय प्राप्त की

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल-ईरान के बीच हालिया युद्धविराम के बाद बृहस्पतिवार को अपने पहले सार्वजनिक बयान में दावा किया कि उनके देश ने इजराइल पर जीत हासिल की है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है।

खामेनेई ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में यह टिप्पणियां कीं। ईरान के सर्वोच्च नेता ने किसी भी अन्य अमेरिकी हमले के खिलाफ भी चेतावनी दी। इजराइली सेना की तेहरान पर बमबारी के बाद 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान 86-वर्षीय खामेनेई ने एक गुप्त स्थान पर शरण ली थी। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर उसने हस्तक्षेप नहीं किया, तो यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है।

खामेनेई ने सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरानी मिसाइल हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, इस्लामिक गणराज्य विजयी हुआ और उसने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा। खामेनेई ने चेतावनी दी, भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई दोहराई जा सकती है। ईरान की क्षेत्र में स्थित प्रमुख अमेरिकी अड्डों तक पहुंच है और जब भी वह आवश्यक समझे, वह कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा, यदि कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई को 13 जून को युद्ध छिड़ने के बाद एक गुप्त स्थान पर शरण लेने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया।

इजराइल ने ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किया था और शीर्ष सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। बाद में अमेरिका ने 22 जून को बंकर-बस्टर बमों से ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बाद युद्धविराम की घोषणा की, जो मंगलवार को प्रभावी हुआ।

ईरान में 13 जून से अब तक इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गये हैं और 4,870 अन्य घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख हुसैन करमनपुर ने 'एक्स' पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी तेहरान और पश्चिमी ईरान के करमनशाह में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य प्रभावित प्रांतों में खुजेस्तान, लोरेस्तान, इस्फहान, मरकजी, पूर्वी अजरबैजान, हमेदान, ज़ांजन और गिलान शामिल हैं। इजराइली हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए। इनमें ईरानी परमाणु वैज्ञानिक सेदिघी सबर भी शामिल हैं।



तेहरान में इजराइली हमले में मारे गए अर्धसैनिक बल के सदस्य के जनाजे में शामिल लोग।

### दशकों से एक-दूसरे के दुश्मन हैं अमेरिका और ईरान

**वाशिंगटन।** ईरान के परमाणु स्थलों पर हाल में हुए अमेरिकी हमलों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है। यह बेहतर साबित हो सकता है या फिर और भी बुरा। लगभग आधी सदी के दौरान दुनिया ने दोनों देशों के बीच दुश्मनी के कई दौर देखे हैं। ईरान के लिए जहां अमेरिका सबसे बड़ा शैतान है तो वहीं अमेरिका की नजर में ईरान पश्चिम एशिया में फसाद की जड़ है। हालांकि इस दौर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लहजे में एक बदलाव भी दिखा जब उन्होंने कहा, ईश्वर ईरान का भला करे। यह बदलाव इस सप्ताह ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका की भीषण बमबारी, कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के जवाबी लेकिन संयमित हमले और इजराइल-ईरान युद्ध में ट्रंप की ओर से किए गए अस्थायी युद्ध विराम के बाद आया है।

### इजराइल-ईरान युद्धविराम से स्थाई शांति संभव नहीं

**येरूशलम।** ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कंजर्वेटिव सदस्य रिचर्ड बाल्फ ने कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम से सैन्य कार्रवाइयों में कमी आ सकती है लेकिन इससे स्थाई शांति समझौते की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात कहा था कि इजराइल और ईरान युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं जो 24 घंटे बाद से प्रभावी होगा और और इससे 12 दिनों के युद्ध का आधिकारिक अंत हो जाएगा। बाल्फ ने कहा, अगर यह काम करता है तो यह अच्छी खबर है, लेकिन चूंकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को बहुत नापसंद करते हैं, इसलिए इससे सैन्य कार्रवाई समाप्त हो सकती है लेकिन स्थायी समाधान की संभावना नहीं है।

# कश्मीरी बच्चों को पीड़ित बताने के पाकिस्तानी बयान पर भारत का पलटवार

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान की कश्मीर पर राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का पुरजोर खंडन किया है और इस्लामाबाद को संयुक्त राष्ट्र के बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक बताया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने बुधवार को सीएएसी एजेंडे पर एक बहस के दौरान बोलते हुए भारत को बदनाम करने और संयुक्त राष्ट्र प्रक्रियाओं को पटरी से उतारने के पाकिस्तान के अनुचित प्रयासों को खारिज कर दिया। हरीश ने यह बात पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद के उस बयान पर कही जिसमें उन्होंने कश्मीरी बच्चों'' का उल्लेख किया था जिन्हें जम्मू-कश्मीर में पीड़ित बताया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए इस्लामाबाद पर मानवाधिकार उल्लंघनों, विशेष रूप से बच्चों से जुड़े उल्लंघनों से ध्यान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है।



- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा- सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघनकर्ता है पाकिस्तान

### संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का दिया उदाहरण

राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को दर्ज किया गया है। इनमें स्कूलों, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूलों, स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले और अफगान बच्चों को प्रभावित करने वाली सीमा पार हिंसा की घटनाएं शामिल हैं। राजदूत ने कहा, मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा की गई राजनीतिक रूप से प्रेरित टिप्पणियों का जवाब देने के लिए बाध्य हूं, जो सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघन करने वालों में से एक है।

# पांच साल बाद भारतीय जत्था कैलाश मानसरोवर पहुंचा

बीजिंग, एजेंसी

भगवान शिव का निवास माने जाने वाले कैलाश पर्वत और मानसरोवर की पूजा-अर्चना के लिए तिब्बत रवाना हुआ भारतीय तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बृहस्पतिवार को पवित्र स्थल पर पहुंचा। चीन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर प्रसन्नता हुई कि तीर्थयात्रियों का पहला जत्था चीन के शिजांग (तिब्बत) स्वायत्त क्षेत्र में मपाम युन त्सो (मानसरोवर) झील पर पहुंच गया है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए गए 36 तीर्थयात्रियों का जत्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे पांच वर्ष के अंतराल के बाद इस पवित्र स्थान पर आने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों का पहला समूह हैं। पूर्वी लद्दाख गतिरोध के बाद भारत और चीन के बीच चार साल से अधिक समय तक द्विपक्षीय संबंधों में गर्मजोशी नहीं रही।

पिछले साल रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच बैठक के बाद दोनों देश संबंधों को फिर बहाल करने पर सहमत हुए थे। कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर शुरू करना दोनों देशों का संबंधों को सामान्य करने की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है।



- भारत में चीन के राजदूत ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी

# मध्य अफ्रीकी गणराज्य के स्कूल में विस्फोट, भगदड़ में 29 बच्चों की मौत

**बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य)।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी के एक उच्च विद्यालय में हुए विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में कम से कम 29 स्कूली बच्चों की मौत हो गई और करीब 260 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

- खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करते समय हुआ विस्फोट, 260 से ज्यादा लोग घायल

देश के राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को बांगुई के बार्थेलेमी बोगांडा उच्च विद्यालय के परिसर में लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद उसमें विद्युत आपूर्ति बहाल की जा रही थी और उसी दौरान विस्फोट हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट के बाद मची भगदड़ में 16 छात्राओं समेत ज्यादातर पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य की मौत अस्पताल में हुई। मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 260 लोग घायल हुए हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के समय, परीक्षाओं में शामिल होने के लिए स्कूल में करीब 5,000 विद्यार्थी मौजूद थे।

# बाढ़ से हिमाचल प्रदेश और जम्मू में 8 की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कई हिस्सों में मानसून के रफ्तार पकड़ने के बीच बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने कई इलाकों में तबाही मचा दी, जिससे पुल, सड़कें और मकान बह गए तथा कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई।

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने, अचानक बाढ़ और भारी बारिश ने कहर बरपाया। कांगड़ा जिले में बुधवार को अचानक आई बाढ़ से प्रभावित इंदिरा प्रियदर्शिनी जलविद्युत परियोजना स्थल से दो और शव बरामद होने के साथ ही मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। कांगड़ा की एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बृहस्पतिवार को बताया कि मृतकों की पहचान जम्मू-कश्मीर निवासी चैन सिंह, चंबा निवासी आदित्य ठाकुर और उत्तर प्रदेश निवासी प्रदीप वर्मा और चंदन के रूप में हुई है। इस घटना में लापता कुछ व्यक्तियों को बचा लिया गया है, लेकिन अधिकारियों ने बचाए गए या लापता लोगों की सही संख्या स्पष्ट नहीं की है।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात तक 250-275 श्रमिक स्थल पर मौजूद थे और सभी को खनियारा स्थित आंबेडकर भवन में अस्थायी आश्रय प्रदान किया गया है। एनडीआरएफ के कमांडेंट बलजिंदर सिंह ने कहा कि वे उन लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जिनके बाढ़ के दौरान परियोजना स्थल से बह जाने की आशंका है। हिमाचल प्रदेश के मनाली और बंजार से भी अचानक बाढ़ की खबरें हैं।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिले के विभिन्न इलाकों में बृहस्पतिवार को बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के कालाकोट उपमंडल के सियालसुई मौ गांव में एक नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण शफकत अली (14) और उसकी चचेरी बहन सफीना कौसर (11) डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में फंसी साइमा (10) को स्थानीय स्वयंसेवकों ने बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि बच्चे मवेशी चरा रहे थे कि तभी बादल फटने के कारण आई बाढ़ में वे बह गए। दुनाडी गांव निवासी बशारत हुसैन (32) का शव एसडीआरएफ की एक टीम ने डोडा में लोपा नदी से निकाला।



कुल्लू में बिलखते मृतकों के परिजन।

- बादल फटने की घटनाओं से दूसरे दिन भी तबाही, कई पुल, सड़कें और मकान पानी में बहे

# नेपाल: उच्च सदन में ओली सरकार अल्पमत में आई

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में एक प्रमुख मधेसी पार्टी ने प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से औपचारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है, जिससे सरकार नेशनल असेंबली (उच्च सदन) में अल्पमत में आ गई है।

हालांकि, उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी, नेपाल के इस फैसले से गठबंधन सरकार पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त संख्याबल है। ओली की पार्टी ने कहा कि उन्हें जेएसपी के समर्थन वापस लेने का कोई कारण नहीं दिखता। जेएसपी ने 23 और 24 जून को आयोजित पार्टी की कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया।

जेएसपी के उपाध्यक्ष शिवलाल थापा ने बताया, अब कुछ दिनों में पार्टी अपने संसदीय दल की बैठक बुलाएगी और फिर संसद के अध्यक्ष को अपने फैसले से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार का नेतृत्व संभालते समय ओली ने भ्रष्टाचार खत्म करने, सुशासन सुनिश्चित करने, आर्थिक प्रगति लाने और संविधान में संशोधन करने का वादा किया था।



- प्रमुख मधेसी सरकार ने गठबंधन से वापस लिया समर्थन

## विमान हादसा

### कोई रो तक नहीं पा रहा था, कोई बेटे के शव की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने को नहीं हुआ तैयार

# विमान यात्रियों का जो हाल हुआ, मुश्किल से स्वीकार कर पाए परिजन

## त्रासदी झेल रहे परिवारों को समझाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज में बनाई गई थी मनोचिकित्सकों की टीम

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद मृतकों के परिजनों की मदद के लिए तैनात किए गए मनोचिकित्सकों ने बताया कि कई लोग अपने परिवार के सदस्य की मौत की बात को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे थे। मनोचिकित्सकों ने बताया कि उन्हें इन लोगों की मदद के लिए किन परिस्थितियों में काम करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि पत्नी की मौत से भावनात्मक रूप से टूट चुका एक व्यक्ति रो तक नहीं पा रहा था, क्योंकि उसने मौत को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया था। एक पिता अपने बेटे की पहचान के लिए डीएनए जांच कराने के लिए तैयार नहीं हुआ। चालक दल के एक सदस्य का परिवार डीएनए पुष्टि के लिए सात दिन तक इंतजार करने के कारण भावनात्मक रूप से टूट गया।

मनोचिकित्सकों ने कहा कि ये सिलसिला 12 जून को लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से जारी रहा। दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और आसपास मौजूद 29 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे ने शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया। कई लोगों के लिए यह अनुभव उनकी कल्पना से अधिक कष्टदायक था। अफरातफरी के बीच बीजे मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। पांच सीनियर रेजिटेंड और पांच परामर्शदाताओं की टीम को अस्पताल के कसौटी भवन, पोस्टमॉर्टम बिल्डिंग और सिविल अधीक्षक कार्यालय में 24 घंटे तैनात किया गया ताकि त्रासदी से मानसिक आघात का सामना कर रहे परिवारों को सहारा दिया जा सके।

बीजेएमसी की डीन और मनोचिकित्सा प्रमुख डॉ. मीनाक्षी पारीख ने कहा, दुर्घटना अकल्पनीय थी। खबर सुनने वाले लोग इतने परेशान थे, हम उन लोगों के परिवार के सदस्यों की मनःस्थिति की कल्पना भी नहीं कर सकते जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। दुर्घटना की भयावह तस्वीरें प्रसारित होने के साथ ही स्तब्ध, हताश, और उम्मीद लगाए परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। एक अकेले जीवित बचे व्यक्ति का जिक्र सुनकर कई लोगों ने बताया कि वह उनका प्रियजन हो सकता है। डॉ. उर्विका पारीख ने कहा, लोग सच्चाई को मानने से पूरी तरह इनकार कर रहे थे। उन्हें समझाना बहुत मुश्किल था।



### सीवीआर-एफडीआर के डेटा की जांच पूरी, जल्द सामने आ सकती है हादसे की वजह

**नई दिल्ली।** दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर्स (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर्स (एफडीआर) का डेटा लैब में निकाल लिया गया है, जल्द ही इसका निष्कर्ष सामने आने की संभावना है। नागर विमानन मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि दुर्घटना के बाद एएआईबी ने 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। सीवीआर 13 जून और एफडीआर को 16 जून को बरामद किया गया था जिसे 24 जून को वायुसेना के विमानों से दिल्ली लाया गया। फ्रंट ब्लैक बॉक्स और रियर ब्लैक बॉक्स अलग-अलग समय एएआईबी लैब दिल्ली लाए गए जहां शाम को एएआईबी के महानिदेशक के नेतृत्व में एएआईबी और एनटीएसबी के तकनीकी सदस्यों के साथ टीम ने डेटा निष्कर्षण प्रक्रिया शुरू की। फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से पुनर्प्राप्त किया गया। मेमोरी मॉड्यूल को 25 जून को सफलतापूर्वक एक्सेस कर इसका डाटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया था। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार सीवीआर और एफडीआर डाटा का विश्लेषण जारी है।